वर्ष-31, अंक- 313, पृष्ठ-12 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
30 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### सनकी बाप ने की पत्नी व बेटी की हत्या

**बेतला।** जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव में एक पति ने अपनी पत्नी और तीन साल के बेटे की निर्मम हत्या कर फरार हो गया है। जब इसकी जानकारी छिपादोहर थाना के प्रभारी थाना प्रभारी रितेश कुमार राव को मिली तो वे सदल बल मौके पर पहुंचे। घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू की। प्रभारी थाना प्रभारी रितेश कुमार राव ने बताया कि घटना स्थल पर पहुंचने पर पता चला कि गणेशपुर निवासी मोहनलाल उरांव का अपनी पत्नी सोनामणि देवी के साथ कुछ बातों को लेकर घरेलू झगड़ा हुआ। बात इतनी बढ़ गयी कि पति मोहनलाल उरांव ने अपने पत्नी सोनामणि देवी एवं अपने तीन साल के बेटे सूरज उरांव को नुकीले व धारदार हथियार से हत्या कर फरार हो गया।

### गुरुग्राम के मेदांता ले जाए गए मंत्री हफीजुल हसन

**रांची।** राज्य के जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी को बेहतर इलाज के लिए शुक्रवार को रांची के एचईसी पारस हॉस्पिटल से गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया। उन्हें एयर एंबुलेंस में दिल्ली ले जाया गया है। मंत्री हफीजुल के साथ उनके भाई और बेटा मौजूद थे। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन 28 अगस्त 2025 को मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत बिगड़ गई थी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




**स्व. रामदास सोरेन के 'संस्कार भोज' में विधायक कल्पना सोरेन संग सीएम हेमंत सोरेन हुए शामिल**

# शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर जताई गहरी संवेदना

- सीएम ने तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि
- ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

नवीन मेल डेस्क







**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ शुक्रवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे स्व. रामदास सोरेन के 'संस्कार भोज' में सम्मिलित होने के लिए जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित उनके आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री सोरेन ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना जताई। मुख्यमंत्री ने परमात्मा से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने दिवंगत रामदास सोरेन की धर्मपत्नी सूरजमनी सोरेन एवं उनके पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन तथा अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा उन्हें ढांढ़स बंधाया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा, आज हम सभी लोग मंत्री स्व. रामदास सोरेन जी के आवास पर पहुंचे हैं। गुरुजी के निधन के महज कुछ दिनों के बाद ही रामदास सोरेन का भी आकस्मिक निधन हुआ। इन दोनों विभूतियों का परलोक गमन अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामदास सोरेन का राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन राज्य के लिए एक मिसाल रहा है। वे शिक्षा और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। उनकी कार्यशैली और सादगी ने उन्हें जनता के बीच विशेष स्थान दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी अनुपस्थिति लंबे समय तक महसूस की जाएगी। सरकार और पार्टी स्व. रामदास सोरेन के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से स्व. रामदास सोरेन के चाहने वाले एवं उनके सगे-संबंधी यहां पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। हमारी ओर से भी स्व. रामदास सोरेन जी को शत शत नमन।

विनम्र श्रद्धांजलि। 'संस्कार भोज' में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, राज्य सरकार के कई मंत्री, ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, जमशेदपुर के भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो और कई प्रमुख लोग शामिल हुए। इनके आलावा, हजारों की संख्या में लोगों ने दिवंगत रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि रामदास सोरेन का निधन ब्रेन स्ट्रोक की वजह से 15 अगस्त की रात दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया था।

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर रांची में मेगा खेल महोत्सव का हुआ आगाज**

# खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति योजना पर किया जा रहा पुनर्विचार : सुदिव्य

- 300 से अधिक खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल डेस्क




**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुक्रवार को रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में राज्य सरकार और खेल विभाग की ओर से तीन दिवसीय मेगा खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मौके पर पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, विभागीय सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर सहित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पूर्व व वर्तमान खिलाड़ी मौजूद थे। महोत्सव के पहले दिन शुक्रवार को राज्यभर के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। मंच पर कुछ खिलाड़ियों और कोचों को प्रतीकात्मक रूप से सम्मानित किया गया। खेल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, 300 से अधिक खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को कैश अवार्ड वितरित किए गए। इसके लिए विभाग ने 3 करोड़ रुपए से अधिक का बजट निर्धारित किया था। कार्यक्रम के दौरान खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कदम उठा रही है। खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति योजना पर पुनर्विचार किया जा रहा है और जल्द ही इसमें बदलाव कर इसे और प्रभावी बनाया जाएगा। खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा, राज्यभर के खिलाड़ियों को एक समान मापदंड के तहत सम्मान और अवसर मिलना चाहिए। सरकार की कोशिश है कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को न केवल पुरस्कार मिले, बल्कि उन्हें करियर निर्माण के अवसर भी प्राप्त हों। आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं, ओलंपिक तक का सफर तय करेंगे। मेगा खेल महोत्सव के पहले दिन स्टेडियम का माहौल पूरी तरह उत्सवमय था। खेल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह आयोजन सिर्फ सम्मान समारोह तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य राज्य की खेल संस्कृति को नई ऊर्जा देना है। अगले दो दिनों तक खिलाड़ियों के बीच विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाएं, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है खेल दिवस

राष्ट्रीय खेल दिवस हर वर्ष 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। यह दिन मेजर ध्यानचंद की उपलब्धि को समर्पित है। हॉकी के गढ़ झारखंड में इस दिन का महत्व और भी ज्यादा हो जाता है। रांची का जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम ऐसा स्थान है, जहां से कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा की उड़ान भरी है।

**सीएनटी एक्ट के उल्लंघन से जुड़े मामले में सीबीआई कोर्ट का फैसला**

# झारखंड के पूर्व मंत्री एनोस एक्का सहित 10 दोषी करार

- एनोस की पत्नी मेनन एक्का भी पाई गई दोषी
- सजा के बिंदु पर आज की जाएगी सुनवाई

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट (सीएनटी एक्ट) के उल्लंघन से जुड़े 15 वर्ष पुराने मामले में रांची स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने शुक्रवार को राज्य के पूर्व मंत्री एनोस एक्का सहित 10 लोगों को दोषी करार दिया। अदालत ने सीबीआई के सभी आरोप सही पाए। जिन लोगों को दोषी करार दिया गया है, उनमें एनोस एक्का की पत्नी मेनन एक्का, रांची के तत्कालीन भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्तिक कुमार प्रभात भी शामिल हैं। इसके बाद दोषी करार दिए गए आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 30 अगस्त 2025 की तिथि तय की है। इस मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक प्रियांशु सिंह ने की। अदालत में दलीलों और गवाहों के आधार पर यह साबित हुआ कि जमीन खरीदने-बेचने में सीएनटी एक्ट का खुला उल्लंघन हुआ है। सिमडेगा निवासी एनोस एक्का वर्ष 2005 से 2008 के बीच अर्जुन मुंडा और बाद में मधु कोड़ा सरकार में मंत्री रहे। उनपर आरोप था कि मंत्री रहते उन्होंने पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी पते का इस्तेमाल कर बड़े पैमाने पर आदिवासी जमीन की खरीद-फरोख्त की। रांची के तत्कालीन एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात ने उनकी मदद की। प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से यह सौदे किए गए। सीबीआई की जांच में सामने आया था कि मार्च 2006 से मई 2008 के बीच एनोस एक्का की पत्नी मेनन एक्का के नाम पर विभिन्न इलाकों में जमीन खरीदी गई। इसमें हिनू में 22 कट्ठा, ओरमांझी में 12 एकड़, नेवरी में 4 एकड़ और चुटिया के सिरम टोली मौजा में 9 डिसमिल भूमि शामिल है। ज्ञात हो कि छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट, 1908 ब्रिटिश शासन के दौरान लागू हुआ था। इसका उद्देश्य आदिवासी समुदाय की जमीन की सुरक्षा करना है। इस कानून के तहत आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों को बेचना, गिरवी रखना या स्थानांतरित करना प्रतिबंधित है।

# कांके में सड़क हादसा, मां-बेटी की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**पिठौरिया।** कांके-पतरातू मुख्य मार्ग पर तिग्गा पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की सुबह करीब 7:15 बजे सीमेंट मिक्सर लदे ट्रक ने स्कूटी सवार मां-बेटी को अपनी चपेट में ले लिया। इससे चूड़ी टोला कांके निवासी रश्मि कच्छप (उम्र 36) और उनकी बेटी (उम्र 3.5) की मौके पर ही मौत हो गई। बेटी संत मेरी स्कूल में पढ़ती थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, सुबह स्कूल बस छूटने पर मां अपनी बेटी को लेकर स्कूल जा रही थी, तभी सीमेंट मिक्सर लदे ट्रक (जेएच 02 बीएच 5243) ने स्कूटी (जेएच 01 एफयू 6053) पर सवार मां-बेटी को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों के अनुसार रश्मि कच्छप अपनी बेटी इशिका लकड़ा को लेकर स्कूटी से रांची की ओर जा रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। मृतका रश्मि के पति सोहिल लकड़ा बीएसएफ के जवान हैं। वे टेनिंग के लिए साउथ अफ्रीका में हैं। रश्मि रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो-साइकेट्री एंड एलायड साइंसेज (रिनपास) की नर्स बताई जाती हैं।

इधर, घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सुबह लगभग 8:00 बजे सड़क जाम कर दिया। परिवार के एक सदस्य को रिनपास में नौकरी, सरकारी मुआवजा आदि मिलने के कांके विधायक सुरेश बैठा, रिनपास निदेशक डॉ अमूल रंजन सिंह, सीओ अमित भगत व थाना प्रभारी प्रकाश रजक के लिखित आश्वासन के बाद दिन में 10:30 बजे जाम हटा। मौके पर कांके पुलिस, विधायक, अंचल की ओर से अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग दिया गया।

**भारत-जापान स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप**

# साझेदारी का नया खाका है तैयार 10 ट्रिलियन येन निवेश का लक्ष्य

- टोक्यो में जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में बोले पीएम मोदी



**टोक्यो (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने शुक्रवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-जापान के बीच स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रतिबद्धता जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत प्रधानमंत्री इशिबा के गर्मजोशी भरे स्वागत और आत्मीय शब्दों के लिए आभार व्यक्त करते हुए की। उन्होंने कहा कि आज की चर्चा 'उपयोगी और उद्देश्यपूर्ण' रही। उन्होंने कहा कि भारत और जापान न केवल दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, बल्कि जीवंत लोकतंत्र भी हैं। और, ऐसे में उनकी साझेदारी केवल द्विपक्षीय हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने कहा, मजबूत लोकतंत्र, बेहतर विश्व व्यवस्था गढ़ने के लिए स्वाभाविक साझेदार हैं। प्रधानमंत्री ने आगे बताया कि दोनों देशों ने आज अपनी साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखी है और आने वाले दशक के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया गया है। इस साझा दृष्टिकोण में निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी सहयोग, स्वास्थ्य सेवाएं, गतिशीलता, जन-से-जन संपर्क और राज्यों व जापानी प्रीफेक्चर्स के बीच साझेदारी जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा, भारत ने अगले दस वर्षों में जापान से 10 ट्रिलियन येन निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह कदम दोनों देशों की प्रतिबद्धता और विश्वास को दर्शाता है। पीएम मोदी ने बताया कि सतत विकास की दिशा में भारत और जापान एक सस्टेनेबल फ्यूल्स इनिशिएटिव और बैटरी सप्लाई चेन पार्टनरशिप की शुरुआत करने जा रहे हैं।

**इंडिया**

# बहुत कठिन है इस दुनिया में डगर सुख ढूंढने की



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

आज बहुत से धनाढ्य लोग पूरी दुनिया में सुख ढूंढते है या खरीदना चाहते हैं जिसके लिए हर संभव प्रयास करते हैं पर ख़ुशी नहीं मिलती। पश्चिमी देशों के अनेक जोड़ों को भारत के आध्यात्मिक स्थलों में भटकते देखा जाता है जिन्हें आश्चर्य होता है कि प्रतिदिन कमाने-खाने वाला सड़क किनारे मजे की नींद कैसे ले रहा है ? एक पुरानी कहावत है यदि आपका कोई शत्रु नहीं है कोई आपसे वैर नहीं रखता तो आप गलत रास्ते पर चल रहे हैं। घर के आसपास रहने वाले पड़ोसी समाज, कार्य क्षेत्र और वैश्विक स्तर पर आजकल एक और कहावत प्रचलित है कि लोग अपने दुःख से उतने दुखी नहीं है जितने दूसरों के सुख से हैं। अनेक सच्चे रास्ते पर चलने वाले अधिकारी, नेता और समाजसेवी से लेकर व्यापारी तक लोगों के इसलिए भी शत्रु बन जाते हैं क्योंकि वह उनकी तरह सफल नहीं हो पाए। कई बार हम मध्यम मार्ग अपनाकर अपने को विवादों से दूर रखना चाहते हैं लेकिन बहुत से लोगों को यह भी नहीं भाता और बहुत सारे लोग सामने मधुर वचन बोलते हैं लेकिन पीठ पीछे षड्यंत्र करने से लेकर दुष्प्रचार तक करने में नहीं हिचकिचाते।



लोगों को जरूरत से ज्यादा खुश करने की आदत कभी-कभी असुरक्षा के जाल में फंसा सकती है। मनोचिकित्सक मेग जोसेफसन कहती हैं कि मुसीबत में होने की कष्टदायक भावना आम बात है, और इसे दूर रखने के लिए कुछ लोग जो रणनीति अपनाते हैं, उसका नाम है-चापलूसी। जब हम खतरे का आभास करते हैं, तो हमारा तंत्रिका तंत्र तीन तरह से प्रतिक्रिया करता है-लड़ना, भागना या ठहर जाना। लेकिन कुछ मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि चापलूसी करना तनाव की चौथी प्रतिक्रिया है। मनोवैज्ञानिक पीट वॉकर बताते हैं कि चापलूसी लोगों को खुश करने का चरम रूप है। देवी भागवत पुराण में एक संवाद के दौरान देवी दुर्गा ने खुद सफल और शांतिपूर्ण जीवन के 10 सूत्र बताए हैं। इन बातों को समझ कर, उनका पालन करने पर जीवन को सुखद बनाया जा सकता है। वे हैं तप, संतोष, आस्तिकता, दान, देवपूजन, शास्त्रसिद्धांतों का श्रवण, लज्जा, सद्बुद्धि, जप और हवन।भारतीय शास्त्रों के अनुसार जीवन जीने का सही मार्ग नैतिक और आध्यात्मिक सिद्धांतों पर आधारित है, जिसमें सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, और दूसरों के कल्याण के लिए सेवाभाव शामिल है। गीता में बताए गए कर्म, ज्ञान, भक्ति और ध्यान के मार्ग अपनाए जाते हैं, जिनका उद्देश्य आत्मा को परमात्मा से जोड़ना और जीवन का अर्थ खोजना है। यह मार्ग लोगों का सम्मान करने, सीखने और गलतियों से सबक लेने, तथा समाज व प्रकृति के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने पर जोर देता है। ईमानदार और स्पष्ट संवाद किसी भी रिश्ते का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, और यह मतभेद को मिटा देता है। अगर आप किसी कार्य को रद्द कर रहे हैं, तो कोई बहाना बनाने के बजाय ईमानदार रहें, ताकि सामने वाला नाराज न हो। यह तरीका थोड़े समय के लिए भले ही असुविधाजनक लगे, लेकिन हमारी बहुत ऊर्जा बचाता है और उन रिश्तों को मजबूत बनाता है, जिनकी हम सचमुच कद्र करते हैं। जोसेफसन कहती हैं कि हर किसी को खुश करना आपके वश में नहीं है। आपके वश में यह है कि आप अपना समय, अपनी ऊर्जा और अपना ध्यान कैसे लगाते हैं। दूसरों की सफलता से जलन के बजाय उस रास्ते की तलाश करनी चाहिए जो सफल बनाती है कहा जाता है कहा जाता है - गो-धन, गज-धन, वाजि-धन और रतन-धन खान। जब आवत संतोष-धन, सब धन धूरि समान।

# दुमका की मयूराक्षी नदी में डूब गए चार छात्र

- एक का शव बरामद, अन्य की तलाश जारी

नवीन मेल डेस्क



**दुमका।** दुमका के जामा थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव स्थित मयूराक्षी नदी में नहाने गए चार दोस्त डूब गए। इनमें से एक दोस्त का शव शुक्रवार की सुबह बरामद कर लिया गया। वहीं, तीन अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने मौके से चार मोबाइल फोन और छात्रों के कपड़े बरामद किए हैं। मृतक की पहचान शहर के बक्शी बांध इलाके के रहने वाले 17 वर्षीय कृष्ण सिंह के रूप में हुई है। वह स्थानीय जिला स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था। लापता छात्रों की पहचान आर्यन कुमार, कृष और आर्यन के रूप में हुई है। ये तीनों एएन कॉलेज के छात्र थे। पुलिस के अनुसार, चारों छात्र गुरुवार की शाम घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच, हरिपुर गांव के कुछ लोगों ने नदी किनारे कपड़े और मोबाइल देखे और अनहोनी की आशंका में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन और पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की। शुक्रवार की सुबह कृष्ण सिंह का शव बरामद किया गया, जबकि तीनों छात्रों का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। नदी में डूबे छात्रों के परिजनों के साथ बड़ी संख्या में लोग नदी के किनारे मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण मयूराक्षी नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है और लगभग 20 फीट तक पानी होने से सर्च ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही हैं। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि गोताखोरों की और टीम बुलाई गई है और जल्द ही छात्रों की तलाश के लिए उन्हें नदी में उतारा जाएगा। जिस जगह यह घटना हुई है, उसे लोग 'मिनी गोवा' कहते हैं। बताया जाता है कि इस स्थान पर वर्ष 2016 में भी स्नान करने गए छह छात्र डूब गए थे। झारखंड में इस वर्ष मानसून के दौरान नदियों, तालाबों, डैमों और जलाशयों में डूबने से 40 से अधिक लोगों की मौत हुई है। इनमें से ज्यादातर छात्र-युवा थे।

## तस्करों से जब्त पशुधन जरुरतमंदों के बीच वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** प्रखंड अंतर्गत मंझीगांव के रबदी ग्राम से 21 अगस्त को पशु तस्करों से प्राप्त पशुओं का वितरण के संबंध मे पंडवा थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि पशु तस्करों से प्राप्त पशुधन को आम जनता के बीच वितरण किया गया। इस मौके पर पंडवा प्रखंड के स्थानीय ग्रामीण और लाभार्थी उपस्थित रहे। थाना प्रशासन की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में चयनित लाभार्थियों को पशु प्रदान किए गए। जिससे वे अपनी आजीविका सुधार सकेंगे। थाना प्रभारी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि वे इन पशुओं की सही देखभाल करें, ताकि पशुपालन के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। साथ ही साथ थाना प्रभारी ने कहा कि जो भी किसान या लाभार्थी चयनित है उनका जरुरी दास्तांवेज थाना मे समर्पित है।

### अपराध नियंत्रण को लेकर एसडीपीओ की सख्ती

# फरार अपराधियों की गिरफ्तारी व केस निपटारे में तेजी लाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में एसडीपीओ सह आईपीएस अधिकारी मो. एस याकूब की अध्यक्षता में अपराध को लेकर मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने और पुलिस-प्रशासनिक कार्यों को चुस्त-दुरुस्त बनाने को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में न्यायालय द्वारा जारी वारंटों का स-समय पर अनुपालन, महिला उत्पीड़न और पॉक्सो एक्ट के मामलों में त्वरित कार्रवाई, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अनुसंधान और केस डायरी को समय पर पूरा करने जैसे विषयों पर



विशेष जोर दिया गया। एसडीपीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं और चार्जशीट समय पर न्यायालय में दाखिल करें। उन्होंने कहा कि अपराध अनुसंधान को बारीकी और गंभीरता से करने की आवश्यकता है। ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सकें और अपराधियों को सख्त सजा दिलाई जा सके। बैठक में पेंडिंग केस के सिलसिले में अनुसंधान में तेजी लाने पर बल दिया गया। इसके अलावा एसडीपीओ ने वाहन जांच अभियान को लगातार जारी रखने और जांच के दौरान आम लोगों से शिष्ट एवं समुचित व्यवहार करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए पुलिसकर्मियों को संवेदनशील रवैया अपनाना चाहिए। बैठक में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने, अपराध नियंत्रण और जनता के बीच विश्वास कायम करने को लेकर कई दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीपीओ ने साफ कहा कि पुलिस का दायित्व केवल अपराधियों पर कार्रवाई करना ही नहीं बल्कि जनता के साथ सहयोगात्मक रिश्ता कायम करना भी है। इस बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी मौजूद थे।

## नपं क्षेत्र में सड़क को काटकर छोड़ देने से आवागमन बाधित



**नवीन मेल संवाददाता**

हुसैनाबाद। नगर पंचायत की लापरवाही के कारण शहरी क्षेत्रों का मार्ग अवरुद्ध हो गया है। इस कारण यह है कि बरसात में बारिश का पानी होने के बाद अनुमंडल व पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के आवासीय परिसर में जाने वाली सड़क को काटकर छोड़ दिया गया है। जिससे राहगिरों समेत आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहरवासियों को करीब चार माह से इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि नगर पंचायत द्वारा सड़क योजना का निर्माण किया जा रहा था, जिसके कारण रास्ता को काटकर छोड़ दिया गया। पानी निकासी के दौरान बिना डायवर्सन के गड्ढा खोदकर छोड़ने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। लोग अस्पताल से होकर जाने को विवश है। जबकि उक्त सड़क अस्पताल के बगल से होकर गुजरती हैं। जिससे होकर आईटीआई, विशुनपुर और अनुमंडल मैदान को सड़क जाती हैं। शहरवासियों ने एसडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता से ह्यूम पाइप देकर इस सड़क मार्ग को चालू कराने की मांग की है।

## मोहम्मदगंज व रामबांध पैक्स से किसानों के बीच उर्वरक की बिक्री



- **भजनियां में आज होगी उर्वरक की बिक्री**
- **कोल्हुआ-सोनबरसा का अब तक उठाव नहीं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय राजस्व भवन में स्थापित पैक्स से शुक्रवार को मोहम्मदगंज और कादलकुर्मी पंचायत के किसानों में सहकारिता विभाग से आवंटित उर्वरक इफको यूरिया की बिक्री हुई। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस पैक्स के अध्यक्ष ध्रुवशंकर सिंह ने इस मौके पर मौजूद किसानों को निर्धारित मात्रा व मापदंड के अनुसार उर्वरक की बिक्री की। उन्होंने मोहम्मदगंज और कादलकुर्मी के किसानों के बीच 70-70 बैग उर्वरक की बिक्री कर दी है। उन्होंने बताया कि भजनियां पैक्स से शनिवार को उर्वरक की बिक्री होगी। जबकि रामबांध पैक्स से भी उर्वरक की बिक्री कर दी गई। वहीं, कोल्हुआ-सोनबरसा पैक्स के लिए अभी इसका उठाव नहीं किया जा सका है। वहां भी जल्द ही उर्वरक का उठाव कर किसानों में इसकी बिक्री किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि सीमित मात्रा में उर्वरक आवंटित करने से किसानों की जरूरत पूरी नहीं हो सकी है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह और समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने सरकार से किसानों की जरूरत को देखते हुए और अधिक मात्रा में सभी पैक्स को उर्वरक आवंटित करने की मांग की है । बताया जाता है कि इस प्रखंड के चारों पैक्स को 140-140 बैग ही उर्वरक आवंटित किए गए हैं। इससे किसानों की जरूरत पूरी नहीं हो सकी है।

### पूर्व विधायक प्रतिनिधि भगवती सिंह का निधन

**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के चनकार कस्तूरी गांव निवासी सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि समाजसेवी भगवती सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार की शाम चार बजे कररबार नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। इसकी जानकारी उनके पुत्र पारा शिक्षक सुदामा सिंह ने दी। शोक व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि भगवती सिंह हमेशा सामाजिक सरोकार से जुड़े रहे और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे हाथ बढ़ाते थे। उनके अंदर सामाजिक समरसता कूट-कूट कर भरी हुई थी। उन्होंने अपने जीवन में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक जताने वालों में कर्नल संजय कुमार सिंह, पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटु सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, नरेश पासवान, बद्रीनारायण सिंह, मनोज सिंह, विनय सिंह, सुभाष कुमार, मनोहर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, सत्यदेव सिंह, रामजी सिंह, बैजनाथ सिंह, बिरू सिंह, कृष्णा सिंह, दिनेश सिंह, सूर्यदेव सिंह, सुमन कुमार, सुशील कुमार ,अभय कुमार सिंह उर्फ टूना सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### स्टूडेंट क्लब द्वारा धूमधाम से मनाया गया गणेश पूजा महोत्सव

# गणेश चतुर्थी सामाजिक एकता का प्रतीक

- **गणपति बप्पा के जयकारों से प्रखंड क्षेत्र गुंजायमान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** प्रखंड के मध्य विद्यालय के मैदान में स्टूडेंट क्लब के द्वारा गणेश पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जहां भगवान गणपति की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना हुई। पूजा अर्चना का कार्य पंडित सतीश मिश्रा के मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान गणपति की आरती उतारी। साथ ही भजन संध्या के कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। भजन संध्या कार्यक्रम में व्यास अंकु राय एवं प्रेम गिरी द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गानों से उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं भजन संध्या कार्यक्रम की शुरूआत सनातन धर्म सभा केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, राम प्रकाश तिवारी, सुरेंद्र शुक्ला, राजू राय, धर्मेंद्र सोनी, बालकेश पासवान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर उपस्थित भक्तजनों को संबोधित करते हुए सनातन धर्म सभा केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि गणेश चतुर्थी का पर्व भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भक्तों की मान्यता है कि इस दिन गणपति की उपासना करने से जीवन में सुख, समृद्धि और विघ्नेंसे मुक्ति मिलती है। गणेश चतुर्थी का पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक भी है। मौके पर उन्होंने स्टूडेंट क्लब के सभी सदस्यों को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर इस तरह के आयोजन को लेकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि यह गणेश पूजा महोत्सव इस क्षेत्र के लिए पहला आयोजन है इसे हर वर्ष मनाया जाए।



### सुख,शांति व समृद्धि के साथ खुशहाली की कामना

वहीं गणेश उत्सव में शामिल लोगों ने भगवान गणेश से अपने जीवन में सुख शांति समृद्धि के साथ खुशहाली की मंगलकामना की। पूजा के दौरान बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं, अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और गणपति बप्पा के जयकारों से माहौल गुंजायमान हो उठा। स्टूडेंट क्लब के सदस्यों ने आयोजन की सफलता के लिए पूरी जिम्मेदारी संभालीऔर श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित तरीके से महाप्रसाद का वितरण कराया। गणेश पूजा महोत्सव को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों का भी अहम योगदान रहा। मौके पर शिव शंकर गुरुजी, ओमप्रकाश गिरी, भोलू बाबा, पवन सोनी, चंदन सोनी, अरविंद डिसिल्वा, शुभम शर्मा, उत्तम कश्यप, लव वर्मा, कुश वर्मा, पिंटू कश्यप, आदर्श सोनी, हीरो सोनी, अंकित सोनी समेत कई सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### सेवानिवृत शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पीएमश्री राजकीयकृत स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय के सेवानिवृत निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह व सहायक शिक्षक कांति रमन सिंह की सेवानिवृत्ति पर उन्हें ससमारोह भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर उन्हें माला पहनाकर अंगवस्त्र सहित अन्य कई प्रकार के उपहार भेंट किए गए। समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक गणेश राम ने की। संचालन सहायक शिक्षक रामनाथ राम ने किया। छात्राओं ने इनके सम्मान में स्वागत और विदाई गीत प्रस्तुत कर सबकी आंखें नम कर दी। वक्ताओं ने इनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी दीघार्यु की कामना की। जिला पार्षद प्रतिननिधि अश्विनी कुमार सिंह ने कहा कि सतत प्रक्रिया के कारण शिक्षक सरकारी सेवा से भले ही निवृत्त होते हैं, लेकिन समाज के प्रति उनके दायित्व का आजीवन अंत नहीं होता है। इसके बाद भी उन्हें शिक्षा का अलख जगाते रहना चाहिए। जिससे वे सदैव याद किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राएं, वरिष्ठ भाजपा नेता कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा, सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, मुखिया कमला देवी, पंचायत समिति सदस्य ममता देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी राम जन्म राम, समाजसेवी सुशील कुमार मेहता और कई अभिभावक उपस्थित थे।

### डॉ. कौशल ने श्राद्ध क्रम में पार्यावरण को समर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**हरिहरगंज।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर देशभर में अभियान चला रहे ट्री मैन डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने गुरुवार को औरंगाबाद जिले के परता गांव में वरिष्ठ पत्रकार सतीश सुमन के पिता स्वर्गीय कौशल किशोर मिश्रा के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर उन्हें पर्यावरणीय श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने मिश्रा जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर पर्यावरण धर्म की प्रार्थना की और उनकी स्मृति में थाईलैंड प्रजाति का आम का पौधा लगाया।डॉ. कौशल ने कहा कि श्राद्ध में सेजिया दान के साथ पौधा दान करना मृतक आत्मा की शांति का पर्यावरणीय मार्ग है। उन्होंने स्व. मिश्रा को समाज के लिए समर्पित और मृदुभाषी व्यक्तित्व बताया और कहा कि उनका निधन न केवल दुःखद है।

### पंडवा प्रखंड में खाद की किल्लत हुई कम, किसानों को मिली राहत

**पंडवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर मेहता ने जानकारी दी कि पिछले कुछ दिनों से पंडवा प्रखंड अंतर्गत खाद की भारी किल्लत बनी हुई थी, जिससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।लेकिन अब हालात में कुछ सुधार देखने को मिल रहा है।उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में 330 रुपये प्रति बोरी की दर से खाद उपलब्ध हो रही है। संभावना है कि आने वाले समय में खाद की किल्लत पूरी तरह समाप्त हो जाएगी,जिससे किसानों को काफी राहत मिलेगी।समय पर खाद मिलने से आगामी फसलों की बुआई और उत्पादन पर सकारात्मक असर पड़ेगा। स्थानीय प्रशासन भी यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि हर किसान को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए।

## खेल दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया खेल प्रतिभा



**नवीन मेल संवाददाता**

हुसैनाबाद। पलामू जिले के जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय एवं वरिष्ठ शिक्षक शशि कुमार, शारीरिक शिक्षक अभिषेक पाठक ने मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 100, 200, 400 मीटर दौड़,लंबी कूद गणित दौड़, कुर्सी दौड़,चम्मच दौड़,कबड्डी जैसे रोचक खेलों का भी समावेश किया गया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अभिषेक पाठक ने बताया कि प्रतिवर्ष 29 अगस्त को महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के जीवन और खेल के प्रति उनके रुझान पर अपना विचार व्यक्त किया और बच्चों में खेल के प्रति विशेष भावना जागृत किया।विद्यार्थियों के जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन और संगठन शक्ति का विकास होता है। प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि मेजर ध्यानचंद जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और खेल भावना को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चे बेहद उत्साहित और खुश नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शशि कुमार, धर्मेंद्र कुमार,राजेश्वर सिंह यादव, रणजीत मिश्रा, राजकुमार सिंह, नीतीश मिश्रा,छाया कुमारी, संजय सिन्हा, चंदन कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और खेलों का आनंद उठाया।

### भारी बारिश से खतरनाक बना गाजीबिहरा कैनाल रोड

**मोहम्मदगंज।** कोसी आरा-गाजीबिहरा कैनाल रोड पर चलना जोखिम भरा बन गया है। लगातार हुई बारिश से यह कई जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस रोड की हालत यह है कि बाबू भगड़ा गांव के पास तो 6 फीट का खतरनाक गोफ बन गया है। इसकी तस्वीर साझा करते हुए ग्रामीण युवा निरंजन सिंह ने बताया कि मुख्य नहर के दायीं किनारे आरईओ से बना रोड प्रखंड के लटपौरी, कोल्हुआ-सोनबरसा, पंसा और रामबांध पंचायत के कई गांवों को हैदरनगर-जपला मुख्य पथ से जोड़ता है। जो उत्तर कोयल मुख्य नहर के किनारे बसे अधिकांश गांवों के ग्रामीणों के आवागमन का एकमात्र उचित माध्यम है। इसके बावजूद मोतियाडीह के पास बन गए गहरे गड्ढा और बाबू भगड़ा गांव के पास पीसीसी पथ के नीचे के खतरनाक गोफ की अबतक मरम्मती कराने की दिशा में सकारात्मक पहल नहीं हो सकी है। इस वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसकी संभावना बढ गई है। भारी बारिश के ही दौरान एक बड़े वाहन को ग्रामीणों की तत्परता से दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाया जा सका था।

### पीएचसी का उपाधीक्षक ने किया निरीक्षण

## प्रसव के मामलों में ममता वाहन से भेजा जायेगा रेफर केस



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के उपाधीक्षक डॉ. एस के रवि ने शुक्रवार को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र हैदरनगर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसव कक्ष, मरीज वार्ड, ओपीडी समेत टीकाकरण कक्ष का निरीक्षण कर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक में जानकारी मिली की प्रसव के लिए भर्ती महिलाओं को आपात स्थिति में रेफर करने पर ममता वाहन संचालक ले जाने को तैयार नहीं होते हैं। उन्होंने ममता वाहन संचालकों को आपात स्थिति में गर्भवती महिला को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद या सदर अस्पताल मेदिनीनगर पहुंचाने का निर्देश दिया है। इसके लिए उन्हें नियमानुसार भाड़ा का भुगतान किया जायेगा। इस पर ममता वाहन संचालकों ने अपनी सहमति दे दी है। उन्होंने बताया कि आगामी 3 सितंबर को हैदरनगर पीएचसी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना है। शिविर में अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें, इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार को दिया है। इस मौके पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के हित में बढ़ चढ़कर कार्य करने को प्रेरित किया है। उन्होंने अस्पताल आने वाले मरीजों को सीमित संसाधन में बेहतर व्यवस्था देने की बात कही है। इस मौके पर फार्मासिस्ट नवीन किशोर, लैब टेक्नीशियन मो. शकील अख्तर, एएनएम प्रभावती देवी, फातमा, सीमा कुमारी के अलावा कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

**प्रतिभा** | रा +2 वि में कबड्डी व लॉन्ग जंप प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

# मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** माई भारत, पलामू इकाई ने मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हुए हैदरनगर प्रखंड के राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय में खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य दशरथ राम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र और छात्राओं के लिए कबड्डी और लॉन्ग जंप प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्राचार्य दशरथ राम ने बताया कि मेजर ध्यानचंद की जयंती को



राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाने से विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है, इसलिए विद्यार्थियों को रोजाना कुछ समय खेल के लिए निकालना चाहिए। कबड्डी प्रतियोगिता में दसवीं खंड- अ (छात्र) और दसवीं खंड- ब (छात्रा) की टीम विजेता रही। लॉन्ग जंप में छात्र वर्ग में अजीत कुमार ने प्रथम, श्रेष्ठ सिंह ने द्वितीय और अक्षय कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रा वर्ग में दिव्या कुमारी, कोमल कुमारी और रीता कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### जेएलकेएम पार्टी का कमिटी विस्तार व सदस्यता अभियान 7 को

**पंडवा।** पलामू पंडवा प्रखंड अंतर्गत झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी द्वारा आगामी 7 सितंबर 2025 को पंडवा प्रखंड के पंडवा मे एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पार्टी की कमिटी का विस्तार किया जाएगा और सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा। झारखंड लोकतान्त्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना और संगठन को मजबूत बनाना है। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता,पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

## डीसी ने नगर निगम, नगर पंचायत व नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा की

# स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापन में तय मानकों के साथ कार्य करें : उपायुक्त



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले के विभिन्न नगर पंचायत, नगर परिषद व मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा संचालित कार्यों की अद्यतन जानकरी ली गयी एवं आवश्यकतानुसार विभिन्न निर्देश दिये गये। इस दौरान डीसी ने विभिन्न नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी को स्थानीय लोगों के बेहतरी के मद्देनजर योजनाओं को क्रियान्वित करने की बात कही।

मेदिनीनगर नगर निगम की समीक्षा के दौरान उन्होंने वार्ड 23 में निर्माण किये जा रहे इनडोर स्टेडियम के प्रगति की जानकारी ली, बताया गया कि कायार्देश निर्गत होने के पश्चात कार्य प्रगति पर है। इसके अलावे वार्ड 13 अंतर्गत बनने वाले वेंडर मार्केट में पार्किंग की सुगम व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य कराने की बात कही। साथ ही अंबेडकर पार्क में स्टील रेलिंग के कार्य को ससमय पूर्ण कराने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। अमृत योजना अंतर्गत योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गयी। वहीं पीएम आवास शहरी के अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली गयी। इसी तरह छत्तरपुर, हुसैनाबाद व हरिहरगंज नगर पंचायत में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान अर्बन वाटर सप्लाई, बस व ऑटो स्टैंड के निर्माण हेतु जमीन की उपलब्धता, स्ट्रीट लाइट नया अधिष्ठापन एवं मरम्मती, साफ-सफाई, होल्डिंग टैक्स वसूली, प्रॉपर्टी टैक्स, एफएसटीपी, सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, पार्कों के निर्माण कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि छत्तरपुर नगर पंचायत समेत अन्य क्षेत्रों से संवेदक द्वारा लगाये जा रहे स्ट्रीट लाइटों में तय मानक के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी कार्यपालक पदाधिकारियों से इस विषय पर गंभीरता बरतते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने पर बल दिया। इसी तरह छत्तरपुर नगर पंचायत और विश्रामपुर नगर परिषद के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दवाओं की कमी को लेकर डीसी ने नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधितों को सिविल सर्जन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर आरोग्य मंदिर में पर्याप्त दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में मेदिनीनगर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त, सभी संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी समेत अर्बन लोकल बॉडी से जुड़े अन्य विभिन्न पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

### रेड़मा चौक पर वाहन जांच अभियान, 13 दोपहिया वाहन जब्त

**मेदिनीनगर।** शहर के रेडमा चौक के पास जिला परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग जैसे नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की गई। जांच के क्रम में कुल 13 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षा के तहत रखा गया है। इसके अलावा दो ट्रकों को भी पकड़ा गया, जिनमें प्रेशर हॉर्न लगे पाए गए। इन ट्रकों को टीओपी-2 में सुरक्षात्मक रूप से रखा गया है और जिला परिवहन कार्यालय पलामू को चालान एवं फाइन की प्रक्रिया के लिए भेजा गया। आज परिवहन विभाग कुल 8 दोपहिया वाहनों पर 9,000 रुपये का फाइन निर्धारित किया गया है। चालान से संबंधित दस्तावेज कार्यालय द्वारा जारी किए गए हैं। प्रशासन ने कहा है कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## सांसद वीडी राम ने दी स्वर्गीय ध्रुव नारायण सिंह को श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा झारखंड प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के आवास पर सांसद विष्णु दयाल राम ने उनके दिवंगत पिता, आरएसएस के पूर्व जिला संघ चालक स्वर्गीय ध्रुव नारायण सिंह की तस्वीर के सामने पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि स्वर्गीय ध्रुव बाबू ने अपनी मेहनत और विचारधारा से समाज में एक अमिट छाप छोड़ी है। आज भी लोग उन्हें याद करते हैं। उनके निधन से हम सभी गहरे सदमे में हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रफुल्ल सिंह, शिवकुमार मिश्रा, ईश्वरी पांडे, भोला पांडे, प्रियरंजन कुमार, अलख दुबे, कौशल झा, विनय सिंह, रामबाबू सिंह, विकास सिंह, पंकज तिवारी, नवीन पांडे, पिंकू सिंह, हर्षवर्धन सिंह, निर्भय यादव, रोहित सिंह, मनोरंजन दुबे सहित अन्य पार्टी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## त्योहार से पहले सड़क व लाइट की मरम्मत हो : अरुणा शंकर

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा है कि भारी बारिश के कारण निगम के कई सड़कें टूट रही हैं, जिससे मोहल्ले के लोग खासकर बच्चे और बुजुर्ग घरों में कैद हो गए हैं। उन्होंने बताया कि निगम न तो अपने स्तर से मरम्मत कर रहा है और न ही संवेदक जो वारंटी पीरियड में रोड बनाए हैं, उनकी देखभाल कर रहे हैं। अरुणा शंकर ने कहा कि वे दो-तीन दिनों में अधिकारियों से मिलकर इस मुद्दे पर चर्चा करेंगी। उन्होंने कहा कि दीपावली, दशहरा, धनतेरस और छठ जैसे बड़े त्योहार आने वाले हैं, इसलिए निगम क्षेत्र के सभी सड़कों की मरम्मत पहले ही कर दी जाए। साथ ही, जिन सड़कों का निर्माण संवेदकों ने किया है और जिनका 5 वर्ष का समय पूरा नहीं हुआ है, उनकी मरम्मत उनके कटे हुए राशि से कराई जाए या फिर संवेदक खुद सड़कें जल्द ठीक करें। महापौर ने यह भी कहा कि त्योहारों से पहले निगम स्ट्रीट लाइट की भी मरम्मत होनी चाहिए, क्योंकि सड़क में गड्ढों के साथ लाइट की कमी से गिरने का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने पाइपलाइन फेस 2 के कारण कई सड़कों का कटाव और समतल न किए जाने की भी शिकायत की और प्रशासन से इन गड्ढों को भरकर सड़क समतल करने के निर्देश देने की मांग की है।

# झारखंड विधानसभा में कोयल नदी पर नए पुल व चैनपुर-शाहपुर रोड निर्माण की मांग तेज़

- **डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने जाम व बुनियादी सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाते हुए सरकार से जल्द कार्रवाई की अपील की**



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने क्षेत्र की दो बड़ी समस्याओं व कोयल नदी पर नए पुल के निर्माण और चैनपुर-शाहपुर रोड के निर्माण को जोरदार ढंग से झारखंड विधान सभा में उठाया।

विधायक चौरसिया ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कहा कि कोयल नदी पर बना वर्तमान पुल, जो डालटनगंज शहर के बीचों-बीच स्थित है, लगातार भारी ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि शहर की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को देखते हुए यहां एक और नया पुल बनाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे आमजन को राहत मिल सके।

इसके साथ ही विधायक ने चैनपुर-शाहपुर रोड के वर्षों से अधूरे पड़े निर्माण कार्य का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि जैसे एक आदमी को भोजन के हर निवाले की जरूरत होती है, उसी तरह नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से यह सड़क वर्षों से नहीं बन पाई है, जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक ने बताया कि वह इस मुद्दे को चौथी या पांचवीं बार सदन में उठा रहे हैं और सरकार से आग्रह किया कि इस पर तुरंत संज्ञान लेकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।

स्थानीय जनता का मानना है कि यदि नया पुल और यह सड़क बनती है तो जाम की समस्या में कमी आएगी, साथ ही क्षेत्र की यातायात व्यवस्था और समग्र विकास को भी गति मिलेगी।

## वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम और आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट वर्षों से पलामू जिले के स्कूलों और कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी क्रम में संस्था की टीम शुक्रवार को जमुने स्थित गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल पहुंची, जहां दो हजार से अधिक बच्चों को सड़क सुरक्षा का महत्व बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम एक-दूसरे को जागरूक करें, खासकर बच्चों को। सड़क सुरक्षा के नियम सभी जानते हैं, लेकिन उन्हें जीवन में ईमानदारी से उतारना सबसे जरूरी है। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व मंत्री इंदर सिंह नामधारी विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बचपन से ही यदि बच्चों में ट्रैफिक नियमों की समझ विकसित की जाए, तो भविष्य में सड़कों पर सुरक्षित वातावरण बन सकता है।

अभिषेक तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि थोड़ी सी लापरवाही पूरे परिवार को तोड़ सकती है, इसलिए नियमों का पालन जीवन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। वहीं रिनू शर्मा ने गीतों के माध्यम से नियमों का संदेश बड़ी खूबसूरती से बच्चों तक पहुँचाया। लक्ष्य श्रेष्ठ ने अपील की कि यदि कोई व्यक्ति लाखों की गाड़ी खरीद सकता है, तो सुरक्षा के लिए अच्छा हेलमेट और राइडिंग गियर भी जरूर खरीदे। प्राचार्य अनुज कुमार पाठक ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा का ज्ञान जीवन की रक्षा के बराबर है।

### तीन दशकों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत पुलिस ने 30 वर्षों से फरार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी शुभम नागरगोजे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के दौरान बखारी गोलीकांड के चर्चित आरोपी हरसु उरांव (पिता- नन्हक उरांव, निवासी चियांकी, थाना सदर), शशि विश्वकर्मा (पिता- सुनील विश्वकर्मा, निवासी रेड़मा) और मंदीप सिंह (पिता- बिहारी सिंह, निवासी बखारी, थाना पिपराटांड़) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों के अनुसार, इस तरह के फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## शहर के कई प्रतिष्ठानों का एफएसओ ने किया औचक निरीक्षण, कहा-

# लापरवाही या मिलावट किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं

- **साफ-सफाई को लेकर दो दुकानों पर लगाया गया जुर्माना**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अभिहित पदाधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता द्वारा शुक्रवार को मेदिनीनगर शहर के कई प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी प्रतिष्ठानों से खाने के सैंपल लिये गये। इस निरीक्षण के संबंध में उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच, स्वच्छता की स्थिति का मूल्यांकन और मिलावट की रोकथाम को लेकर यह निरीक्षण किया गया है।

**इन प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण :** एफएसओ ने जैन श्री रेस्टोरेंट, लजीज रेस्टोरेंट, शिवम स्वीट्स, अमित स्वीट्स, सुरेंद्र गुपचुप समेत अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जैन श्री रेस्टोरेंट से पनीर, लजीज रेस्टोरेंट से चाउमिन सहित अन्य खाद्य पदार्थ बतौर सैंपल लिये गये। सभी सैंपलों को विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है, जहां जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**स्वच्छता और गुणवत्ता पर विशेष जोर :** निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई नहीं होने के कारण शिवम स्वीट्स का पांच सौ रुपए एवं अमित स्वीट्स का पांच सौ रुपए का जुमार्ना लगाया गया। लव कुमार ने दुकानदारों और होटल संचालकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि खाद्य व्यवसायियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के सभी प्रावधानों का पूर्ण रूप से पालन करना होगा। लापरवाही या मिलावट किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रतिष्ठानों में हाइजीनिक किचन व्यवस्था, सही तरीके से स्टोरेज, एक्सपायरी डेट की जांच एवं कर्मचारियों की सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इस अभियान को पूरे जिले में चलाया जायेगा।

### भाजपा नेता बीरेंद्र प्रसाद सिन्हा का निधन, अंतिम संस्कार आज

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी पलामू जिला के पूर्व महामंत्री



एवं उपाध्यक्ष रहे बीरेंद्र प्रसाद सिन्हा का आज सुबह 11 बजे रांची स्थित पल्स हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे रेड़मा देवी मंडप, रांची रोड, मेदिनीनगर के निवासी थे। उनके निधन की खबर से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर है। परिवार के अनुसार, उनका पार्थिव शरीर आज शाम तक मेदिनीनगर स्थित उनके स्थानीय आवास रेड़मा लाया जाएगा। अंतिम संस्कार कल निर्धारित समय पर किया जाएगा। सिन्हा ने अपने राजनीतिक जीवन में संगठन के कई पदों पर रहते हुए भाजपा के संगठनात्मक विस्तार में अहम योगदान दिया था। उनके निधन पर कई राजनीतिक, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## चैनपुर में धूमधाम से मना गणेश उत्सव



- **उत्सव में सामाजिक एकता और जागरूकता का दिया गया संदेश**

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में गणेश उत्सव का आयोजन इस वर्ष पूरे श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक संदेशों के साथ किया गया। स्थानीय पूजा पंडालों में जय किसान संघ, सिद्धि विनायक संघ और हिन्दू एकता दल के सहयोग से कार्यक्रम को भव्य रूप में संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि अविनाश देव ने भगवान गणेश की पूजा को सामाजिक एकता, भाईचारा और जागरूकता से जोड़ते हुए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गणेश जी की तरह आज के युवाओं को भी बुद्धि, धैर्य और कर्तव्यनिष्ठा के साथ समाज में नशामुक्ति, बेटियों की सुरक्षा और मानवता की रक्षा जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उत्सव के दौरान पंडाल में अतिथियों का पगड़ीपोशी कर और भगवान गणपति की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। अविनाश देव ने कहा कि "श्री गणेशाय नमः" से कार्य प्रारंभ करने की परंपरा का उद्देश्य सकारात्मक सोच और सफलता की दिशा में अग्रसर होना है। कार्यक्रम का आयोजन केवल धार्मिक भावनाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आयोजकों ने इसे राष्ट्रभक्ति, भाईचारे और सामाजिक समरसता से जोड़कर एक नई मिसाल पेश की। आयोजकों ने यह भी सुनिश्चित किया कि उत्सव के हर पहलू में एकता और जागरूकता का संदेश समाहित हो।

### आठवीं वेतन आयोग की गठन की मांग



**मेदिनीगनर।** अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार पलामू समाहरणालय परिसर में अनुसूचिवीय लिपिक संपर्क द्वारा आठवीं वेतन आयोग की गठन करने को लेकर केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता अनुसूचिवीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रंजय कुमार सिंह ने किया। प्रदर्शन में सचिव संजय प्रसाद वरीय कार्यालय अधीक्षक मोहम्मद शकील, उपाध्यक्ष संजय कुमार पासवान, बख्तियार अहमद, अमरेश कुमार सिंह, सुशील कुमार तिवारी, वीरेंद्र पासवान, चंदन पासवान, देवेंद्र कुमार, मृत्युंजय सिंह, सुबोध कुमार शुक्ला एवं साथ-साथ बड़ी संख्या में लिपिकिय संवर्ग के लोग शामिल हुए।

## पुलिस की सामंती गुंडागर्दी के खिलाफ लोगों में आक्रोश, वक्ताओं ने कहा-

# नई जमींदारी और पुलिसिया राज अब बर्दाश्त नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुलिस की बर्बरता के खिलाफ विभिन्न संगठन के लोग सड्क पर उतरे। रैली की सकल में जनता भगत सिंह चौक से अंबेडकर पार्क होते हुए कचहरी पहुंची और सभा में तबदील हो गयी। हजारों की भीड़ हाथों में झंडे और तख्तियां लिए, पुलिसिया राज मुर्दाबाद!, सामंती पुलिस होश में आओ! और भगत सिंह आंबेडकर के रास्ते! जैसे नारे लगा रहे थे। सभा में लातेहार जिला भाकपा माले सचिव बिरजू राम, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुषमा मेहता, अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य अध्यक्ष बीएन सिंह, भाकपा माले पलामू जिला सचिव रविंद्र भुइयां, आइसा जिला अध्यक्ष गुड्डू भुइयां, आरवाईए नेता दिव्या भगत, रसोइया राज्य अध्यक्ष अनीता देवी, जन संग्राम



मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष जुगल पाल, जन क्रांति मंच केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुधन शत्रु, बसपा पलामू प्रभारी विनोद सोनी, ईश्वरी महतो, बीरेंद्र राम, रामप्रसाद बौद्ध और सामाजिक न्याय परिषद के अध्यक्ष रवि पाल ने जनता को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि पुलिस अब सामंत और जमींदार की तरह व्यवहार कर रही है। वकीलों, छात्र नेताओं और महिलाओं को थाने के अंदर पीटना, दलित-गरीबों पर बर्बर हमला करना, बालू माफियाओं को पैदा करना, यह सब पलामू पुलिस का असली चेहरा है। सभा से ऐलान हुआ कहा कि पलामू की जनता अब नई जमींदारी और पुलिसिया राज को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान ने हर नागरिक को सम्मान और बराबरी का अधिकार दिया है। पुलिस अगर इसे कुचलने की कोशिश करेगी, तो जनता सड़कों पर उतरेगी और उसके सामंती राज को उखाड़ फेंकेगी।

## खेलकूद

## पलामू में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

# दौड़, कबड्डी, खो-खो व रस्साकशी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला खेल विभाग एवं पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 29 अगस्त 2025 को जीएलए एथलेटिक्स स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दौड़, कबड्डी, खो-खो और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने 1600 मीटर व 600 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।



प्रतियोगिता में जीजीपीएस जमुने, गिरवर +2 स्कूल डालटनगंज, प्लस टू जिला स्कूल, प्लस टू ब्राह्मण उच्च विद्यालय, सेंट जेवियर स्कूल, ब्राइटलैंड स्कूल, लोटस स्कूल, हुसैनाबाद व लेस्लीगंज प्लस टू हाई स्कूल के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का संचालन ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, खेल विभाग से सिकंदर कुमार और निधि उपाध्याय ने किया। रेफरी और तकनीकी पदाधिकारियों की भूमिका मोनू कुमार, प्रीति कुमारी, निरंजन कुमार, रमन सिंह, साधना कुमारी, उपेंद्र कुमार, अफसा परवीन और रूपम कुमारी ने निभाई। कबड्डी बालक वर्ग में डे बोर्डिंग सेंटर डालटनगंज प्रथम, मलवारिया हुसैनाबाद द्वितीय और जीपीएस जमुने तृतीय रहा, जबकि बालिका वर्ग में ब्राइटलैंड स्कूल डालटनगंज प्रथम, मलवारिया हुसैनाबाद द्वितीय और उच्च विद्यालय मुंदरिया तृतीय स्थान पर रहा। सभी विजेता प्रतिभागियों को पलामू जिला खेल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह द्वारा मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### खिलाड़ियों को मिला सम्मान

1600 मीटर दौड़ के बालिका वर्ग में पूजा कुमारी प्रथम, गुंजन कुमारी द्वितीय और अमृता कुमारी तृतीय रहीं। बालक वर्ग में अफतार अंसारी ने पहला, रोशन कुमार ने दूसरा और पंकज उरांव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में सुधाकर कुमार मेहता प्रथम, प्रतीक कुमार द्वितीय और हेमंत कुमार यादव तृतीय रहे, जबकि बालिका वर्ग में मीनाक्षी कुमारी ने पहला, प्रियंका कुमारी ने दूसरा और मिस्टी कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। खो-खो बालिका वर्ग में बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय आबादगंज प्रथम, जीपीएस जमुने द्वितीय और आरके प्लस टू हाई स्कूल लेस्लीगंज तृतीय स्थान पर रहा। बालक वर्ग में ब्राह्मण प्लस टू हाई स्कूल ने पहला, सेंट जेवियर अकेडमी ने दूसरा और ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल डालटनगंज ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## एसपी ने भवनाथपुर थाना का किया निरीक्षण




**भवनाथपुर (गढ़वा)।** गढ़वा के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने भवनाथपुर अंचल के पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी थानों में लंबित मामलों की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान केस डायरी, शिकायत पंजी और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की बारीकी से जांच की गई। कई रजिस्टरों के अद्यतन कार्य में देरी पाए जाने पर समय से कार्य पूरा करने का आदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की सुरक्षा और न्याय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारियों को गश्ती व्यवस्था मजबूत करने और गुप्तचर तंत्र को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर की साफ-सफाई की भी सराहना की। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बंशीधर नगर सहित अंचल के सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक ने सभी से टीम भावना के साथ काम करने और जनता से बेहतर तालमेल बनाने की अपील की।

## तहसील भवन में एक साल से लटका है ताला, किसानों को परेशानी

**केतार।** केतार प्रखंड के पाचाडुमर में तहसील कर्मचारी सा हल्का कर्मचारी आवास करीब दो वर्ष से बनकर तैयार है। लेकिन एक दिन भी इस भवन का ताला नहीं खुला है। तहसील कर्मचारी सह हल्का कर्मचारी आवास भवन बनाने का उद्देश्य था कि पंचायत स्तरीय सभी कर्मचारी आवास में ही रहेंगे और ग्रामीणों के कार्यों का ससमय निष्पादन करेंगें। जिससे ग्रामीणों को किसी भी कार्य को करने के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। साथ ही राजस्व की वसूली में भी तेजी लाया जा सके। लेकिन सरकार का उद्देश्य पर पानी फिरता दिख रहा है। क्योंकि कर्मियों को रात्रि में रुकने की कौन कहे कर्मी तो दिन में भी तहसील कर्मचारी सह कर्मचारी आवास में नहीं जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार पाचाडुमर में करीब 40 लख रुपए की लागत से तहसील कर्मचारी सह हल्का कर्मचारी आवास का निर्माण कराया गया था। भवन निर्माण कराने के बाद संवेदक द्वारा एक वर्ष पूर्व विभाग को सुपूर्द कर दिया गया है। लेकिन एक वर्ष के बाद भी आवास का ताला नहीं खोला गया है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। देखरेख के अभाव में फिलहाल बरसात के दिनों में भवन परिसर में लंबी-लंबी झाड़ियां उगी हुई है। पाचाडुमर और परती कूशवानी पंचायत के ग्रामीणों ने तहसील भवन में कर्मचारी को उपस्थित रहने की मांग कर रहे हैं। ताकि भूमि संबंधित कार्यों का समय पर निष्पादन हो सकें।

## बीडीओ ने किसान मित्रों व खाद वितरकों के साथ की बैठक

**केतार।** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को यूरिया खाद वितरक एवं किसान मित्रों के साथ बैठक की। बीडीओ ने सभी वितरक को अलग-अलग पंचायत के किसानों को खाद वितरित करने का जिम्मेवारी सौंपी। वहीं बीडीओ ने किसानों मित्रों खाद वितरण में दुकानदार को सहयोग करने का निर्देश दिया। ताकि दुकानों पर भीड़भाड़ नहीं हो और किसानों को आसानी से यूरिया खाद मिल सके। केतार के चार दुकानों में 555 बोरा युरिया खाद उपलब्ध कराया गया है। बीडीओ ने कुशवाहा बीज भंडार के दुकानदार को पाचाडुमर एवं परती कुशवानी पंचायत के किसानों को खाद वितरित करने का निर्देश दिया है। जबकि प्रभात बीज भंडार को केतार पंचायत, मेहता बीज भंडार को परसोडीह और लोहरगाड़ा पंचायत के किसानों के बीच, जबकि बलिगढ़ पैक्स को बलिगढ़ और मुकुंदपुर के किसानों के बीच यूरिया खाद वितरण करने के लिए निर्देशित किया है। दुकानदारों को निर्देश दिया गया है कि किसान से खेत का रसिद और आधार कार्ड का छायाप्रति लेकर बायोमेट्रिक लगाना है।

## दो शिक्षक राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे प्रशिक्षण प्राप्त

**खरौंधी (गढ़वा)।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निर्देशन में देश के विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों की भूमिका को प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण से जोड़ना, शिक्षा में कठपुतली के उपयोग को बढ़ावा देना, संग्रहालयों की भूमिका पर प्रकाश डालना और नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को सांस्कृतिक विविधता से अवगत कराना है। इसी क्रम में झारखंड राज्य से कई शिक्षकों का चयन किया गया है, जिन्हें अलग-अलग राज्यों में आयोजित कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए भेजा जा रहा है। गढ़वा जिला के खरौंधी प्रखंड के लिए यह गौरव की बात है कि यहां के प्लस टू उच्च विद्यालय, राजी (खरौंधी) के दो शिक्षकों का चयन इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए हुआ है। चयनित शिक्षकों में से शिक्षक दीनानाथ त्रिपाठी 9 सितंबर से 18 सितम्बर 2025 तक असम राज्य की राजधानी गुवाहाटी में आयोजित कार्यशाला में शामिल होंगे। वहीं, शिक्षक आनंद कुमार गुप्ता दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में भाग लेंगे। इन दोनों शिक्षकों के चयन पर पूरे प्रखंड के शिक्षकों और शिक्षा प्रेमियों में हर्ष की लहर है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर दो दिवसीय खेलकूद व प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित

**खरौंधी(गढ़वा)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खरौंधी प्रखंड के सभी सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में खेलकूद एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के निदेर्शानुसार आयोजित हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों में खेल भावना, अनुशासन, आपसी सहयोग, टीम भावना तथा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन पदयात्रा से किया गया। इसके बाद सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा आयोजित हुई, जिसमें हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा उनके जीवन परिचय और खेल में योगदान पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को खेल की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों में उत्साह और जोश भरने के लिए सामूहिक व्यायाम, योगाभ्यास, मार्शल आर्ट्स प्रदर्शन और फिटनेस चुनौती जैसे पुशअप, रस्सीकूद तथा प्लैंक जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में छोटे बच्चों के लिए 50 मीटर दौड़, बोरा दौड़, तीन टांगों की दौड़ तथा चम्मच-गोली दौड़ रखी गई। कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के लिए 100 मीटर और 200 मीटर दौड़, कबड्डी एवं खो-खो का आयोजन हुआ। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने 400 मीटर और 800 मीटर दौड़, हॉकी, फुटबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच मैत्रीपूर्ण खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें रस्साकशी, क्रिकेट, फुटबॉल तथा म्यूजिकल चेयर जैसे खेलों का आयोजन हुआ। इन खेलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।कार्यक्रम के आयोजन का समापन किया गया।

## भंडरिया प्रखंड में उर्वरक की किल्लत किसानों ने बीडीओ से लगाई गुहार

**भंडरिया।** खरीफ मौसम में जहां खेतों में फसलें लहलहा रही हैं, वहीं भंडरिया प्रखंड के किसान इन दिनों उर्वरक की किल्लत से परेशान हैं। शुक्रवार को गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव के आह्वान पर प्रखंड के विभिन्न गांवों के किसान खाद लेने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे। ब्लॉक पहुँचने के बाद किसानों की भीड़ भंडरिया लैंपस पर जुट गई। दर्जनों महिला-पुरुष किसान सुबह से लेकर दोपहर तक खाद वितरण की प्रतीक्षा करते रहे, लेकिन लंबे इंतजार के बावजूद जब उन्हें उर्वरक उपलब्ध नहीं कराया गया, तो किसानों में आक्रोश फैल गया। इसके बाद किसान सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंहा के नेतृत्व में सामूहिक रूप से प्रखंड कार्यालय पहुंचे और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार से मुलाकात की।

### 700 बोरा यूरिया खाद बरामद, अब तक नहीं प्राप्त हुए वैध कागजात

# खाद की कालाबाजारी व अवैध भंडारण पर होगी सख्त कार्रवाई: डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**




**गढ़वा।** जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सजगता एवं तत्परता से खाद के अवैध परिवहन का भंड़ाफोड़ हुआ है। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई में बीती रात करीब 700 बोरा यूरिया खाद से लदा एक ट्रक जब्त किया गया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर चिनियां थाना पुलिस और प्रशासनिक दल द्वारा संयुक्त रूप से की गई। विदित हो कि दिनांक 27 अगस्त 2025 की रात्रि लगभग 10:30 बजे चिनियां थाना प्रभारी को गश्ती के क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बिलैतीखैर के समीप एक संदिग्ध ट्रक खाद से लदा हुआ चिनियां-गढ़वा की ओर आ रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस बल ने उक्त ट्रक को चेकिंग हेतु रोकने का प्रयास किया। इसी बीच लगभग 11:05 बजे पुलिस को देखते ही ट्रक चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। पुलिस बल द्वारा चालक को पकड़ने का प्रयास किया गया, किंतु अंधेरे का लाभ उठाकर वह फरार हो गया। जाँच के क्रम में ट्रक के अंदर पीले रंग के बोरे में लगभग 700 बोरा यूरिया खाद पाया गया, जिस पर प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना, भारत यूरिया अंकित है। मौके पर किसी प्रकार के वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। प्राप्त जानकारी पर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया तथा उनके निदेर्शानुसार उक्त वाहन को खाद सहित चिनियां थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया। खाद की वैधता सुनिश्चित करने हेतु जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान द्वारा सैंपल लेकर जांच हेतु भेजा गया है।

फिलहाल वाहन चालक, स्वामी द्वारा खाद से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। मामले की गहन जांच की जा रही है और खाद के अवैध परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने खाद की अवैध परिवहन की रोकथाम की दिशा में प्रशासनिक टीम की संयुक्त कार्रवाई की सराहना की और अवैध गतिविधियों पर हमेशा सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्रवाई करने तथा खाद की कालाबाजारी, अवैध परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी निगरानी रखते हुए इसमें संलिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई का निदेश दिया है।

उन्होंने कहा है कि खाद की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर एवं उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना स्थानीय प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## यूरिया के लिए रात-दिन कतार में खड़े हो रहे किसान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रमना।** किसानों को अन्नदाता कहा जाता है, जो खून पसीना बहा कर लोगों के लिए अन्न उपजाता हैं और इस अनमोल अन्न को हर घर परिवार के लोगों तक आसानी से उपलब्ध कराता है। नाफा कम नुकसान ही ज्यादा होता है फिर भी दिनरात किसानी में लगा रहता है। आज यही अन्नदाता खरीफ फसल धान की सिंचाई के लिए यूरिया खाद के लिए तरस रहा है और रात-दिन अनुग्यप्तिधारी खाद विक्रेताओं के दुकान का चक्कर लगाना पड़ रहा। प्रखंड में कुल 17 अनुग्यप्तिधारी दुकानदार है। लेकिन खाद का स्टॉक तीन चार लोगों के पास ही उपलब्ध हो रहा है, जिस कारण किसानों की हुजूम उमड़ पड़ रहा है, जिससे किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है, जिसका फायदा बिचौलिए खूब उठा रहे हैं। किसानों को खाद नहीं मिलने पर चार सौ से पांच सौ रुपय प्रति बोरा में बिचौलिए खाद की बोरा किसानों को दे रहे हैं। दुकानदार के दुकान पर सुबह शाम और रात के चक्कर लगाते-लगाते किसान थक हार कर विवस्ता में निर्धारित दर से उच्चे मूल्य पर खाद खरीद रहे है। सरकार द्वारा किसानों को यूरिया दुकानदार द्वारा लगभग 267 रुपया में देना है, लेकिन प्रशासन के उपस्थिति में किसानों को गत दिन पहले ही 320 रुपया में खाद वितरण किया गया। जिसमे, दुकानदारों द्वारा गैर किसानों से अंगूठा लगवाकर खाद का स्टॉक समाप्त दिखा दिया गया और किसान यूरिया खाद से बंचित रह गये। नाम नहीं छापने के शर्त पर किसानों ने बताया की कुछ रसूखदारों को रात्री में घर आकर सैकड़ों वैसे लोगो से अंगूठा लगवा लिया गया जो खेती बारी करते ही नहीं है। इस संबंध में सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय ने बताया की कुछ लोगों द्वारा इस प्रकार का काम किया जा रहा है, लेकिन अभी तक इसकी शिकायत किसी के द्वारा नहीं गयी है। यदि इस प्रकार का कोई गुप्त सूचना मिलेगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त गढ़वा दिनेश यादव ने जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। सर्वप्रथम बिनय शंकर पांडे सेवानिवृत्ति शिक्षक, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुखनदी बरडीहा ने आवेदन समर्पित करते हुए अपने त्रुटि पूर्ण पेंशन प्रपत्र में जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, गढ़वा द्वारा आवश्यक सुधार करते हुए महालेखाकार को नहीं भेजने की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि उनके पेंशन प्रपत्र में उनके नाम में आंशिक त्रुटि के कारण उनका पेंशन चालू नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि महालेखाकार के निर्देश के आलोक में पेंशन प्रपत्र में आवश्यक सुधार करते हुए पेंशन प्रपत्र भेजने के उपरांत पेंशन चालू हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस आशय की सूचना जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय को दो माह पूर्व दी जा चुकी है, परंतु अभी तक पेंशन प्रपत्र में आवश्यक सुधार करते हुए महालेखाकार को नहीं भेजी गई है। उन्होंने पेंशन प्रपत्र में सुधार करते हुए महालेखाकार को भेजने हेतु अनुरोध किया है ताकि उनका पेंशन प्रारंभ हो सके।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**(अनाबद्ध मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/23/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of cow shed for 17 cows electrification, sump tank and deep boring with jalminar at agriculture campus kinamar warehouse area Panchayat Pandepura Block Latehar Dist Latehar | 2483700 | 49700 | 5000 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 30.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 30.08.2025 से दिनांक 06.09.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –08.09.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 360669 Rural Development(25-26)#D



### कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी सेप्टिक टैंक मालिकों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, गढ़वा के क्षेत्रान्तर्गत उक्त टैंक से कार्य करने हेतु आपने सेप्टिक टैंकर का निबंधन नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय से कराना सुनिश्चित करें जिसका पंजीकरण शुल्क 25,000/– (पच्चीस हजार रुपये) है जिसका मान्य छः माह के लिए होगा। पुनः नवीकरण का शुल्क 25,000/– (पच्चीस हजार रुपये) होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 360704 (Urban Development)25-26*D



### जिला क्रीडा पदाधिकारी का कार्यालय, लातेहार

(जिला पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
Email Id- dsoltr2020@gmail.com

**Expression of Intereset (इच्छा की अभिव्यक्ति/निविदा)**

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के आदेश ज्ञापांक– 1095, दिनांक– 04.07.2025 के आलोक में जिला क्रीडा पदाधिकारी, लातेहार के लिए एक वाहन महिन्द्रा बोलेरो/बोलेरो नियो किराये पर चालक एवं ईधन सहित रखने का निदेश प्राप्त है। तद्नुसार वाहन उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक फार्म/प्रतिश्ठान से निम्नांकित शर्तो के अधीन प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

संबंधित फर्म/प्रतिष्ठान अपना निविदा तकनीकि बीड (A) एवं वित्तीय बीड (B) 02 (दो) अलग–अलग लिफाफा में मुहर बंद कर तीसरे लिफाफा (C) में बंद कर निविदा दिनांक– 09.09.2025 को पूर्वाह्न 01:30 PM बजे तक जिला खेल कार्यालय, लातेहार (जिला खेल स्टेडियम, लातेहार) में जमा किया जा सकता है। उक्त निविदा को दिनांक–09.09.2025 समय 03:00 बजे अपराह्न में गठित निविदा समिति के समक्ष समाहरणालय सभागार, लातेहार में खोला जायेगा। उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी लातेहार जिले के वेबसाईट जिला क्रीडा कार्यालय, लातेहार के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

जिला क्रीडा पदाधिकारी,
लातेहार

PR 360678 District (25-26)_D



### कार्यालय नगर परिषद् विश्रामपुर (पलामू)।

Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code-822132
Email id:-nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 1176/न0प0, दिनांक 28/08/2025

**प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 से संबंधित अति–महत्वपूर्ण सूचना :–**

प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के तहत चतुर्थ घटक अन्तर्गत आवेदकों के द्वारा ऑनलाईन फार्म विभिन्न प्रज्ञा केन्द्रों/इन्टरनेट कैफे आदि माध्यमों से समर्पित किया गया है।

उक्त के आलोक में संबंधित आवेदको को सूचित किया जाता है कि ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने के पश्चात सम्पूर्ण कागजातों की मूलप्रति/छायाप्रति संलग्न कर अब तक नगर परिषद कार्यालय में समर्पित नहीं किया गया है तो वे निश्चित रूप से दिनांक 31.08.2025 तक समर्पित कर दें अन्यथा उनके आवेदन को अपूर्ण मानते हुए अस्वीकृत करने की कार्रवाई किया जा सकता है, जिसके लिए वह स्वंय जिम्मेवार होंगे।

**विषय अति–महत्वपूर्ण।**

प्रशासक,
नगर परिषद्, विश्रामपुर

PR.NO.360758 District(25-26):D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**
**(डी0एम0एफ0टी0 मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/18/2025-26(2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत नेतरहाट में CONSTRUCTION OF AGANWADI KENDRA AT AIGU NETARHAR का कार्य। | Gr_2 | 1903700 | 38100 | 5000 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 30.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 30.08.2025 से दिनांक 06.09.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 08.09.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.360670 Rural Development(25-26):D



### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार।

**अति–अल्पकालीन दर उद्धरण (Quotation) आमंत्रण–सूचना संख्या– 1/2025–26**

पथ प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत गुण नियंत्रण अवर प्रमण्डल कार्यालय, लातेहार हेतु तालिका में वर्णित उपस्करों एवं सामग्रीयों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन के लिए दर निर्धारण किया जाना है। इसके लिए ख्यातिप्राप्त आपूर्तिकर्त्ताओं से दर उद्धरण (Quotation) आमंत्रित किया जाता है। दर उद्धरण (Quotation) दिनांक 09.09.2025 को 3:00 अपराह्न तक प्राप्त की जायेगी, जो दिनांक 09.09.2025 को ही अपराह्न 3:30 में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित उद्धरणकर्त्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जायेगी। सभी सामग्री उच्च गुणवत्ता का होना अनिवार्य होगा। समुचित गुणवता एवं BIS मानक के सामग्रियों की ही आपूर्ति ली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है:–

| Sl. No. | Item | Quantity | Quoted Rate (in Rs) (Without GST) |
|---|---|---|---|
| 1 | ELECTRONIC BALANCE 20KG | 1 No. | |
| 2 | ELECTRONIC BALANCE 10 KG | 1 No. | |
| 3 | HOT AIR OVEN 18X18 S.S | 1 No. | |
| 4 | BRASS SIEVES 300 MIC | 1 No. | |
| 5 | CUBE TEST MACHINE 2000KN DIGITAL | 1 No. | |
| 6 | GI TRAY 36X24 | 2 No. | |
| 7 | GI TRAY 12X18 | 2 No. | |
| 8 | MOISTURE CONTAINER | 10 No. | |
| 9 | FILTER PAPER | 10 Pkt | |
| 10 | CORE DRILLING M/C WITH PETROL ENGINE | 1 No. | |
| 11 | CUBE MOULD 150X150X150 MM | 12 No. | |
| 12 | INFRARED THERMOMITER HSETIN | 2 No. | |
| 13 | M.TAPE 30MTR STEEL | 1 No. | |
| 14 | M.TAPE 5 MTR | 1 No. | |
| 15 | DEPTH GAUGE | 5 No. | |
| 16 | BITUMEN EXTRACTOR E/O | 1 No. | |
| 17 | BENZENE 25 LTR | 2 No. | |
| 18 | HOT PLATE 200MM DIA | 1 No. | |

नोट :–
1. कोटेशनदाता दर उद्वत करने के पूर्व स्थल निरीक्षण अवश्य कर लेंगे। बाद में किसी प्रकार का दर परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
2. उद्धरणकर्त्ता को दर उद्धरण में PAN एवं GST अंकित करना अनिवार्य होगा।
3. किसी भी उद्धरण को बिना कारण बताये रदद् करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
4. उद्वत दर में ढुलाई एवं अधिष्ठापन की राशि शामिल रहेगी।
5. यह दर उद्धरण आमंत्रण सूचना मात्र दर निर्धारण हेतु होगा।
6. निविदा आमंत्रण सूचना www.prdjharkhand.gov.in एवं निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
7. निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।

कार्यपालक अभियन्ता
प0नि0वि0 पथ प्रमण्डल लातेहार

PR 360675 (Road) 25-26 (D)

# न्यूज बॉक्स

## धूमधाम से किया गया गणपति का विसर्जन

**चंदवा।** थाना टोली स्थित लक्ष्मी निवास पतंजलि केंद्र परिसर में धूमधाम से गणेशोत्सव का आयोजन किया गया। शुक्रवार की सुबह हवन आरती की गई। दोपहर बाद श्री गणेश जी महाराज को विभिन्न प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया गया। दोपहर बाद महाआरती के पश्चात गाजे बाजे के साथ देवनद तट पर गणपति बप्पा मोरया समेत कई जयकारा लगाते हुए श्रद्धालुओं ने प्रतिमा विसर्जित की। मौके पर हरिनंदन दुबे, राजेशचंद्र पाण्डेय, शशिकांत मिश्र, मनोज दुबे, प्रमोद दुबे, बबलू दुबे, गौतम दुबे, पंकज दुबे, अनिकेत मिश्रा, वीरा दुबे, ओमकार दुबे समेत कई लोग मौजूद थे।

## मस्जिदें गौसिया के सदर बने मजूल अंसारी

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम अंम्वाटोली स्थित मस्जिदें गौसिया में शुक्रवार को अंजुमन कमिटी का चुनाव किया गया। जहां मजूल अंसारी, के फिर से सदर लिए मनोनीत किया गया। वहीं नाईब सदर के रुप में मोहम्मद आसिफ कैशर और दुबारा सिक्रेट्री के पद पर मोहम्मद शहाबुद्दीन खान एवं नाइब सिक्रेट्री मोहम्मद शाहिद अहमद उर्फ भोलू,वहीं खजांची पद के लिए भी दुबारा मोहम्मद फिरोज अंसारी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसके बाद चयनित अंजुमन के सभी पदाधिकारियों को उपस्थित लोगों के द्वारा माला पहना कर हौसला अफजाई किया और बधाई दी। मौके पर अंजुमन के अन्य लोग मौजूद थे।

## जन शिकायत निवारण का आयोजन

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जन शिकायत निवारण में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए, जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, आवास, रोजगार से संबंधी जुड़े आवेदन आये। उप विकास आयुक्त ने जन शिकायत निवारण में उपस्थित लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## मयूरहंड में दुर्गा पूजा समिति का गठन

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुवार को दुर्गा पूजा समिति की बैठक रामभरोस सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं पूजा के सफल संचालन के लिये कमिटी के गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अश्वनी कुमार सिंह को अध्यक्ष, संतोष कुमार सिंहा को सचिव व पिंटू कुमार राणा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर पूर्व डाकपाल अलखदेव सिंह, पूर्व मुखिया अनिल सिंह, पूर्व उप प्रमुख भुनेश्वर साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र नायक, पैक्स अध्यक्ष रणधीर सिंह, मनोज राणा, भोला प्रजापति, मुकेश राणा, सत्येंद्र सिंह, राजू राम, बुटन सिंह, बिलटू महतो, कल्लू सिंह, किशोर केशरी, हरी ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

## गड्ढे में भरे गए डस्ट की उड़ती धूल से लोग बेहाल

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड में मुख्य मार्ग की गड्ढे में भरे गए डस्ट की उड़ते धूल से चौक चौराहे के दुकानदार बेहाल हैं। जानकारी देते हुए राकेश प्रसाद, मुकेश कुमार,अमन कुमार बिक्की, मनीष कुमार, निकसन, रीगन कुमार, मनोज प्रसाद, ईश्वरी प्रसाद, ललन कुमार, सत्येंद्र साव, राजेश साव, योगेंद्र पासवान सहित कई ग्रामीणों ने बताया की बारियातू बस स्टैंड के मुख्य मार्ग पर गड्ढे बन गया था। गड्ढा भरने के लिए डस्ट डाला गया। प्रतिदिन सैंकड़ों वाहन आते जाते रहता है। डाले गए डस्ट की उड़ते धूल से चौक-चौराहे मे आने जाने वाले सहित आसपास के दुकानदार बेहाल रहते हैं। धूल इतना अधिक उड़ता है कि फल दुकान, कपड़ा दुकान, चोमिंग दुकान, छोटे बड़े सभी होटल मे धूल की परत बैठ जाता है, जिससे रहना मुश्किल हो गया है। प्रखंड के सभी नौ पंचायत के 56 गांव के लोग अपने अपने कार्य के लिए बारियातू प्रखंड मुख्यालय आते जाते रहते हैं। चौक चौराहे के होटल मे नास्ता खाना व अन्य सामग्री खरीदना भी दुर्लभ हो गया है। जिससे चौक के लोगों को भारी आर्थिक क्षति भी हो रही है। सुदूरवर्ती गांव के दूर दूर से आए यात्री बस बैठने के लिए यात्रियों को भी धूल फंकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा की इसपर यदि प्रखंड प्रशासन पहल नहीं करती है तो लोग परेशान रहेंगे। ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से धूल से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

## विधायक ने की विभागवार समीक्षा बैठक

**मयूरहंड (चतरा)।** सिमरिया विधायक उज्ज्वल कुमार दास ने जनहित में शुक्रवार को मयूरहंड प्रखंड सभागार में विभागवार समीक्षा बैठक की गई।बैठक में मनरेगा, पेंशन, पीएचईडी, शिक्षाविभाग, जनवितरण, राजस्व, सहित अन्य विभागों का समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान पता चला कि प्रखंड में बिना उ-डायस कोड के विद्यालय खुले हुए हैं, जिसके प्रति बीईओ ने अनभिज्ञता प्रकट की गई। इसपर विधायक ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई गई। उन्होंने ऐसे अवैध तरीके से संचालित विद्यालयों की जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया। हर घर जल नल योजना में बरती जा रही शिथिलता विधायक ने नाराजगी जताई। पीएचईडी के कनीय अभियंता को विधायक ने सख्त हिदायत देते हुए ससमय कार्य पूरा करने का आदेश दिया। यदि अब लापरवाही बरती गई तो कनीय अभियंता और विभाग के पदाधिकारी नपेंगे। उन्होंने प्रखंडअंचल कर्मियों को जनहित में कार्य करने का आह्वान किया। बीडीओ मनीष कुमार ने इसे गंभीरता से लेते हुए विधायक को बेहतर कार्य संस्कृति का आश्वासन देते हुए कर्मियों को जनहित में बेहतर तरीके से कार्य करने का आदेश दिया। इस अवसर पर कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध साईकिल का वितरण छात्रों के बीच किया गया।इस अवसर पर प्रमुख मिक्की देवी,समाजसेवी शिवकुमार सिंह,आजसू नेता सत्येंद्र भगत,बीजेपी के वरिष्ठ नेता अश्विनी कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष महेंद्र नायक, पंचायत प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में क्षेत्र के आमजन मौजूद थे।

## चालकों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम

**चंदवा।** जनता मजदूर संघ के बैनर तले सीसीएल राजहरा क्षेत्र के अधीन कार्य करने वाले छोटे वाहन चालकों ने शुक्रवार को काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी किया। विरोध जताते हुए संघ के लोगों ने कहा कि हमारी मांगों पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसी क्रम में आंदोलनरत एक चालक को बिना कारण वाहन मालिक ने हटा दिया। संघ ने प्रबंधन से मांग की है कि चालक को पुनः काम पर रखा जाय। मांगे पूरी नहीं होने तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। जनता मजदूर संघ के जोनल सचिव प्रताप यादव के निर्देश से यह आंदोलन किया गया। इस आंदोलन में मिथुन कुमार, राहुल कुमार, विकाश कुमार, मो गुफरान, भगवती कुमार, अजय कुमार, मुकेश कुमार, संतोष कुमार, सिद्धार्थ कुमार, आनंद चौहान, नीतीश, विवेक, विष्णु, श्राजुल, धर्मवीर, पप्पू, सहदेव, बाबूलाल, वीरेंद्र, रामनाथ समेत कई लोग शामिल है।

## दो जेजेएमपी उग्रवादी के घर चिपकाया इश्तेहार

**लातेहार।** पुलिस एवं सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में जेजेएमपी उग्रवादियों से साथ पेसरार व केदलीटांड़ से सटे जंगल में हुए मुठभेड़ से संबंधित लातेहार थाना कांड में प्राथमिकी अभियुक्त शिव सिंह उर्फ शिव जी उर्फ शिवा, उर्फ कईला, रामदेव लोहरा उर्फ साधु उर्फ काका के घर पर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार लातेहार थाना के अनुसंधानकर्ता पुअनि विक्रांत कुमार उपाध्याय द्वारा डुगडुगी बजाकर इश्तिहार चिपकाया गया। घर पर मौजूद परिजनों से नक्सली को आत्मसमर्पण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान लातेहार थाना सब इंस्पेक्टर विक्रांत कुमार उपाध्याय ने उसके घर के आस पास के ग्रामीणों से अपील की है कि जल्द से जल्द पुलिस या न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करने हेतु फरार नक्सली को प्रेरित करें अन्यथा उनके घर को कुर्की की जाएगी।

### महुआडांड़ में एसडीएम पर कार्रवाई की मांग का मामला

# एसडीओ विशेष समुदाय के लोगों को संरक्षण दे रहे हैं : हरिकृष्ण सिंह

- अनिश्चितकालीन बंद का मिला-जुला असर, कई सामाजिक संगठनों का मिली समर्थन

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** प्रखंड में शुक्रवार को हिंदू महासभा के आह्वान पर एसडीएम बिपिन कुमार दुबे के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन बंद का प्रखंड में मिला-जुला असर देखा गया। सुबह से ही हिंदू समुदाय से जुड़े सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें और प्रतिष्ठान बंद रखे, जबकि अन्य समुदायों की दुकानें सामान्य दिनों की तरह खुली रहीं। बस स्टैंड से छोटी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन सामान्य रूप से जारी रहा, जिससे आमजन को परिवहन की कोई बड़ी परेशानी नहीं हुई।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** बंद को देखते हुए एसडीएम बिपिन कुमार दुबे के निर्देश पर प्रखंड के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई। साथ ही, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक सतर्कता के कारण बंद के दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

**हिंदू महासभा की बैठक, आंदोलन तेज करने का निर्णय :** बंद के दौरान हिंदू महासभा की एक दुर्गा बाड़ी परिसर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मनोज जायसवाल ने की। बैठक में सैकड़ों की संख्या में हिंदू समुदाय के लोग उपस्थित थे। चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि शनिवार को भी अनिश्चितकालीन बंद जारी रहेगा और चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

**पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह का समर्थन :** उक्त मामले को लेकर पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य हरिकृष्ण सिंह भी महुआडांड़ पहुंचे और दुर्गा बाड़ी में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एसडीओ विशेष समुदाय के लोगों को संरक्षण दे रहे हैं, जो प्रशासनिक मयार्दा के खिलाफ है। उन्होंने एसडीओ को कांग्रेस एजेंट के रूप में कार्य नहीं करने की नसीहत दी साथ ही कहा कि हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जायसवाल और उनके प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक के दौरान अभद्र व्यवहार किया, जो निंदनीय है। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि जांच के बाद एसडीओ पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इसी क्रम में मायापुर पंचायत के मुखिया सुभाष सिंह ने भी हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जायसवाल से मुलाकात कर आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

# खेलकूद हमारे जीवन की अभिन्न अंग : कंचन

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** मेरा युवा भारत, लातेहार के तत्वावधान में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर लेधपा ग्राम के खेल मैदान में में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लेधपा के प्राचार्य एड्ना युनुस, ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह, शिक्षक प्रभु दयाल सिंह समेत विद्यालय के अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के विभिन्न युवा मंडल के सदस्यों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लेधपा के छात्र एवं छात्रा दोनों के लिए दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेल से मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है, सभी को प्रतिदिन कुछ समय खेल के मैदान में गुजारना चाहिए। फुटबॉल प्रतियोगिता में नीलांबर-पीताम्बर युवा क्लब लेधपा की टीम विजयी हुई। वहीं सेमरटांड की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ (महिला) में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः सोनम कुमारी, कुशिमला कुमारी एवं आरती कुमरी ने प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ (महिला) में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः प्रियंका कुमारी, रानी कुमारी एवं देवंती कुमारी ने प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ (पुरुष) में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः सनोज कुमार, जोगेंदर सिंह एवं भूषण सिंह ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ (महिला) में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः ने सागर उरांव, रेहान अंसारी एवं रणजीत उरांव प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को शिल्ड एवं मेडल से सम्मानित किया गया।

# प्रेस क्लब ने डीडीसी के माध्यम से डीसी को सौंपा ज्ञापन

- डीडीसी सैय्यद रियाज अहमद ने पत्रकार पर हुए हमले की घटना की निंदा की, कहा-
- पत्रकारों पर हमले बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** बालूमाथ के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता पर हुए जानलेवा हमले के बाद प्रेस क्लब लातेहार एक्शन में आ गया है। पत्रकार पर हुए हमले के विरोध में गंभीर चिंता व्यक्त की। इस मामले को लेकर प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार उपायुक्त के नाम डीडीसी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर शीघ्र एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रेस क्लब ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रेस क्लब ने हमले की निंदा करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। वहीं लातेहार उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने घटना की निंदा की। उन्होंने निष्पक्ष जांच कराने का भरोसा दिलाया। अहमद ने कहा कि पत्रकार जिले के विकास की डोर हैं, ऐसी घटना को जिला प्रशासन कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। वहीं उप विकास आयुक्त ने बताया कि इस मामले को लेकर उपायुक्त से बात हुई है, दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में लातेहार प्रेस क्लब के अध्यक्ष विकास तिवारी, संरक्षक संजीव गिरी, संजीत गुप्ता, उपाध्यक्ष मनीष सिन्हा, कोषाध्यक्ष मनोज मेहता, अंकेक्षक नीरज सिन्हा मीडिया प्रभारी निहित कुमार, संजीत पाण्डेय, रामकुमार, रूपेश अग्रवाल, राहुल पाण्डेय, राहुल कुमार, विवेक सिन्हा, आशीष वैद्य, कमलेश कुमार, संतोष कुमार, बीरेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, अमन सिन्हा, विभुतिनाथ, मो. शमीम, कौशर अली और रमेश पांडेय शामिल थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

# महान खिलाड़ियों के जीवन से प्रेरणा लेने की जरुरत : राजीव रंजन

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पारंपरिक खेलकूद दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव नरेंद्र कुमार पांडे, अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी जिला पर्यावरण संरक्षक धर्मेंद्र जायसवाल धीरेंद्र शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव नरेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। यह विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं संघर्षशीलता का विकास करता है। लातेहार जिला स्टेडियम परिसर में विभिन्न प्रकार के पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों में बोरा दौड़, मेंढक दौड़, स्पून एंड मार्बल रेस, कबड्डी, सुई धागा इत्यादि प्रतियोगिताएं शामिल थीं। अलग-अलग कक्षाओं के अनुसार वर्गसह प्रतियोगिताएं कराई गईं। मेंढक दौड़ शिशु वर्ग में रूपेश सिंह आयुष प्रजापति एवं प्रिंस गुप्ता प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे, कबड्डी बाल वर्ग प्रतियोगिता में वर्षा रानी प्रथम आराध्या द्वितीय एवं सोनाक्षी तृतीय स्थान पर रहे, बोरा दौड़ प्रतियोगिता में किशोर वर्ग से अर्पणा कुमारी, पल्लवी कुमारी एवं कोमल कुमारी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सुई धागा किशोर वर्ग प्रतियोगिता में नीति गुप्ता प्रथम स्थान पर निधि कुमारी द्वितीय स्थान पर एवं रागिनी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिशु वाटिका से अरुण के भैया बहनों ने जलेबी दौड़, उदय में बिस्किट दौड़, प्रभात में चम्मच और कांचा दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें सिद्धि कुमारी अमित राज सिंह और गरिमा भारती प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारियों एवं विद्यालय के आचार्यों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हमें मेजर ध्यानचंद जैसे महान खिलाड़ियों के जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर देता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रहना चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। सभी पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का मार्गदर्शन दे रहे। प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस पर पारंपरिक खेलकूद दिवस का आयोजन किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों में खेल भावना, आपसी सहयोग एवं टीम स्पिरिट का विकास हो। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त आचार्य दीदी एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बाजार दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने राकेश

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह में बाजार दुर्गा पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राकेश कुमार अग्रवाल ने की। इसमें बाजार के दुकानदारों, बुद्धिजीवियों और वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पूर्व की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। विशेष बात यह रही कि दोबारा राकेश कुमार अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल रहा। नई समिति में विभिन्न जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। इसमें उपाध्यक्ष के रूप में राजू सिंह, सन्त्री मल्होत्रा, रॉकी कुमार, गौतम कुमार और मिडू अग्रवाल का चयन हुआ। सचिव पद का दायित्व शैलेंद्र सिंह उर्फ सिपी को सौंपा गया, जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में मुकेश अग्रवाल उर्फ मुक्कू और मोहित वर्मा चुने गए। सह सचिव पद पर अंकित वर्मा, कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में मनीष कुमार उर्फ पिंकू और विष्णु लाल सहाय को जिम्मेदारी मिली। लेखपाल विशाल अग्रवाल और संतोष कुमार वर्मा, पूजा प्रभारी राकेश रंजन अग्रवाल सह पूजा प्रभारी राहुल अग्रवाल बने।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।

ई– संख्या– **DOPR/DE/ZP/Palamu 10/2025-26**

| | |
|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | दिनांक 06.09.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– | दिनांक 06.09.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 13.09.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा शुल्क (जो लौटाया नहीं जायेगा), अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति आदि दस्तावेज मूल रूप में जमा करने की तिथि/स्थान। :– | दिनांक 15.09.2025 (अपराह्न 3:00 बजे तक) कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– | दिनांक 16.09.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| निविदा खोलने का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | |

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | छतरपुर | चेराई –1 | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, चेराई का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-01 |
| 2 | छतरपुर | सिलदाग | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सिलदाग का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-02 |
| 3 | छतरपुर | रूदवा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, तेलाड़ी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-03 |
| 4 | छतरपुर | बगैया | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, उदयगढ़ का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-04 |
| 5 | हरिहरगंज | कटैया | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कटैया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-05 |
| 6 | हरिहरगंज | कुलहिया | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, शिकारपुर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-06 |
| 7 | हुसैनाबाद | दंगवार | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, नदीयाईन बरवाडीह का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-07 |
| 8 | हुसैनाबाद | उर्दवार मंजुराहा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, उर्दवार का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-08 |
| 9 | तरहसी | नवगढ़ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बलीयारी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-09 |
| 10 | तरहसी | पाठकपगार | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पाठकपगार का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-10 |
| 11 | तरहसी | तरहसी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, तरहसी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-11 |
| 12 | मनातू | पदमा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पदमा का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-12 |
| 13 | डालटनगंज | – | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बैरिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-13 |
| 14 | डालटनगंज | चियाँकी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, चियाँकी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-14 |
| 15 | लेस्लीगंज | ओरिया कला | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, ओरिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-15 |
| 16 | पाँकी | केल्हवा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बोरोदिरी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-16 |
| 17 | नौडीहा बाजार | नौडीहा बाजार | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, नौडीहा बाजार का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-17 |
| 18 | डालटनगंज | झाबर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, झाबर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-18 |
| 19 | डालटनगंज | लहलहे | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सिन्दुरिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-19 |
| 20 | डालटनगंज | सुआ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र,सुआ कौड़िया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-20 |
| 21 | लेस्लीगंज (सतबरवा) | धावाडीह | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, धावाडीह का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-21 |
| 22 | पाटन | पाटन (केल्हार) | CHC पाटन अन्तर्गत ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण। | 50.142 | 1.05 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-22 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (**District Engineer, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। ह0/–

PR 360762 District (25-26)D

जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT
NAGAR PANCHAYAT, CHHATTARPUR

**SHORT TERM TENDER NOTICE NO.- NPC-09/2025-26**

| SL. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|
| | नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद | | | | |
| 1 | Construction of Drain from middle school madanpur to Naya pool in ward no. 01 | 999653 | 19993 | 5000/- | 30 Days |
| 2 | Construction of PCC road From H/o Mohan paswan to pani tanki in ward no. 02 | 951579 | 19032 | 5000/- | 30 Days |
| 3 | Construction of PCC Road from NH98 to near +2 high school chhattarpur in ward no. 03 | 995900 | 19918 | 5000/- | 30 Days |
| 4 | Construction of Drain from H/O Shivnath Ram Via bara School to pcc in ward no. 04 | 998478 | 19970 | 5000/- | 30 Days |
| 5 | Construction of PCC Road from bypass to towards shiv mandir in ward no. 05 | 999824 | 19996 | 5000/- | 30 Days |
| 6 | Construction of Drain from H/o Ganesh yadav to School in ward no. 06 | 995321 | 19906 | 5000/- | 30 Days |
| 7 | Construction of PCC Road H/o Vinod Ram to Khusmuniya bibi in ward no. 07 | 951579 | 19032 | 5000/- | 30 Days |
| 8 | Construction of PCC Road from H/o Sikander Urawn to Vishwanath Choudhary in ward no. 08 | 994407 | 19888 | 5000/- | 30 Days |
| 9 | Construction of PCC Road from H/o Bagaiya main road to H/o Ranjit Choudhary in ward no. 08 | 988001 | 19760 | 5000/- | 30 Days |
| 10 | Construction of PCC Road from old primary school to the land of Mahmud khan towards middle school Mandeya in ward no-9. | 996434 | 19929 | 5000/- | 30 Days |
| 11 | Construction of PCC Road from Old PCC road in mid of Dom Aahar to H/O Jitu goshwami near Main market in ward no-10. | 995784 | 19916 | 5000/- | 30 Days |
| 12 | Construction of PCC Road and Drain from H/O Mathura saw to H/O Bigan saw in ward no. 11 | 996219 | 19924 | 5000/- | 30 Days |
| 13 | Construction of PCC Road from Pawariya patti pwd main road to land of Kamta saw in ward no-12. | 995618 | 19912 | 5000/- | 30 Days |
| 14 | Construction of Drain From H/O Mahendra chaudhary via H/O Murari yadav Towards nala in ward no-12. | 992522 | 19850 | 5000/- | 30 Days |
| 15 | Construction of PCC Road from Devi mandap via Anganwadi to the H/O Binod barai in khatin ward no-13. | 997336 | 19947 | 5000/- | 30 Days |
| 16 | Construction of PCC Road from Pandu main road to H/O Ramchandra yadav in ward no-14. | 997336 | 19947 | 5000/- | 30 Days |
| 17 | Construction of PCC Road from H/O santosh chandravanshi via Bagaihiya bandh towards H/O vinay yadav in ward no-14. | 997336 | 19947 | 5000/- | 30 Days |
| 18 | Construction of PCC Road from Sadma college main road to H/O Arun saw in ward no-15. | 997336 | 19947 | 5000/- | 30 Days |
| 19 | Construction of PCC Road from old pcc road via nahar towards H/O-janeshwar yadav in Tadiyahi ward no. 16 | 995984 | 19920 | 5000/- | 30 Days |
| 20 | Construction of PCC from Purana Nagar Panchayat to near Jitendra Gupta House in Ward No. 03 | 961537 | 19231 | 5000/- | 30 Days |
| | विभाग का नाम:– | नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रॉंची। | | | |
| | विज्ञापनदाता का नाम:– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान:– | दिनांक–12.09.2025 को समय– 5:00 अपराह्न तक। स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| | निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान:– | दिनांक–15.09.2025, समय– 2:00 बजे अपराह्न तक, स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| | निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान:– | दिनांक–15.09.2025, समय– 2:30 बजे अपराह्न तक, स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| | हेल्प लाईन नं0– | | | | |

नोट:–
1. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस के कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन नहीं किया जायेगा।
4. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जप्त कर ली जायेगी।

PR 360685 District (25-26)_D

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर

# न्यूज बॉक्स

## उल्लास नवभारत कार्यक्रम के तहत शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सर्वेयर तथा स्वयंसेवी शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षण में संबंधित पोषक क्षेत्र के सर्वेयर तथा स्वयंसेवी शिक्षकों को कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। राज्य संसाधन समूह के सदस्य शिक्षक सह प्रशिक्षक शिव कुमार प्रजापति द्वारा प्रशिक्षण में बताया गया कि इस कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से ऊपर के सभी निरक्षरों का सर्वे कर ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित करना है। साथ ही जन चेतना केंद्र के माध्यम से पठन पाठन का कार्य संचालित कर उन्हें साक्षर करने का कार्य करना है इनका प्रत्येक वर्ष मार्च तथा सितंबर में आकलन परीक्षा आयोजित की जायेगी प्रशिक्षण में कार्यक्रम के मुख्य चार घटकों सर्वेक्षण तथा पंजीकरण, शिक्षार्थियों को स्वयंसेवी शिक्षकों के साथ टैगिंग और जन चेतना केंद्रों का संचालन तथा प्रमाणीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। वही प्रशिक्षक के द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत संचालित किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य है। समाज में सभी निरीक्षरकों को साक्षर कर बुनियादी शिक्षा हासिल कराना एवं व्यवसायिक कौशल का विकास करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी सर्वेयर तथा स्वयंसेवी शिक्षक के अलावे बीपीओ प्रकाश रंजन, बीआरपी अम्बिका शरण पाण्डेय, तथा सभी सीआरपी, बीआरपी, सिनी टाटा ट्रस्ट के उदित कुमार, सर्वेयर शिक्षक बुधन राम, मेराज अंसारी, रेणु प्रजापति, प्रतिमा कुमारी, संजीत कुमार, अमित नायक, ललिता कुमारी, दुर्गा भगत, दीपक राम समेत अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## बिजली चोरी के खिलाफ कैरो व उतका गांव में चलाया गया छापामारी अभियान



**कैरो/लोहरदगा।** अवैध बिजली उपभोक्ताओं पर नकेल कसने के लिए विद्युत विभाग की टीम ने शुक्रवार को कैरो पंचायत के कैरो एवं उतका गांव में छापामारी अभियान चलाया। यह कार्रवाई विद्युत विभाग के प्रबंध निदेशक रांची के पत्रांक 262/एपीटी के निर्देश पर की गई। अभियान का नेतृत्व अवर प्रमंडल कुडू के सहायक अभियंता मो. जीशान अहमद ने किया। छापामारी के दौरान पांच उपभोक्ता अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करते पकड़े गए। विभाग ने सभी पर जुर्माना अधिरोपित करते हुए कैरो थाना में मामला दर्ज कराने की अनुशंसा की है। इस दौरान छापामारी दल में कार्यपालक अभियंता मो. साबिर अंसारी, तकनीकी सहायक दिनेश कुमार, मानवदिवस कर्मी मजूल अंसारी एवं बैकुंठ शुक्ला सहित कैरो थाना की सशस्त्र बल टीम शामिल रही।

## भीठा गांव में सनसनी : विछिप्त पति ने पत्नी की हत्या कर शव को घर में ही दफनाया



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के भीठा गांव में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। विगत 24 अगस्त की रात गांव के रघु उरांव ने अपनी पत्नी फूलो उरांव की हत्या कर शव को घर में ही दफना दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों को 28 अगस्त को हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने भंडरा पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह, दंडाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी के नेतृत्व में दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को घर से बाहर निकलवाया। तत्पश्चात रांची से पहुंची फॉरेंसिक जांच टीम ने पूरे मामले की जांच की। शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपी रघु उरांव का आपराधिक इतिहास रहा है। वर्ष 2010 में उसने अपने पिता धनमासी उरांव की हत्या कर दी थी। वहीं 2014 में उसने अपनी चाची की भी हत्या का प्रयास किया था। इधर पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

## पीएम की मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में भाजयुमो ने थाना में दी लिखित शिकायत



**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) लोहरदगा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को लोहरदगा थाना पहुंचकर कांग्रेस के दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई। भाजयुमो ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जो बेहद निंदनीय है। मौके पर भाजयुमो झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की यह टिप्पणी शर्मनाक है। अगर भविष्य में कांग्रेस के कार्यकर्ता इसी तरह की बयानबाजी करते रहे तो भाजपा व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ईंट का जवाब पत्थर से देंगे। उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। शिकायत दर्ज कराने के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, जिला मंत्री मिथुन कुमार, राजकुमार साहू, पवन सिंह, सुनील कुमार, सचिन सिंह समेत युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को किया गया याद



**लोहरदगा।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती गुरुवार को देशभर में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। इसी क्रम में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा में भी कार्यक्रम आयोजित कर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। विद्यालय परिसर में उनके चित्र पर पुष्पार्चन और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय ने बच्चों को मेजर ध्यानचंद के जीवन और संघर्षों की प्रेरणादायी बातें बताईं। उन्होंने कहा कि बचपन के संघर्षों के बावजूद ध्यानचंद ने खेल को अपना लक्ष्य बनाया और विश्व स्तर पर भारत को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने भारतीय संस्कृति से जुड़े पारंपरिक खेलों में भाग लिया। इनमें पीठो, कबड्डी, किटकिट, आँख-मिचौली, 400 मीटर व 100 मीटर दौड़ और पाँच गोटी प्रमुख रहे। वहीं वाटिका वर्ग के नन्हें बच्चों के लिए सुनीता दीदी द्वारा चॉकलेट रेस और मेंढक रेस का आयोजन किया गया, जिसने बच्चों में खासा उत्साह भर दिया। विद्यालय परिसर पूरे दिन खेल और उल्लास से सराबोर रहा।

### गणेश चतुर्थी पर महाकाल गणेश पूजा समिति का नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

# बच्चों व कलाकारों की प्रस्तुति को देखकर दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

- सिद्धिविनायक गणपति बप्पा के भजनों पर प्रस्तुत नृत्यों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया

**नवीन मेल संवाददाता**





**लोहरदगा।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर महाकाल क्लब गणेश पूजा समिति, कृषि मार्केट लोहरदगा के तत्वावधान में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रात्रि 8 बजे से नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जो देर रात तक चला। समिति के पदाधिकारियों एवं भक्तों ने सिद्धिविनायक गणपति बप्पा को माल्यार्पण कर माथा टेका। इसके बाद पूरे परिसर में "गणपति बप्पा मोरया" एवं "जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा, जय श्रीराम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू, योगी सेना के जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर तथा संरक्षक अजय पंकज, रितेश साहू, अशोक साहू, मिथुन टोप्पो, गौरव अग्रवाल उर्फ गुड्डू एवं आकाश कुमार साहू मौजूद थे। नृत्य प्रतियोगिता में कुल 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमे ऑफिशियल लोहरदगा डांस एकेडमी, अमर बरियर रांची, प्रिंसी कुमारी, प्रगति कुमारी, ग्रेट टैलेंट डांस अकेडमी, जिज्ञासा सोलो,जागृति कुमारी, शैली कुमारी, रोहित पॉप, जीत रॉक स्टेट डांस अकेडमी, आरडीए ग्रुप, मैजिक मूव्स रांची, दुबराज महली, प्रिंस राज एवं आँचल कुमारी, अमृता कुमारी, रितिका कुमारी, माही कुमारी, रूपा मुंडा, पिहू साहू, नैन्सी मिंज, आरोही कुमारी, आराध्या कुमारी, दीपा कुमारी गुप्ता, एलीना किंडो, अनन्या कुमारी, प्रीति शर्मा थे। सभी प्रतिभागियों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। बच्चों और कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। सिद्धिविनायक गणपति बप्पा के भजनों पर प्रस्तुत नृत्यों ने वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। प्रतिभागियों में से चयनित कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार – आर वरियर रांची (5100 और शील्ड), द्वितीय पुरस्कार – जीत रॉक स्टेट डांस अकैडमी (3100 और शील्ड), तृतीय पुरस्कार – ऑफिशियल लोहरदगा डांस अकैडमी (2100 और शील्ड) व अन्य प्रतिभागियों को भी 1000 एवं शील्ड देकर प्रोत्साहित किया गया। समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। महाकाल क्लब आगे भी इसी तरह के भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष योगदान रहा। अध्यक्ष : विवेक गुप्ता, उपाध्यक्ष : राकेश साहू, नीरज साहू उर्फ बिट्टू, कोषाध्यक्ष : सचिन साहू, रवि साहू उर्फ राजा, सचिव : कृष्णा साहू, महासचिव : विनय कुमार, प्रियांशु साहू, प्रियांशु गुप्ता, सह सचिव : प्रकाश कुमार, सुदर्शन कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष : अमित कुमार साहू, संदीप साहू, सुमित कुमार, रोहित कुमार, राजेश साहू, सौरभ साहू, नवीन कच्छप, सोनू साहू, सागर डीजे, प्रदीप साहू, राम सिंह, ऋषि कुमार, मिथुन साहू का भी सराहनीय योगदान रहा।

## गणेश चतुर्थी पर बजरंग दल अमला टोली समिति ने किया भजन-कीर्तन का आयोजन



**लोहरदगा।** बड़ा तालाब स्थित बजरंग दल अमला टोली गणेश पूजा समिति के तत्वावधान में गणेश उत्सव के अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष राजकुमार साहू, आजीवन संरक्षक परमानंद साहू तथा संरक्षक बजरंग साहू, सामु साहू, विनय साहू, राजू विश्वकर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा, कार्तिक विश्वकर्मा ने अतिथियों एवं कलाकारों का स्वागत किया। रात्रि 9 बजे से भजन-कीर्तन की शुरुआत हुई। घाघरा से आए गायक अमर पाठक एवं नीरज पांडेय ने गणेश वंदना "करी सुमिरनवा तोहार हो गौरी के ललनवा" प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। वाद्य यंत्रों पर सहयोग करते हुए आनंद पांडेय (नाल), अमर पाठक (ऑर्गन), महावीर कुमार (पैड), पारस कुमार (बैंजो), रमेश पांडेय (ताशा) ने कार्यक्रम में समा बाँध दिया। गणेश वंदना के बाद देर रात तक अन्य कलाकारों ने भी भजन प्रस्तुत किए, जिन पर भक्तगण भक्ति भाव से झूमते रहे। कार्यक्रम के उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। समिति पिछले 34 वर्षों से लगातार यह आयोजन करती आ रही है, जिसमें मुहल्लेवासियों व लोहरदगा के अन्य भक्तों का निरंतर सहयोग मिलता आ रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इनमें प्रमुख रूप से श्रीकांत प्रमाणिक, महेंद्र प्रसाद, रामनाथ कास्कार उर्फ रामू, सुशील सिंह, रामचरितमानस यज्ञ समिति के सक्रिय सदस्य प्रमोद प्रजापति, समिति सदस्यगण सूरज साहू, रंजीत विश्वकर्मा, दिव्यांशु कुमार, समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में बोले उपायुक्त

# खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा में आज खेल विभाग की ओर से गुलेल प्रतियोगिता और गेंड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त डॉ ताराचंद, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत व अन्य अतिथियों द्वारा मेजर ध्यानचंद की तस्वीर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त ने मुख्य अतिथि के रूप से कहा कि आज हम हॉकी के जादूगर कहे जानेवाले मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप से मना रहे हैं। मेजर ध्यानचंद का फील्ड हॉकी में भारत के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहा है। एक समय में भारतीय फील्ड हॉकी की टीम विश्व में नंबर एक की टीम हुआ करती थी जो मेजर ध्यानचंद के कारण था। आज हम क्रिकेट, शतरंज, तीरंदाजी जैसे खेलों में आगे हैं। महेंद्र सिंह धोनी, दीपिका कुमारी जैसे खिलाड़ी को सभी पहचानते हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम में सिमडेगा, खूंटी जिले की अधिकतर खिलाड़ी हैं। लोहरदगा जिला में भी हॉकी खिलाड़ी तैयार किए जाने की पूरी संभावनाएं हैं। यहां के खिलाड़ियों में क्षमता है।

**पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी कॅरियर :** उपायुक्त ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ आज खेल के क्षेत्र में भी कॅरियर की बहुत संभावनाएं हैं। आप अगर किसी पसंदीदा खेल में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं तो बहुत संभावनाएं हैं। खेल हमारे संस्कृति का हिस्सा रहा है। आप प्रयास करें तो जिला, राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान खेल के क्षेत्र में बना सकते हैं।

**ओलंपिक में मेडल की संख्या बढ़ाने की जरूरत :** उपायुक्त ने कहा कि देश की आबादी के अनुपात में ओलंपिक खेलो में मेडल की संख्या काफी कम है जिसे बढ़ाने की जरूरत है। हमारे खिलाड़ियों को अधिक मेहनत की जरूरत है जिससे वे ज्यादा से ज्यादा मेडल जीत सकें। सभी जगह से खिलाड़ियों की संख्या में वृद्धि होनी चाहिए। सिर्फ विद्यालय स्तर तक नहीं बल्कि आप इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए प्रयासरत रहें। गुलले व गेंड़ी प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग में अलग-अलग प्रथम तीन विजेताओं को कप, प्रमाण पत्र व किट देकर पुरस्कृत किया गया। सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब में बरवाटोली, भण्डरा, निंगनी, चिरी, हेंदलासो के क्लब को 25-25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा व अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त डॉ ताराचंद ने किया विद्युत चाक का वितरण



**लोहरदगा।** जिला उद्योग केंद्र द्वारा शिल्पकारों को 90 प्रतिशत अनुदान की योजना के अंतर्गत विद्युत चालित चाक का वितरण शुक्रवार को उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा जिला के 10 कुंभकारों को विद्युत चालित चाक का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने जिला उद्योग महाप्रबंधक को जिला में मिट्टी से वस्तु निर्माण करने वालों का सर्वे करने, मिट्टी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और उनके उत्पादों के लिए बाजार की संभावनाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मिट्टी के उत्पाद ईकोफ्रेंडली होते हैं। जिला प्रशासन हमेशा से ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करता आया है जो पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। विद्युत चाक 90 प्रतिशत अनुदान पर प्रदान किया गया जिसके लिए जिला में कुल 40 कुंभकारों का चयन किया गया है। कार्यक्रम में जिला उद्योग महाप्रबंधक रघुबर सिंह, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के जिला समन्वयक समेत सभी लाभुक उपस्थित थे।

## भोजपुरी-नागपुरी संगीत को बचाने की पहल

**लोहरदगा।** यूट्यूब के दौर में जहाँ



सुर-ताल से अनजान गायक और नौसिखिए लोग संगीत के नाम पर अश्लीलता परोस रहे हैं, वहीं भोजपुरी और नागपुरी संगीत की असली पहचान खतरे में पड़ती जा रही है। इसी चिंता को देखते हुए प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता लाल विजय शाहदेव ने दोनों भाषाओं के समृद्ध संगीत और संस्कृति को बचाने की मुहिम शुरू की है। लाल विजय शाहदेव इससे पहले हिंदी फिल्म "लोहरदगा", हिंदी-नागपुरी "फुलमनिया", और भोजपुरी फ़िल्में "नाच बैजू नाच", "मेरे नैना तेरे नैना" तथा "कोख" जैसी चर्चित फ़िल्में बना चुके हैं। उनकी शॉर्ट फ़िल्म "द साइलेंट स्टैच्यू" आज भी कान्स फ़िल्म फ़ेस्टिवल में सर्वाधिक चर्चित फ़िल्मों में गिनी जाती है। अब वे अपने यूट्यूब चैनल आकृति सिनेमास पर उच्चस्तरीय संगीत एलबम लेकर आ रहे हैं। इसकी शुरुआत शनिवार, 30 अगस्त की सुबह 6:30 बजे झारखंडी संस्कृति और भोजपुरी-नागपुरी संगम गीत "चलऽ धान रोपे" से होगी।

### जिला स्तरीय तृतीय चरण का प्रतियोगिता आयोजित

## जीवन में निरंतर अभ्यास से सफलता प्राप्त किया जा सकता है : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखंड के निदेश के आलोक में झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा (शिक्षा विभाग) के तत्वाधान में खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2025-26 के तृतीय चरण में एथलेटिक्स एवं बैंड प्रतियोगिता का आयोजन क्रमशः डायट कैम्पस चीरी तथा केजिबिभी सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, लोहरदगा,कुजरा में की गई। तृतीय चरण के एक दिवसीय खेल का विधिवत उद्घाटन जिला एसडीपीओ, लोहरदगा श्रद्धा केरकेट्टा, जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा, अभिजीत कुमार, एपीओ, एमलीन सुरीन तथा प्रतिभागियों आदि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। अंडर 14, 17 और अंडर 19 बालक एवं बालिकाओं के सभी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी सात प्रखंडों के विभिन्न विद्यालयों के प्रखण्ड स्तरीय विजेता टीम यथा सरकारी मध्य, उच्च,केजीबीभी और एकलव्य विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें दौड़ 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, हर्डल, शार्ट पुट, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो सहित विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन डायट चीरी में किया गया। बालक और बालिकाओं के कुल 9 बैंड दलों का प्रतियोगिता का आयोजन कुजरा,लोहरदगा के प्रांगण में किया गया। जिसमें बालिकाओं के कुल 7 दल और बालकों के 02 बैंड दलों का प्रदर्शन किया गया। बालक बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही और द्वितीय स्थान पर शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर,लोहरदगा की टीम रही। बालिकाओं के बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, भंडरा, द्वितीय स्थान पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कूडु और तृतीय स्थान पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा की बैंड टीम रही।एसडीपीओ, लोहरदगा श्रद्धा केरकेट्टा ने सभी प्रतिभागियों से कही की सभी बैंड दलों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। आपको हार जीत से हतोत्साहित नहीं होनी चाहिए।

### सड़क सुरक्षा की बैठक में सांसद ने दिए पदाधिकारियों को निर्देश

# हेल्मेट चेकिंग समेत अन्य वाहन चेकिंग अभियान चलाएं

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** सुखदेव भगत, सांसद, लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद द्वारा लोहरदगा जिला के शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए पूरे शहरी क्षेत्र, पावरगंज-अपर बाजार पथ, पावरगंज से मैना बगीचा, न्यू रोड आदि को जाममुक्त व अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश प्रशासक नगर परिषद को दिया। सांसद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है जिसमें विशेषकर कम उम्र के किशोर जो हेल्मेट नहीं पहन कर दोपहिया वाहन चलाते हैं, उन्हें ज्यादा नुकसान पहुंचा है। परिवहन विभाग लगातार ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई करे। प्रखंड मुख्यालयों में भी चेकिंग की जाय। सड़क पर स्टंट करने वाले और मोडिफाइड साइलेंसर वाले दोपहिया वाहन चालकों का दोपहिया वाहन जब्त करें। ऑटो चालक जो बैठने के लिए सीट से अधिक संख्या में यात्रियों को बिठाते हैं, वैसे ऑटो चालकों पर कार्रवाई करें। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के लिए ट्रक चालकों का वाहन चालन का लाइसेंस की जांच करें। शराब पीकर वाहन चलाने वाले सभी वाहन चालकों की जांच की जाय। नए सभी जांच नियमित रूप से चलायी जाय। राष्ट्रीय उच्च पथ, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग अपने-अपने पथों में दुर्घटना संभावित क्षेत्र में स्पीड कम करने के लिए रम्बल स्ट्रिप लगवाएं। घुमावदार संकीर्ण रास्तों से झाड़ियों व बड़े घांसों की कटाई कराएं। झुकी व सूखे पेड़ को वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर हटवाएं ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। लोगों की सुविधा व जागरूकता के लिए साइनेज लगवाएं। जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने, छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावक को यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दिए जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं से सड़क सुरक्षा समिति को अवगत कराया। सांसद ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। लोगों में ट्रैफिक सेंस और सिविक सेंस उत्पन्न करने की आवश्यकता है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को लोकहित में कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में उपायुक्त डॉ ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, सदस्य नेसार अहमद, पवन गौतम, मनोज भगत, कुणाल अभिषेक समेत अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी गण व सभी सदस्यगण उपस्थित थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, चतरा।

सर्वसाधारण के लिए सूचना।

चतरा जिला अन्तर्गत टण्डवा थाना कांड सं0–90/2018, दिनांक–21.05.2018, धारा–385/386/387 भा0द0वि0 एवं 17(i)(ii) सी0एल0ए0 एक्ट के फिरार अप्राथमिकी अभियुक्त तुलसी गंझू, पे0–देवी गंझू, सा0–मासीलौंग, थाना–टण्डवा, जिला–चतरा के विरूद्ध निर्गत इस्तेहार का तामिला कराने के उपरान्त भी ये माननीय न्यायालय के आदेश का अवहेलना करते हुए फिरार है। यदि इस संबंध में किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी टण्डवा/पुलिस निरीक्षक टण्डवा अंचल/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, टण्डवा/पुलिस अधीक्षक, चतरा के कार्यालय के फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक चतरा–9431706359
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टण्डवा–9771815777
पुलिस निरीक्षक टण्डवा अंचल–8340584346
पु0नि0–सह–थाना प्रभारी टण्डवा–6206353913

पुलिस अधीक्षक,
चतरा।

PR 360729 Police(25-26)D

## कार्यालय नगर पंचायत, छत्तरपुर (पलामू)

Email Id – np.chhattarpur2018@gmail.com

अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या– NPC-04/2025-26 (2nd Call)

नगर पंचायत, छत्तरपुर द्वारा संचालित अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदीर में उपयोग हेतु निम्नांकित चिकित्सीय आपूर्ति (दवा एवं उपचार सामग्री) की आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों से दर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नवत है :–

| Sl. No. | Particulars | Tender Fee | Last date and time of submission of document | Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Amlodipine Tab. (5mg) | 5000.00 | Date 09.09.2025 Time 2.00 P.M. | Date 09.09.2025 Time 3.00 P.M. |
| 2 | *Amoxicillin + Clavulinic Acid Tab.(625mg) | | | |
| 3 | Azithromycin Tab. (500mg) | | | |
| 4 | Aceclofenac+ PCM Tab (100mg + 325 mg) | | | |
| 5 | *Calcium carbonate + Vitamin D3 Tab. (500mg) | | | |
| 6 | *Cetrizine 10mg | | | |
| 7 | *Diclofenac Sodium + PCM Tab. (50mg +325 mg) | | | |
| 8 | Antispasmodic Tab ( Dicyclomine 20mg + PCM 325mg) | | | |
| 9 | Domperidone Tab 10mg | | | |
| 10 | Doxycycline Capsule 100mg | | | |
| 11 | Ibuprofun+ PCM Tab | | | |
| 12 | Fluconazole cap/tab | | | |
| 13 | Glimepride Tab (2mg) | | | |
| 14 | *Levocetrizine Tab( 5mg) | | | |
| 15 | *Omeprazole + Domperidone (20+10mg) | | | |
| 16 | Ofloxacin+ Orinidazole Tab (200 + 500mg) | | | |
| 17 | *Paracetamol Tab (650 mg) | | | |
| 18 | *Pantoprazole Tab (40mg) | | | |
| 19 | *Montelucast + Levocetrizine Tab (10mg + 5mg ) | | | |
| 20 | Telimisartan Tab (40 mg) | | | |
| 21 | *PCM Syp (60ml) 250mg / 5ml | | | |
| 22 | Antacid Syp (170ml) | | | |
| 23 | *Amoxicillin Dry Syp (60ml) | | | |
| 24 | Metformin SR Tab (500mg) | | | |
| 25 | Cefixime Dry Syp. (30ml) 50mg/ 5ml | | | |
| 26 | Povidone Iodine oint (15gm) | | | |
| 27 | *Dr. Morpean Glucometer & Glucometer Strip of same company | | | |
| 28 | B.p Appartus Machine | | | |
| 29 | Eye drop – methyl cellulose | | | |

| SL. No. | Diagnostic Test | Product/ equipment required for testing |
|---|---|---|
| 01 | Hemoglobin | Digital hemoglobin meter & strip |
| 02 | Dengue/ Typhoid | Rapid card test for NS1 antigen and IGM and IgG Antibodies |
| 03 | HbAg test for hepatitis B | Rapid card test |
| 04 | Syphilis | Rapid kit |

नोट :– नियम एवं शर्त कार्यालय, नगर पंचायत, छत्तरपुर के सूचना पट्ट एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के वेबसाईट https://udhd.jharkhand.gov.in/ulb/Chhattarpur/Chhattarpur.aspx पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, छत्तरपुर

PR 360689 District (25-26)_D

# न्यूज बॉक्स

## सदर अस्पताल रसोईघर में चावल की जांच, एसडीओ ने सैंपल रांची भेजा

**गुमला।** सदर अस्पताल के रसोईघर की गुणवत्ता और सफाई की जांच के लिए सदर एसडीओ राजीव नीरज ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जन शिकायत के आधार पर रसोईघर में उपलब्ध चावल का सैंपल लिया गया और जांच के लिए रांची लैब भेजा गया। जानकारी के अनुसार, अस्पताल में खाद्य पदार्थों की आपूर्ति अनमोल गुप्ता नामक व्यक्ति के माध्यम से की जाती है। पीडीएस का चावल दूसरे कंपनी के टैग वाले बोरे में भरकर अस्पताल में भेजा जाता है। एसडीओ ने गुमला अंचल अधिकारी हरीश कुमार को चावल का सैंपल लेकर जांच हेतु रांची भेजने का निर्देश दिया। सूत्रों का कहना है कि पिछले लगभग पाँच वर्षों से सदर अस्पताल में खाद्य पदार्थों का नया टेंडर नहीं हुआ है। कुछ महीने पहले दिल्ली की स्वास्थ्य विभाग टीम ने अस्पताल दौरा कर रसोईघर के लिए नया टेंडर जारी करने का निर्देश दिया था, लेकिन पुराना आपूर्ति कर्ता ही कार्य में लगा हुआ है। एक महीने पहले भी मरीजों ने अधपके चावल की शिकायत की थी और बेहतर क्वालिटी के चावल की मांग की थी। एसडीओ ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## अभाविप ने विश्वविद्यालय विधेयक 2025 को बताया असंवैधानिक, किया विरोध



**गुमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने झारखंड विधानसभा में पारित राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 को पूरी तरह असंवैधानिक बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया है। इस विधेयक में राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपति, प्रति कुलपति, वित्तीय सलाहकार, परीक्षा नियंत्रक एवं अन्य प्रमुख पदों पर नियुक्ति का अधिकार महामहिम राज्यपाल से हटाकर राज्य सरकार को दिए जाने का प्रावधान किया गया है। अभाविप का कहना है कि यह विधेयक न केवल विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर प्रहार है, बल्कि एक संवैधानिक पद के अधिकारों में सीधा हस्तक्षेप है। यह भारत के संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है और लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। कार्तिक उरांव महाविद्यालय के अध्यक्ष ज्योतिष राम ने कहा कि विश्वविद्यालयों जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों में नियुक्तियों की प्रक्रिया को राज्य सरकार के अधीन करना शिक्षा के साथ खिलवाड़ है। यह संविधान में राज्यपाल की भूमिका और अधिकारों का हनन है तथा न्यायिक स्वतंत्रता और संविधान की गरिमा का अपमान है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान सरकार उच्च शिक्षा व्यवस्था को अपने राजनीतिक हितों और भ्रष्टाचार का अड्डा बनाने पर तुली हुई है। पहले से ही झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जेएसी), झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) और झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) जैसी संस्थाओं के संचालन में सरकार पूरी तरह विफल रही है। अब विश्वविद्यालयी शिक्षा को अपने नियंत्रण में लेना राज्य के विद्यार्थियों और शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

## विद्यालय ने विभागीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में जीता 'सर्वश्रेष्ठ विद्यालय' का खिताब

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से एक बार फिर गौरव हासिल किया है। लोहरदगा में आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए "सर्वश्रेष्ठ विद्यालय" का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय में हर्ष और गर्व का माहौल है। प्रतियोगिता में छह मुख्य विषय शामिल थे – संस्कृति बोध, वैदिक गणित, संस्कृत, अंग्रेज़ी, विज्ञान और संगणक। इन सभी विषयों में विद्यालय की टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। शिशु, बाल, किशोर और तरुण – चारों वर्गों के संयुक्त प्रयासों से विद्यालय ने यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि "यह जीत केवल एक पुरस्कार नहीं है, बल्कि हमारे विद्यालय की शिक्षा पद्धति और विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रमाण है। जिस तरह से बच्चों ने तैयारी की और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वह वास्तव में प्रशंसनीय है।" अब विजेता टीमें आगामी प्रांतीय प्रतियोगिताओं में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। विज्ञान टीम 30 अगस्त को बाघमारा, संस्कृति बोध टीम 15 सितंबर को ललमटिया तथा वैदिक गणित की टीम बिरसानगर में होने वाली प्रतियोगिताओं में अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेगी। विद्यालय की इस उपलब्धि पर स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, और आचार्य राजेश कुमार ने विजेता टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। विजयी प्रतिभागियों को वंदना सभा में सम्मानित किया गया। पूरी प्रतियोगिता का संचालन और आयोजन आचार्य रविंद्र कुमार की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## उत्तरी भरनो आजीविका महिला संकुल संगठन की वार्षिक आमसभा संपन्न

**भरनो।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तत्वावधान में शुक्रवार को समुदाय संचालित प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र, भरनो परिसर में उत्तरी भरनो आजीविका महिला संकुल संगठन की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, अंचलाधिकारी अविनाश कुजूर, मुखिया मंजू देवी, जयराम उरांव और बीपीएम नीलकंठ कच्छप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत परंपरागत गीत, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। अपने संबोधन में प्रमुख पारस नाथ उरांव ने कहा कि सखी मंडल से जुड़कर महिलाएं आज स्वावलंबी और आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। उन्होंने महिलाओं के कार्य करने की शैली और उनकी हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी की सराहना की। साथ ही उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया। अंचलाधिकारी अविनाश कुजूर ने कहा कि महिला समूहों से जुड़ने से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रही हैं। उत्तरी भरनो पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने बताया कि वे स्वयं महिला मंडल से जुड़ी रही हैं और इसी के बल पर दो बार मुखिया पद पर निर्वाचित हुईं। उन्होंने कहा कि महिला समूह की महिलाएं अब जागरूक होकर स्वावलंबी बन रही हैं।

## विद्या भारती झारखंड के तत्वाधान में हुई विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता

**सिसई।** विद्या भारती झारखंड के तत्वधान में 28 अगस्त 2025 को गुमला विभाग द्वारा लोहरदगा विद्या मंदिर में आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर,कुदरा, सिसई के भैया- बहनों ने अपने प्रतिभा को दिखलाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का सम्मान बढ़ाया है। गुमला संकुल में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के भैया बहनों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। संस्कृत में किशोर वर्ग के कक्षा दसवीं की बहन सोनी लकड़ा, कात्यानी कुमारी और कक्षा नवम की शिवानी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी विषय में बाल वर्ग में कक्षा सप्तम के भैया अनुराग साहु,अष्टम के भैया मोहित साहू और अष्टम की बहन रिया रानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान में किशोर वर्ग में कक्षा नवम के भैया गौरव राज, कक्षा दसवीं की बहन रोशनी कुमारी,भैया हर्षित सिंह ने तृतीय स्थान तथा बाल वर्ग विज्ञान में कक्षा अष्टम की बहन सूर्या कुमारी, साक्षी उरांव और कक्षा सप्तम की श्रुति कुमारी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। शुक्रवार को वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र वर्मा और आचार्यों द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए सभी भैया बहनों का उत्साह वर्धन किया गया।

## कार्तिक नगर निवासी 35 वर्षीय राजेश भगत लापता, परिजन परेशान

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के कार्तिक नगर निवासी स्वर्गीय बाबू भगत का 35 वर्षीय पुत्र राजेश भगत गुरुवार को सुबह 8 बजे घर से निकल कर कहीं चला गया है। जो अब तक लौटकर घर वापस नहीं आया है। शुक्रवार को उसकी बहन सुनीता कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राजेश भगत का मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह कई बार घर से निकल कर जा चुका है। बृहस्पतिवार को सुबह 8 बजे सफेद रंग का टी शर्ट, हॉफ पेंट और ब्लैक रंग की टोपी पहने और हाथ में छाता और टिफिन लेकर घर से निकला है। घर नहीं लौटने पर परिजन अपने स्तर से काफी खोजबीन करने का प्रयास किए। बावजूद राजेश का कही कोई पता नहीं चल पाया। राजेश अनजान लोगों से बात भी नहीं करना है। कहीं भी दिखने पर परिजनों ने मोबाइल नंबर 9123428851 में सूचना देकर सहयोग करने की अपील की है।

### चैनपुर प्रखंड में यूरिया खाद की कालाबाजारी जारी पर

# किसान परेशान, प्रशासन पर उठे सवाल



बेंदोरा मुखिया सुशील दीपक मिंज


जिप सदस्य मेरी लकड़ा


अनूप संजय टोप्पो

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** झारखंड के चैनपुर प्रखंड में यूरिया खाद की कालाबाजारी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिससे किसान बुरी तरह से परेशान हैं। सरकारी निर्धारित कीमत 266 प्रति बोरी होने के बावजूद, सोहन चौक स्थित रघुवीर बीज भंडार जैसी एवं अन्य दुकानों पर यूरिया 500 तक में बेची जा रही है, जो कि लगभग दोगुना है। किसानों को मजबूर होकर इस बढ़ी हुई कीमत पर खाद खरीदना पड़ रहा है। इस स्थिति ने स्थानीय प्रशासन की भूमिका और कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों का कहना है कि गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने पहले ही सभी खाद डीलरों को सख्त चेतावनी दी थी कि वे खाद को तय कीमत से ज्यादा पर न बेचें, लेकिन इस चेतावनी का कोई असर दिख नहीं रहा। यह दर्शाता है कि प्रखंड स्तर पर प्रशासन की तरफ से निगरानी में भारी लापरवाही बरती जा रही है, जिसका फायदा दुकानदार उठा रहे हैं। जनप्रतिनिधि और समाजसेवी ने उठाए सख्त कदम उठाने की मांगयह मुद्दा अब किसानों की परेशानी के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के बीच भी चर्चा का विषय बन गया है। जिला परिषद सदस्य ने इस स्थिति को 'बेहद शर्मनाक' बताते हुए कहा, "एक तरफ किसान मौसम की मार झेल रहे हैं, दूसरी तरफ प्रशासन और दुकानदारों की मिलीभगत ने उनकी कमर तोड़ दी है। अगर प्रखंड प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाता तो किसानों को यह दिन नहीं देखना पड़ता।" उन्होंने मांग की कि ऐसे दुकानदारों पर न केवल जुर्माना लगाया जाए, बल्कि उनका लाइसेंस भी रद्द किया जाए और संबंधित अधिकारियों पर भी विभागीय कार्रवाई हो।

समाजसेवी अनूप संजय टोप्पो ने इस स्थिति की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा, "सरकार किसानों को मदद देने की कोशिश कर रही है, लेकिन प्रखंड स्तर के कुछ अफसर और दुकानदार मिलकर किसानों का शोषण कर रहे हैं। अगर प्रशासन सख्त कदम नहीं उठाएगा तो किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाएंगे।" जेएमएम जिला उपाध्यक्ष एवं बेन्डोरा पंचायत मुखिया सुशील दीपक मिंज ने भी इस मिलीभगत की पुष्टि करते हुए कहा, "किसानों को खाद समय पर नहीं मिला और जब मिला तो दुगुने दाम पर। यह साफ दिखाता है कि दुकानदार और प्रशासन दोनों मिलीभगत से किसानों को लूट रहे हैं। ऐसे लोगों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।" यह स्पष्ट है कि यूरिया की कालाबाजारी ने किसानों की आर्थिक स्थिति को और भी खराब कर दिया है, और वे इस उम्मीद में हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई करेगा ताकि यह लूट बंद हो सके। यह देखना बाकी है कि प्रशासन इस मामले पर क्या कदम उठाता है।

## उर्वरक की कालाबाजारी व किल्लत से किसानों का फूटा गुस्सा, टावर चौक जाम



**गुमला।** जिले में उर्वरक की लगातार किल्लत और कालाबाजारी से नाराज किसानों ने शुक्रवार को टावर चौक पर जाम लगाया। यह जाम झारखंड प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी के नेतृत्व में किया गया। अचानक हुए जाम से शहर में लंबा जाम लग गया और चारों ओर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जाम कर रहे किसानों का आरोप है कि जिले की दुकानों पर यूरिया और अन्य उर्वरक की जमकर कालाबाजारी हो रही है। सूचना पर कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से जिले को उर्वरक का आवंटन नहीं हुआ है, इसलिए वितरण प्रभावित है। हालांकि, यह कब उपलब्ध होगा, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। इस बीच चेयरमैन गली स्थित शंकर खाद दुकान पर सुबह से ही किसानों की लंबी कतार लगी रही। यहां 350 रुपये प्रति बोरा के हिसाब से यूरिया बेचा जा रहा था। जब सदर एसडीओ राजीव नीरज मौके पर पहुंचे तो उन्होंने संचालक को सरकारी दर 266.50 रुपये में खाद बेचने का निर्देश दिया। इसके बाद गुमला बीडीओ अशोक चोपड़ा भी दुकान पहुंचे और अपनी मौजूदगी में किसानों को सरकारी दर पर खाद दिलवाई। बाद में कृषि विभाग की ओर से एक कर्मी को दुकान पर निगरानी के लिए तैनात कर दिया गया। वहीं, एसडीओ को सूचना मिली कि में रोड स्थित कृषि क्रांति मिशनरीज दुकान पर खाद 550 रुपये प्रति बोरा बेची जा रही है। छापेमारी की गई लेकिन वहां खाद नहीं मिला। एसडीओ ने दुकानदार को सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में कालाबाजारी पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। किसानों ने कहा कि यदि जल्द ही न्यायोचित दर पर पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराया गया तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा।

## श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ गणेश पूजा, शोभायात्रा के साथ विसर्जन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर प्रखंड के नवागढ़ स्थित नकटी देवी प्रांगण में गजानन समिति द्वारा गणेश पूजा का भव्य आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कई दिनों तक चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने गणपति बप्पा का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे प्रांगण को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। लगातार पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। गुरुवार को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई और गणपति प्रतिमा का विसर्जन सेरका स्थित शिवालय तालाब में किया गया। विसर्जन जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं ने "गणपति बप्पा मोरया" के जयकारों के बीच नाचते-गाते उत्सव का समापन किया। गजानन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था को मजबूत करता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा।

## डीडीसी ने सेहल पंचायत का किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा गुमला डीडीसी दिलेश्वर महतो ने शुक्रवार को घाघरा प्रखंड के सेहल पंचायत का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत में आंगनबाड़ी केंद्र गोरियाडीह से हुई, जहां बच्चों की उपस्थिति और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके बाद जन वितरण प्रणाली की जांच के दौरान डीलर धनेश्वर नायक अनुपस्थित पाए गए। इस पर डीडीसी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। डीडीसी ने आगे आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर तुंजो का दौरा किया और वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उसी क्रम में जब वे राजकीय कृत्य प्राथमिक विद्यालय पहुंचे, तो दूसरी कक्षा के छात्रों से सवाल पूछे। एक छात्र का गलत उत्तर मिलने पर उन्होंने शिक्षकों को फटकार लगाई और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का कड़ा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मंगरा उरांव के अबुआ आवास योजना का मुद्दा भी सामने आया। लाभुक ने राशि प्राप्त कर लेने के बावजूद कार्य शुरू नहीं किया था। इस पर डीडीसी ने स्वीकृति निरस्त करने की चेतावनी दी, जिसके बाद लाभुक ने एक सप्ताह में काम शुरू करने का आश्वासन दिया। डीडीसी ने बिरसा सिंचाई कूप योजना एवं आम बागवानी परियोजनाओं का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## तालाब में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत

**गुमला।** चेटर बस्ती स्थित तालाब में शुक्रवार की शाम एक दुखद हादसे में 22 वर्षीय श्रवण उरांव पिता तुलसी उरांव की मौत हो गई। युवक शौच के लिए तालाब गया था और पैर हाथ धोते समय अचानक मिर्गी का दौरा पड़ने से तालाब में गिर गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतक के परिवार के अनुसार वह अक्सर मिर्गी के दौरे का शिकार होता था। युवक ने पढ़ाई छोड़ दी थी और शहर में रहने वाली उसकी मां झाड़ू लगाने का काम करती हैं।

## झोलाछाप डॉक्टर की गलती से महिला का तीन माह का गर्भ मृत्यु, दवा लेने के बाद बिगड़ी हालत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के कतरी गांव निवासी महिला जिमी बीबी की हालत एक झोलाछाप डॉक्टर की वजह से गंभीर रूप में बिगड़ गई। महिला को बीपी लो होने की शिकायत पर कोटाम गांव का एक झोलाछाप डॉक्टर दवा देने आया। दवा लेने के बाद महिला को पेट दर्द शुरू हो गया। महिला जब डॉक्टर के पास वापस गई तो उसे गर्भपात की आठ गोलियां 400 रुपये में दी गईं। गोलियां खाने के बाद महिला की हालत और बिगड़ गई। पति ने डॉक्टर से मिलकर अतिरिक्त तीन गोलियां और ली, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। गुरुवार सुबह महिला को सदर अस्पताल लाया गया, जहां अल्ट्रासाउंड जांच में पता चला कि महिला का तीन माह का गर्भ मृत हो चुका है। डॉक्टर ने दंपति को इस गंभीर स्थिति की जानकारी दी, जिससे दोनों अत्यंत चिंतित और परेशान हैं। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को इस घटना की जानकारी दी गई है, और मामला जांच के लिए दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND (DISTRICT NAZARAT SECTION)**

**RE-TENDER NOTICE**

**For Digitization and Software Development of Panji 2 (Register 2) Records**

**District Administration, Chatra,Jharkhand**

| S.No. | Milestone | Date |
|---|---|---|
| 1 | Request for Proposal (RFP) document made available to the applicants | 01/09/2025 |
| 2 | Last date receipt of Technical and Financial proposal (Sealed Envelope | 09/09/2025 (11:30 AM) |
| 3 | Opening of Technical Proposals, Presentation andFinancial Bids | 09/09/2025 (12:30 PM) |
| 4 | Place of Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | Conference Hall, Collectorate Office, Chatra |

* All terms and conditions of the tender will remain.
Address for communication & submission of documents during the Re-tender period:
District Nazarat Section, District Collectorate Office, Chatra, Jharkhand

PR 360720 District(25-26).D — NDC, Chatra

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**शुद्धि पत्र सूचना**

पत्रांक– 644 दिनांक–28.08.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID / Latehar/ F2-10/2025-26 जिसका PR No-359903 Water Resource (25-26) #D है, को निम्न प्रकार से संसोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | केदली नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य प्रखंड–गारू |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 4 | फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 5 | ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00बजे अपराह्न तक) |

निविदा की अन्य शर्त्ते यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 360712 (Water Resource) 25-26 (D)

**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी दुकानदारों एवं प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि किसी भी तरह का सिंगल यूज प्लास्टिक 01 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित है। इसके आलोक में पुन: आपको निदेश करते हुए सूचित किया जाता है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें।

अन्यथा आपके विरुद्ध विधि सम्मत् कार्रवाई की जायेगी एवं दंड की भी वसूली की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, गढ़वा।

PR 360702 (Urban Development) 25-26 (D)

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN – U40108JH2013-SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Garhwa,E-mail: esegarhwa@yahoo.in**

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 174/PR/ JBVNL/ 2025-26 | Repair and maintenance of control room building and allied civil works of 33/11 KV P/S/S Farathiya under Electric Supply Circle, Garhwa | 394600/– | (03) Three Months | 7900.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 25/09/2025 upto 03:00 PM | 25/09/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Manager (F&A), Electric Supply Circle, Garhwa in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Garhwa

PR 360709 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26).D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**शुद्धि पत्र सूचना**

पत्रांक–647 दिनांक–28.08.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID / Latehar/ F2-14/ 2025-26 जिसका PR No-359910 Water Resource (25-26) D है, को निम्न प्रकार से संसोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | गुहड़ी नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य प्रखंड–बरवाडीह। |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 4 | फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 5 | ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00बजे अपराह्न तक) |

निविदा की अन्य शर्त्ते यथावत् रहेंगी।

PR 360716 Water Resource(25-26).D

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**शुद्धि पत्र सूचना**

पत्रांक–646 दिनांक–28.08.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID/Latehar/ F2-13/ 2025-26 जिसका PR No-359909 Water Resource (25-26) D है, को निम्न प्रकार से संसोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | बांझाबहेर नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य प्रखंड–हेरहंज। |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | 20.09.2025(3.00बजे अपराह्न तक) |
| 4 | फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 5 | ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00बजे अपराह्न तक) |

निविदा की अन्य शर्त्ते यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.360715 Water Resource(25-26):D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**शुद्धि पत्र सूचना**

पत्रांक–645 दिनांक–28.08.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID / Latehar/ F2-11/2025-26 जिसका PR No-359905 Water Resource (25-26) D है, को निम्न प्रकार से संसोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | कलकुली नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य प्रखंड–लातेहार। |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 4 | फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 5 | ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00बजे अपराह्न तक) |

निविदा की अन्य शर्त्ते यथावत् रहेंगी।

PR 360714 Water Resource(25-26)D

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब आपके शरीर की प्रत्येक गतिविधि शांतिपूर्ण होती है, और जब आपके विचारों में, इच्छा-शक्ति में, प्रेम में, शांति होती है, तथा शांति एवं ईश्वर आपके लक्ष्य होते हैं, तो समझ लीजिए कि आपने अपने जीवन को ईश्वर से जोड़ लिया है। **- श्री श्री परमहंस योगानंद, योगदा सत्संग पाठ**

## संपादकीय

# अमेरिकी दबाव से मजबूत होगा भारत

पीएम मोदी की जापान यात्रा और वैश्विक नेताओं का मोदी से संपर्क करने के संकेत हैं कि भारत मजबूत होने की गोलबंदी कर रहा है। टैरिफ का झटका लगना शुरू हो गया है। रूसी तेल की निरंतर खरीद के कारण 27 अगस्त को अमेरिका ने ज्यादातर भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया। इसका असर आपूर्ति श्रृंखला पर पहले से ही पड़ रहा है। ऑर्डर बीच में ही रद्द हो रहे हैं, खरीदार या तो बातचीत कर रहे हैं या फिर लौट रहे हैं, और निर्यातक पूर्वानुमानों के बजाय नतीजों के प्रति सजग हो रहे हैं। नई दिल्ली को सबसे कठिन व्यापारिक झटकों में से एक का सामना करना पड़ रहा है। भारत के परिधान निर्यात में लगभग एक-तिहाई योगदान देने वाली निटवियर की राजधानी तिरुपुर में नुकसान तुरंत दिख रहा है। फैक्टरी मालिकों ने बड़े पैमाने पर ऑर्डर रद्द होने की सूचना दी है और उत्पादन लाइनें धीमी पड़ रही हैं। औपचारिक और उच्च-मूल्य वाले परिधानों के प्रमुख केंद्र नोएडा में, निर्यातकों को अचानक ऑर्डर रद्द होने और उत्पादन केंद्रों के बंद होने का सामना करना पड़ रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों में छंटनी का डर मंडरा रहा है। सूरत में, जहां दुनिया के लगभग 90 प्रतिशत कच्चे हीरे पॉलिश किए जाते हैं, मजदूरों को घर भेजा जा रहा है। उनके कौशल विशिष्ट हैं, उनके विकल्प सीमित हैं। विशाखापत्तनम और कोच्चि में, समुद्री खाद्य प्रसंस्करणकर्ताओं को ऑर्डर कम मिल रहे हैं, क्योंकि इक्वाडोर जैसे प्रतिस्पर्धी कम टैरिफ के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ट्रंप के टैरिफ ने भारत को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले नुकसानदेह स्थिति में डाल दिया है, जिन्हें कम टैरिफ का फायदा मिलता है। व्यापार, शुल्क और भू-राजनीति की तमाम बातों के पीछे एक और बुनियादी कहानी छिपी है। यह जिंदगी से जुड़ी है। भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), जो 11 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार देते हैं और निर्यात में अहम भूमिका निभाते हैं, इस झटके का सबसे अधिक असर झेल रहे हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव का अनुमान है कि भारत से अमेरिका को होने वाले 86.5 अरब डॉलर के निर्यात में से 66 प्रतिशत, जिसका मूल्य 60.2 अरब डॉलर है, पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है, जिससे कपड़ा, आभूषण और झींगा जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में 70 प्रतिशत गिरावट का खतरा है। भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का प्रतिनिधित्व करने वाले इंडिया एसएमई फोरम के अनुसार, कपड़ा और आभूषण उद्योग में 30 अरब डॉलर का एमएसएमई निर्यात और लगभग 80,000 नौकरियां खतरे में हैं। ये कोई अमूर्त आंकड़े नहीं हैं, ये भारत के बंदरगाहों से निकलने वाले प्रत्येक कंटेनर के पीछे छिपे मानवीय चेहरों का प्रतिनिधित्व करते हैं। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर का कहना है कि निर्यातक खरीदारों के साथ संबंध बनाए रखने और श्रमिकों को जोड़े रखने के लिए अस्थायी रूप से नुकसान को सहन कर सकते हैं, लेकिन जब तक कोई स्थायी समाधान नहीं ढूंढा जाता, छंटनी शुरू हो सकती है।

> *ट्रंप के टैरिफ ने भारत को चीन, वियतनाम व बांग्लादेश जैसे प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले नुकसानदेह स्थिति में डाल दिया है, जिन्हें कम टैरिफ का फायदा मिलता है। व्यापार, शुल्क और भू-राजनीति की तमाम बातों के पीछे एक और बुनियादी कहानी छिपी है।*

# टैरिफ की मार, साझेदारी का वार प्रधानमंत्री मोदी का जापान मिशन



जब वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मंच पर तूफान मचा हो, और अमेरिका के 50% टैरिफ भारत के व्यापारिक ढांचे को हिलाने की कोशिश कर रहे हों, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 29 अगस्त से शुरू होने वाला जापान दौरा एक दूरदर्शी और निर्णायक कदम के रूप में सामने आता है। यह यात्रा केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक रणनीति को नया आयाम देने का एक सशक्त प्रयास है। अमेरिकी दबाव के बीच जापान के साथ गहरी साझेदारी न केवल भारत को आर्थिक स्थिरता प्रदान कर सकती है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसकी रणनीतिक स्थिति को अभेद्य बना सकती है।

मोदी का जापान के साथ रिश्ता 2007 में तब शुरू हुआ, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में टोक्यो और क्योटो की यात्रा पर गए और जापानी कंपनियों के साथ निवेश के अवसरों पर चर्चा की। इस मुलाकात ने जापानी उद्योगों और भारतीय बाजार के बीच एक मजबूत सेतु बनाया। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद, उनकी शिंजो आबे के साथ पहली भेंट ने भारत-जापान संबंधों को "विशेष रणनीतिक और वैश्विक भागीदारी" का दर्जा दिलाया। 2022 में आबे की हत्या के बाद मोदी ने उन्हें "प्रिय मित्र" कहकर श्रद्धांजलि दी, जो उनके गहरे व्यक्तिगत और पेशेवर बंधन को उजागर करता है। यह बंधन आज भी भारत-जापान संबंधों की रीढ़ बना हुआ है, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिकी टैरिफ भारत को नई आर्थिक रणनीतियों की ओर प्रेरित कर रहे हैं।

मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना भारत-जापान सहयोग की चमकती मिसाल है। 2017 में शिंजो आबे के साथ इसकी आधारशिला रखी गई, जिसमें जापान की विश्व-प्रसिद्ध शिंकानसेन तकनीक और 68 बिलियन डॉलर का भारी-भरकम निवेश भारत के बुनियादी ढांचे को क्रांतिकारी रूप देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। हालाँकि समय और लागत की चुनौतियाँ बाधाएँ खड़ी करती हैं, जापान का तकनीकी समर्थन इस परियोजना को अभूतपूर्व गति प्रदान कर रहा है। इसके अलावा, जापान की 68 बिलियन डॉलर की प्रस्तावित निवेश योजना, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और अन्य अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों पर केंद्रित है, भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जा सकती है। अमेरिकी टैरिफ के कारण उत्पन्न व्यापारिक अस्थिरता के बीच यह निवेश भारत के लिए एक मजबूत जीवनरेखा बन सकता है।

आज की **बात**



**प्रो. आरके जैन**

2016 में वाराणसी और क्योटो को "सिस्टर सिटी" घोषित करना दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव का एक प्रेरक कदम था, जिसने लोगों के दिलों को और करीब लाया। जापानी विशेषज्ञता से प्रेरित स्मार्ट सिटी परियोजनाएँ और शहरी विकास मॉडल भारत के लिए एक आदर्श बन गए हैं। यह सहयोग न केवल आर्थिक प्रगति को गति देता है, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संतुलन स्थापित करने की क्षमता रखता है, बशर्ते निवेश का वितरण समान और समावेशी हो।

2018-19 में क्वाड (भारत, जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया) पहल ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के खिलाफ एक मजबूत रणनीतिक संतुलन स्थापित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी जापान यात्रा, जिसमें 15वें भारत-जापान शिखर सम्मेलन और नए जापानी पीएम शिगेरु इशिबा के साथ निर्णायक वार्ता शामिल है, क्वाड, समुद्री सुरक्षा और रक्षा सहयोग जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी। जापान के साथ सूचना साझा करने और संयुक्त सैन्य अभ्यासों से भारत की रक्षा क्षमता अभेद्य होगी, जो अमेरिकी तनाव के बीच एक रणनीतिक बढ़त प्रदान करेगी।

हालाँकि, इस साझेदारी के सामने चुनौतियाँ भी हैं। जापान-अमेरिका के बीच हालिया बातचीत, जिसमें एक जापानी दौरा रद्द हुआ, यह संकेत देती है कि जापान अमेरिकी दबाव में झुक सकता है, जो भारत के साथ उसकी प्रतिबद्धता को प्रभावित कर सकता है। साथ ही, जापानी निवेश को केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित रखने के बजाय ग्रामीण और पिछड़े इलाकों तक विस्तारित करना होगा, ताकि आर्थिक असमानता को दूर किया जा सके। भारत को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि परियोजनाएँ समयबद्ध तरीके से पूरी हों, अन्यथा जापान का विश्वास डगमगा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह जापान यात्रा भारत की "एक्ट ईस्ट" नीति और जापान की "फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक" पहल के बीच एक सशक्त सामंजस्य रचती है। चीन की आक्रामकता और क्षेत्रीय अस्थिरता जैसी साझा चिंताएँ दोनों देशों को और करीब ला रही हैं। शिंजो आबे की दूरदर्शी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, नई जापानी सरकार के साथ भारत को अपनी साझेदारी को अभेद्य बनाना होगा। यह सहयोग न केवल आर्थिक समृद्धि का द्वार खोलेगा, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की रणनीतिक भूमिका को भी नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

पीएम मोदी की जापान यात्रा एक कूटनीतिक विजय का मार्ग प्रशस्त करती है, जो अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों के बीच भारत को एक वैकल्पिक आर्थिक और रणनीतिक गलियारा प्रदान करती है। जापान के साथ गहरा रिश्ता, अत्याधुनिक तकनीकी सहयोग, और अटूट आपसी विश्वास इस साझेदारी को आगामी दशकों के लिए एक मज़बूत आधार दे सकते हैं। यह दौरा न केवल भारत-जापान संबंधों को नई दिशा देगा, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की सशक्त उपस्थिति और चुनौतियों से डटकर मुकाबला करने की दृढ़ता का स्पष्ट संदेश भी देगा। दोनों देशों को मिलकर एक ऐसी साझेदारी गढ़नी होगी, जो एक स्थायी, समृद्ध और सुरक्षित भविष्य की नींव बने। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आंसू बैंक व राष्ट्रीय रुदन मुद्रा

एक दिन, सरकार ने 'राष्ट्रीय आंसू बैंक योजना' की घोषणा की। यह एक ऐतिहासिक कदम था, जिसका उद्देश्य देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना था। हर नागरिक को एक 'आंसू खाता' खोलना अनिवार्य था, जिसमें वे अपने दुखों और निराशाओं से निकले आंसू जमा कर सकते थे। सुबह-सुबह बैंकों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगतीं, जहाँ लोग अपने गमों को एक छोटी सी बोतल में भर कर जमा करते थे। बैंक अधिकारी इन आंसुओं की मात्रा और 'शुद्धता' की जांच करते थे। सबसे शुद्ध आंसू वे माने जाते थे, जो टूटे हुए वादों, बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई से पैदा होते थे। इन आंसुओं को 'रुदन मुद्रा' नाम दिया गया, जिसे एक नई राष्ट्रीय करेंसी के रूप में इस्तेमाल किया जाने लगा। यह रुदन मुद्रा ही देश की अर्थव्यवस्था का नया आधार बन गई। नेता इन आंसुओं को बड़े-बड़े टैंकरों में भरकर चुनावी रैलियों में छिड़कते थे, ताकि जनता और ज्यादा भावुक हो सके। मीडिया इसे 'भावनात्मक विकास' का प्रतीक बताती थी और अर्थशास्त्री इसे 'अभूतपूर्व आर्थिक क्रांति' कहते थे। धीरे-धीरे, लोगों ने हंसना बंद कर दिया, क्योंकि हंसने से उनका 'आंसू बैंक' खाली हो जाता था। हर तरफ एक अजीब सी उदासी छा गई। किसी के घर में शादी होती, तो भी लोग दुखी होकर रोते थे, ताकि वे ज्यादा आंसू जमा कर सकें। किसी के यहाँ बच्चा पैदा होता, तो भी लोग रुदन करते थे, क्योंकि उन्हें पता था कि उसका भविष्य भी आंसूओं से ही बनेगा। सरकार ने इस योजना को 'सुखी भारत' का नाम दिया, क्योंकि उनके अनुसार, सच्चा सुख तो दुख के व्यापार में ही था। और इस तरह, एक ऐसा राष्ट्र बन गया, जहाँ हर नागरिक अपने दुःख का सौदा करता था, और सबसे अमीर वही था, जिसके पास सबसे ज्यादा आंसू थे। इस राजनीतिक सर्कस में, करुणा अब सबसे महंगी वस्तु है। इसे सिर्फ तब खरीदा जाता है, जब कैमरे चालू होते हैं। नेता मंच पर आते हैं और गरीब, मजबूर लोगों के साथ तस्वीरें खिंचवाते हैं, पर यह करुणा सिर्फ एक दिखावा है, एक नाटक है, जिसका मकसद सिर्फ और सिर्फ वोट कमाना है। वे हमारे दुखों को एक स्क्रिप्ट में बदल देते हैं और हमारे आंसूओं को एक चुनावी रणनीति में। हम इस बात से भलीभांति वाकिफ हैं, पर फिर भी हम इन दिखावटी आंसुओं पर भरोसा कर लेते हैं। हम यह सोचकर भावुक हो जाते हैं कि कम से कम कोई तो है, जो हमारी पीड़ा को समझता है। पर क्या कोई यह जानता है कि जिस हाथ से वे आंसू पोछते हैं, उसी हाथ से वे हमारे भविष्य को बेचते हैं? यह एक क्रूर मजाक है, जहाँ करुणा एक हथियार बन चुकी है। हम एक ऐसे समाज में जी रहे हैं, जहाँ हमें झूठे आंसूओं पर भरोसा करने के लिए मजबूर किया जाता है और असली करुणा को हाशिये पर धकेल दिया जाता है। यह सब क्या है? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की **बात**



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

# देश में मानसून की भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

मानसून की बारिश से कई राज्यो में जनजीवन पर प्रभाव पड़ा है। लोगो को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। जम्मू में तेज बारिश से कई क्षेत्रों में पानी भर गया है। उतरप्रदेश की सभी घाटों पर पानी की चादर चल रही है। नदियों के तट पर रहने वाले लोगो के घर पानी के बहाव में बह गए है। देश मे बारिश से जनजीवन पर बुरा असर पड़ा है।अतिवृष्टि से लोग ही प्रभावित नही हुए है,फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। देश मे बारिश का कहर थम नही रहा है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बादल फटने और भूस्खलन में कई जाने गई। कुदरत के रुद्ररूप ने लोगो का जीवन दुश्वार कर दिया है। शहरों में पानी लोगो के घरों में घुस जाने से जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है। देश मे कई राज्यो में भारी बारिश हो रही है। भूस्खलन से भारी तबाई हुई। लिहाजा, लोगो के मलवे में दबने से मौते हुई है,वही तेज बारिश के बहाव में आशियाना भी बह जाने की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बटोर रही है।देश मे मानसून की बारिश का कहर बरपा है और परिवार के कई लोग पानी में बहने से लापता होने की भी खबरे है। उतरप्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में बारिश की वजह से स्थिति गम्भीर बनी हुई है। राजस्थान में इस वर्ष मानसून की भारी बारिश से लोगो का जीवन ही प्रभावित नही हुआ है। कई लोगों की नदियों और तालाबों में मिली लाशों से हड़कंप मच गया है। जम्मू में चक्री नदी में भारी कटाव के कारण अचानक आई बाढ़ से 104 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। राजधानी हैदराबाद सहित तेलंगाना में भारी बारिश की वजह से जलाशयों में भारी बाढ़ आ गई है। लोगो के जीवन पर प्रभाव पड़ा है। लोग परेशानियों से झुंझ रहे है। कॉलोनियों की सड़कें नदीया बन गई है। गांव तालाबो में तब्दील हो रहे है। तेलंगाना में सड़क बह जाने से यातायात प्रभावित हुआ है। पानी घरों में घुसने और सड़के जलमग्न है। बाढ़ के कारण रेलवे ट्रेक भी बह जाने से रेल सेवा प्रभावित हुई है। जम्मू कश्मीर में तेज बारिश से विमान के संचालन में व्यवधान पैदा हुआ है। देश में बारिश के कहर से जानमाल की क्षति का आंकलन किया जाए तो, आंकड़ा बहुत बड़ा हो जाएगा। देश मे नदिया का रुद्ररूप लोगो के जीवन पर भारी पड़ रहा है। दरअसल,बारिश के नूकसान का आंकलन हम कर सकते है। और उस नुकसान की क्षतिपूर्ति भी हो सकती है,लेकिन पानी मे डूबने से मरने वालों की क्षतिपूर्ति सम्भव नही है। राजस्थान में बारिश की खुमारी से लोगो की जाने गई है।राजस्थान की एसडीआरएफ टीमें सक्रिय है। राजस्थान में अब तक एसडीआरएफ की टीमो ने नदियों से 127 लोगो के शव निकाले है। एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर 856 लोगो की जान बचाई है। जयपुर की रेस्क्यू टीम ने 135 पशुओ की जान बचाई है। बारिश के इस दौर में रेस्क्यू टीम ने 347 ऑपरेशन किए।देश में इस समय बारिश का कहर बरपा है। जनजीवन प्रभावित हुआ है। करोड़ो -अरबो की क्षति हुई है। एनडीआरएफ की 57 टीमें राजस्थान में एक्टिव होकर कार्य कर रही है। चंबल के पानी की वजह से शहरी वातावरण बदतर हो गया है। राजस्थान की एसडीआरएफ टीम ने कंट्रोल की व्यवस्था खड़ी की है। जोकि 24 घन्टे सेवा दे रही है और लोगो के जानमाल का बचाव कर रही है। देश मे सेवा और सहायता के इस कार्य से लोगो की जान ही नही बचाई जा रही है। उनके पुनर्वास की भी व्यवस्था की जा रही है। एसडीआरएफ की टीमो के पास लाइव जैकेट और रबर बोट है। जिसकी मदद से लोगो की जान बचाई जा रही है।नई तकनीक की मदद से लोगो की जान और माल की सुरक्षा में रेस्क्यू टीमें लगी है। रबर बोट से लोगो को रेस्क्यू किया जा रहा है। इतनी ही शवो को बाहर निकालने में मदद मिलती है। देश मे टैरिफ की नीतियों को दरकिनार कर सबसे बड़ी समस्या लोगो के जेहन में बाढ़ की है। लिहाजा,उसकी तरफ ध्यान दिए जाने से टैरिफ की चर्चा पर विराम लग गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



देश की **बात**



**कांतिलाल मांडोत**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हिंस, अहिंसक सब हुआ, जब आया बदलाव।
जिसने टुकड़ा डालकर, सि र सहलाया साब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# 'स्वदेशी' का विचार कांग्रेस के जन्म से पहले

अमरीका के हठी रुख के कारण देश के केंद्र द्वारा स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया गया है। आह्वान एक महत्वपूर्ण उद्घोष है, ताकि अमरीका की कुत्सित आर्थिक नीतियों को गांधीगिरी से माकूल जवाब दिया जा सके। स्वदेशी का अर्थ है 'अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना और विदेशी वस्तुओं के उपयोग से बचना।' इसका उद्देश्य ग्राम या देश के अधिकतम लोगों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को खरीदना और इस्तेमाल करना होता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम हो। साधारण शब्दों में, स्वदेशी का अर्थ है अपने देश की चीजों का समर्थन करना और विदेशी चीजों से बचना। इस विचार को मुख्यतः स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीयों में बढ़ावा दिया गया था ताकि विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार से देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। वर्ष 1905 के बंग-भंग विरोधी जनजागरण से स्वदेशी आंदोलन को बहुत बल मिला। यह 1911 तक चला और गांधी जी के भारत में पदार्पण के पूर्व सभी सफल आंदोलनों में से एक था। अरविंदो घोष, रवींद्रनाथ ठाकुर, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और लाला लाजपत राय स्वदेशी आंदोलन के मुख्य उद्घोषक थे। आगे चलकर यही स्वदेशी आंदोलन महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन का भी केन्द्र-बिन्दु बन गया। राष्ट्रपिता ने इसे 'स्वराज की आत्मा' कहा था। 'स्वदेशी' का विचार कांग्रेस के जन्म से पहले ही दे दिया गया था। जब 1905 ईस्वी में बंग-भंग हुआ, तब स्वदेशी का नारा जोरों से अपनाया गया। उसी वर्ष कांग्रेस ने भी इसके पक्ष में मत प्रकट किया। देशी पूंजीपति उस समय मिलें खोल रहे थे, इसलिए स्वदेशी आंदोलन उनके लिए बड़ा ही लाभदायक सिद्ध हुआ। भारत में स्वदेशी का पहले-पहल नारा बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय ने 1872 ईस्वी में ही विज्ञानसभा का प्रस्ताव रखते हुए दिया था। उन्होंने कहा था, 'जो विज्ञान स्वदेशी होने पर हमारा दास होता, वह विदेशी होने के कारण हमारा प्रभु बन बैठा है, हम लोग दिन-ब-दिन साधनहीन होते जा रहे हैं। अगस्त 1905 में कलकत्ता के टाउनहॉल में एक विशाल बैठक आयोजित की गई जिसमें स्वदेशी आंदोलन की औपचारिक घोषणा की गई। मैनचेस्टर में निर्मित कपड़ों तथा लिवरपूल के नमक जैसे सामानों के बहिष्कार का संदेश प्रचारित किया गया।

स्वदेशी आंदोलन का भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा, जिससे न केवल ब्रिटिश वस्तुओं के बहिष्कार को बढ़ावा मिला, बल्कि स्वदेशी उद्योगों और राष्ट्रीय शिक्षा को भी प्रोत्साहन मिला। स्वदेशी आंदोलन ने भारतीय उद्योगों को बढ़ावा दिया, जिससे कपड़ा मिलें, साबुन और माचिस की फैक्टरियां, चमड़े के कारखाने, बैंक, बीमा कंपनियां और दुकानें स्थापित हुईं। क्या यह अब हमारे लिए जरूरी नहीं है। स्वदेशी आंदोलन के परिणामस्वरूप, राष्ट्रीय शिक्षा परिषद की स्थापना की गई और बंगाल नेशनल कॉलेज और देश भर में कई राष्ट्रीय स्कूल और कॉलेज खोले गए। स्वदेशी आंदोलन ने विदेशी वस्तुओं, विशेष रूप से कपड़ों, चीनी, नमक और विलासिता की वस्तुओं का बहिष्कार किया, जिससे उनकी बिक्री में कमी आई। क्या इस तरह के आंदोलन की आज जरूरत नहीं है? अमेरिकी बॉस की भारत को आर्थिक तौर पर नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों के संदर्भ में प्रधानमंत्री द्वारा स्वदेशी का आह्वान यदि पूरे देश मे एक आंदोलन का रूप ले ले तो अमरीकी हितों को एक बड़ा झटका लगेगा, स्वदेशी हमारी दीर्घकालीन आर्थिक नीति का आवश्यक हिस्सा होना चाहिए, देश का नीति आयोग इस पर ध्यान दे। हमें स्वदेशी साधनों के उपयोग पर बल देना चाहिए। आज के दौर में स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की जरूरत फिर से महसूस होने लगी है। विकसित देश उन्हीं के होते हैं, जिनमें स्वदेशी उत्पादों का उत्पादन होता है। यदि हम दूसरे देशों पर निर्भर रहेंगे, तो वे हमें मजबूरी में ऊंचे दाम पर चीजें बेचेंगे और हमें उन्हें खरीदने की आवश्यकता होगी। स्वदेशी आंदोलन, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, आज आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का आधार बन चुका है। यह आंदोलन न केवल आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देता है, बल्कि राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करता है। हर भारतीय को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की जरूरत है, क्योंकि यह देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, रोजगार सृजन करने और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी **बात**



**राकेश दुबे**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

वैष्णो देवी पर आपदा को लेकर श्राइन बोर्ड का आया रिएक्शन

# अलर्ट मिलते ही रोक दी गई थी यात्रा...आरोपों को किया खारिज

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने 26 अगस्त को प्राकृतिक आपदा में तीर्थयात्रियों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु पर गहरा दुःख और पीड़ा व्यक्त की है, और मीडिया रिपोर्टों द्वारा फैलाई जा रही धारणा को खारिज करने के लिए सही तथ्यात्मक स्थिति को रिकॉर्ड पर रखा है। एक बयान में SMVDSB ने आरोपों को झूठा और निराधार बताते हुए स्पष्ट रूप से खंडन किया। बोर्ड ने कहा कि कल से कुछ मीडिया रिपोर्ट्स प्रसारित हो रही हैं जिनमें आरोप लगाया गया है कि श्री माता वैष्णो देवी यात्रा को मौसम संबंधी सलाह की पूरी तरह से अवहेलना करते हुए और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा की कीमत पर आगे बढ़ने दिया गया।

बोर्ड ने आगे कहा कि 26 अगस्त की सुबह लगभग 10:00 बजे तक मौसम साफ़ और तीर्थयात्रा के लिए अनुकूल रहा, इस दौरान यात्रा सामान्य रूप से चलती रही, यहां तक कि हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उस दौरान निर्बाध रूप से चलती रहीं। वास्तव में, बोर्ड ने अपनी स्थापित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, पूरे ट्रैक पर अपने प्रवर्तन कर्मचारियों और आपदा प्रबंधन कार्यबल की तैनाती के लिए व्यापक व्यवस्था की थी। इसमें कहा गया है कि बोर्ड ने मौसम संबंधी अपडेट पर कड़ी नज़र रखी और जैसे ही मध्यम बारिश का पूर्वानुमान प्राप्त हुआ, पंजीकरण तुरंत स्थगित कर दिए गए। अधिकांश यात्री पवित्र गुफा के दर्शन करने के बाद ट्रैक से नीचे की ओर बढ़ रहे थे। तब तक रास्ते में हज़ारों यात्री कटरा वापस अपनी तीर्थयात्रा सुचारू रूप से पूरी कर चुके थे। हालाँकि, कई तीर्थयात्री पुराने ट्रैक पर निर्धारित पड़ावों पर रास्ते में बने आश्रय स्थलों में रुके रहे। ये वे स्थान/खंड हैं जहाँ पहले कभी भूस्खलन की आशंका नहीं रही है। बयान में कहा गया है, "ये पड़ाव विशेष रूप से तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रैक के सबसे सुरक्षित क्षेत्रों में बनाए गए हैं।" कटरा और अधक्वारी (ताराकोट के रास्ते) के बीच नया ट्रैक, जो भूस्खलन और मौसम संबंधी व्यवधानों के लिए अतिसंवेदनशील है, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के हित में 24 अगस्त से ही बंद कर दिया गया था। पुराना ट्रैक, जो आम तौर पर सुरक्षित है और जहाँ भूस्खलन/पत्थर गिरने का खतरा नहीं है (पिछले कई दशकों में स्थिर हो गया है), मौसम की स्थिति पर कड़ी नज़र रखते हुए तीर्थयात्रियों की आवाजाही के लिए खुला रखा गया था। यहां तक कि इस ट्रैक पर यात्रा भी 26 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे तक मौसम संबंधी विशेष सलाह जारी होने के बाद स्थगित कर दी गई थी।

## तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता



बोर्ड ने कहा कि ट्रैक पर तैनात श्राइन बोर्ड के आपदा प्रबंधन कार्य बल ने जिला प्रशासन, रियासी, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर तुरंत प्रतिक्रिया दी और तेजी से निकासी और राहत अभियान शुरू किया। घायल हुए 18 तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकाला गया और ट्रैक पर प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें ककरयाल स्थित श्राइन बोर्ड के अस्पताल में सुपरस्पेशलिटी देखभाल के लिए स्थानांतरित कर दिया गया। बयान में कहा गया है, "फंसे हुए तीर्थयात्रियों को 26 अगस्त की शाम तक ताराकोट मार्ग से कटरा सुरक्षित पहुँचा दिया गया। इसके साथ ही, मलबा हटाने, ढलान का निरीक्षण और स्थिरीकरण का काम युद्धस्तर पर किया गया। बोर्ड ने पिछले कुछ वर्षों में ढलान स्थिरीकरण और पर्वतीय बांधने की गतिविधियों के लिए ठोस कदम उठाए हैं। लगभग पूरे मार्ग पर छिटपुट पत्थरों से बचाव के लिए मज़बूत आश्रय शेड बिछाए गए हैं।" बोर्ड ने दोहराया कि कि मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए हर संभव एहतियात बरती गई थी। दुर्भाग्यपूर्ण बादल फटने से हुई बहुमूल्य जान-माल की हानि का मानवीय रूप से पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता था और इसलिए यह किसी की भी आशंका या नियंत्रण से परे था। बोर्ड ने हर समय आधिकारिक मौसम पूर्वानुमानों और सलाह के अनुसार सख्ती से काम किया है, और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और कल्याण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

पीएम मोदी को अपशब्द कहने पर पुलिस का बड़ा एक्शन

# पीएम मोदी दिवंगत मां पर अपमानजनक टिप्पणी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। दरभंगा**

दरभंगा में इंडिया ब्लॉक द्वारा आयोजित एक राजनीतिक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां को निशाना बनाकर कथित तौर पर अपमानजनक नारे लगाने के आरोप में रिजवी उर्फ राजा नामक व्यक्ति को गुरुवार रात गिरफ्तार किया गया। यह घटना आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा आयोजित मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान हुई। इस मामले पर राजनीतिक घमासान भी मच गया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और एक्शन लिया। यह गिरफ्तारी एक वीडियो के प्रसारित होने के बाद हुई, जिसमें आरोपी राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और तेजस्वी यादव के पोस्टरों से सजे एक मंच से अपमानजनक बातें करते हुए दिखाई दे रहे थे। भाजपा ने तुरंत पटना के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई और कांग्रेस से माफ़ी मांगने की मांग की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहे गए कथित अपशब्दों की शुक्रवार को निंदा की। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "दरभंगा में



- आरोपी की पहचान रिजवी उर्फ राजा के रूप में हुई, जिसे गुरुवार रात गिरफ्तार किया गया।
- यह रैली राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा आयोजित मतदाता अधिकार यात्रा का हिस्सा थी।

मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मंचों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ अभद्र का इस्तेमाल बेहद अशोभनीय है और मैं इसकी निंदा करता हूं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कहा था कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) को जनता दंडित करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटना को देश के लोकतंत्र पर धब्बा करार दिया। शाह, भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने लोकसभा मेंनेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आलोचना की। एक दिन पहले ही एक कथित वीडियो सामने आया था।

## प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत मां का अपमान, देश नहीं भूलेगा!



**राजस्थान।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिहार के दरभंगा में एक इंडिया ब्लॉक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां को गालियाँ देते हुए एक कथित वायरल वीडियो के बाद कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर "बेशर्मी की सारी हदें पार करने" का आरोप लगाया। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा मंच से प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत पूजनीय माँ पर की गई अभद्र टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है। देश इस कृत्य के लिए कांग्रेस-राजद को कभी माफ नहीं करेगा।

**प्रधानमंत्री मोदी की माता के लिए अपशब्द का प्रयोग शर्मनाक :** भजनलाल शर्मा ने कहा, " राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सहित विपक्षी गठबंधन के नेताओं को ये हजम नहीं हो रहा है कि गरीब मां का बेटा देश के प्रधानमंत्री पद पर कैसे आसीन है और कैसे देश की जनता ने उन्हें अपने दिलों में बैठाया हुआ है।" भाजपा का आरोप है कि बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र का इस्तेमाल किया गया। जिन पूज्य माताजी ने संघर्ष और परिश्रम की पराकाष्ठा से गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत किया, उन पुण्यात्मा के शतायु होकर देवलोकगमन के बाद उनका इस तरह से कांग्रेस-आरजेडी द्वारा सार्वजनिक मंच से अपमान किया जाना भारत की महान परंपरा में कहीं से भी स्वीकार्य नहीं हैं।

## आलोचना करें, लेकिन मर्यादा न लांघें



- पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा पर भड़के ओवैसी

**बिहार।** बिहार के दरभंगा में भारतीय जनता पार्टी की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के एक वायरल वीडियो पर बढ़ते राजनीतिक हंगामे के बीच, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के लिए कथित तौर पर की गई अभद्र भाषा से खुद को अलग कर लिया। ओवैसी ने लोकतंत्र में आलोचना के महत्व पर ज़ोर देते हुए, मर्यादा की सीमा लांघने के ख़िलाफ़ चेतावनी दी। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जितना चाहें विरोध करें, आलोचना करें, निंदा करें। लेकिन अगर आप शालीनता की सीमा लांघते हैं, तो यह गलत है। बहस अश्लील हो जाएगी। प्रधानमंत्री की आलोचना करें, लेकिन अभद्र भाषा का इस्तेमाल न करें। दरभंगा में इंडिया ब्लॉक के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी वाले एक वायरल वीडियो पर ओवैसी ने कहा कि शालीन शब्दों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आप बोलें, विरोध करें और आलोचना करें, जितनी चाहें निंदा करें, लेकिन अगर आप शालीनता की सीमा पार करते हैं, तो यह गलत है और ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। चाहे वह किसी के बारे में भी हो। ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री की आलोचना करें, लेकिन एक बात याद रखें कि अगर आप सीमा पार कर रहे हैं, तो यह सही नहीं है।

## हाथ में संविधान, जेब में गाली की डिक्शनरी लेकर घूमते हैं: मुख्तार अब्बास नकवी

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने 'वोटर अधिकार यात्रा' के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी गई अभद्र टिप्पणी को बेहद आपत्तिजनक बताया है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे एक तरफ हाथ में संविधान, दूसरी तरफ जेब में गाली की डिक्शनरी लेकर घूमते हैं। आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की यह गाली-गलौज की रणनीति न केवल अनुचित है, बल्कि इससे वे खुद अपना नुकसान करेंगे। नकवी ने इसे 'गालीबाजों की कुंडली' करार देते हुए कहा कि ऐसी हरकतों से कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा, बल्कि यह उनकी अपनी हार का कारण बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास और स्थिरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है, और विपक्ष की इस तरह की नकारात्मक राजनीति से विपक्ष केवल अपनी स्थिति को कमजोर करेगा। उन्होंने कांग्रेस और उनके सहयोगियों पर आरोप लगाया कि वे जानबूझकर प्रधानमंत्री के खिलाफ गंदी, सड़कछाप और घटिया भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा नेता के अनुसार, ऐसी भाषा से न केवल विपक्ष की छवि खराब होती है, बल्कि यह जनता के बीच उनकी स्वीकार्यता को भी कम करता है।राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि वे एक हाथ में संविधान लेकर घूमते हैं।


**Office of the Nagar Panchayat Chhatarpur**

**Short E-Procurement Notice**

NIT No:- NPC-NIT-16/2023-24 (8th Call )

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Chhatarpur town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,38,31,558.00 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,26,22,393.00 Total: ₹ 3,64,53,951.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹ 3,64,540/- (Rupees Three Lakhs Sixty-Four Thousand Five Hundred Forty Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 02-09-2025 |
| 7 | Document downloading start Date | 02-09-2025 |
| 11 | Bid submission end date | 18-09-2025 |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 18-09-2025 |
| 13 | Bid opening date (online | 19-09-2025 |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Chhatarpur |
| 16 | Helpline Number | 9471125404 |

**Note: Only e-Tender will be accepted**
**Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)**

**Executive Officer**
**Nagar Panchayat Chhatarpur**

PR 360690 (District) 25-26 (D)


## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप अपने कार्यक्षेत्र में बदलाव लेकर आयेंगें, जिसकी वजह से आपको बड़ा लाभ होगा। आपकी कोशिशों में एक नयी किरण जगमगाएगी और जल्द ही आपको सफलता मिलेगी। आज आप अपनी मेहनत और लगन से विरोधी को परास्त कर देंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहेगा। आज आपके कारोबार में दुगुना धन लाभ होगा। आज आप मार्केट जाकर परिवार के लोगों के लिए गिफ्ट खरीदेंगे, जिससे उन्हें ख़ुशी मिलेगी। आज आप पैसों के लेन - देन से बचें और आज आपअपने विचार दूसरों के ऊपर न थोपे और न ही बिन मांगें सलाह दें।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए उत्तम बना रहेगा। आज आप कर्मचारियों के साथ अपना रवैया अच्छा बनाये रखें, जिससे वे मन लगाकर काम करें। आज आप दोस्तों के साथ खूब हंसी मजाक करेंगें लेकिन एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी काम के प्रति आपकी जिम्मेदारी बढ़ेगी , जिसमें आप अपने कलीग की सहायता ले सकते हैं। आज अचानक आपके घर पर किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिसके चलते व्यस्तता बनी रहेगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको आपके सवालों के सारे जवाब मिलेंगे, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आपकी कुछ प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात होगी और कुछ बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आपको जीवनसाथी से सरप्राइज मिलने की संभावना है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपके मन में कुछ नए विचार आ सकते हैं, जो फ्यूचर में आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। आज आपके घर में मेहमान का आगमन हो सकता है ,जिससे घर परिवार में भी खुशी भरा माहौल रहेगा। आज आपको किसी करीबी के माध्यम से धनलाभ होने के योग बन रहें हैं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। आज आपकी करोबारी गतिविधियां अच्छी चलेंगी, आपको रोज की अपेक्षा अधिक धन लाभ होगा । आज आपकी पारिवारिक समस्याएं सुलझ जाएंगी, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बनेगा। आज आप बच्चों के साथ शॉपिंग करने मार्केट जायेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिली - जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपके किसी निर्णय से परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। आज आप अपने काम को पूरा करने के लिए किसी करीबी की मदद ले सकते हैं, बेहतर होगा आप अपने विवेक का उपयोग करेंगे। आज आप समय निकालकर थोड़ी देर बुजुर्गों के साथ बैठेंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा , आपके घर में भौतिक साधनों की बढ़ोतरी होगी। आज आप किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जीवनसाथी की मदद ले सकते हैं। आज कार्यभार की वजह से शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ऑफिस की मीटिंग में अपने विचार रखेंगे , जो सभी को बहुत पसंद आयेंगे। आज किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से सजगता और भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी , जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने कारोबार को और बड़ा बनाने का प्रयास करेंगे। आज आप किसी दोस्त से मिलने उसके घर जा सकते हैं, उससे मिलकर आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आपको संतान की तरफ से संतोषजनक नतीजे मिलने से सुकून मिलेगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप घर शिफ्ट करने में अपने मित्र की मदद ले सकते हैं। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको कार्यप्रणाली में लाए गए परिवर्तन के अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं। आज आपका व्यवसायिक दृष्टिकोण कई मामलों को सुलझाने में सक्षम रहेगा।


**कार्यालयः—असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लातेहार।**
**Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.**
जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT)लातेहार के अंतर्गत सदर अस्पताल लातेहार में संविदा/अनुबंध के आधार पर फिजियोथेरेपिस्ट के पद पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।
विज्ञापन सं0—03/2025 (DMFT)

**DMFT** के तहत जिला लातेहार के अंतर्गतप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्र प्रखण्ड लातेहार में लाभूकों का नेत्र जाँच करानें हेतु **Eye Screening Centre** का संचालन किया जाना है। **Eye Screening Centre** का संचालन तथा घर—घर जाकर लाभूकों को नेत्र जांत्र करानें से संबंधित कार्य हेतु अनुबंध/संविदा के आधार पर औपबंधिक एवं अस्थायी रूप से नीचे वर्णित पदों की सेवाएँ **Competency based interview** के आधार पर चयनोपरांत प्राप्त की जानी है। पदों का विवरण निम्नवत् है:—

| क्र0 | पदनाम | आवश्यकता आधारित कोटिवार कुल रिक्ति | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | आ0क0व0 | अ0जा0 | अज0जा0 | कुल |
| 1 | Optometrist | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 2 | Project Cordinator | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 3 | Patient Coordinator | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 4 | Mobiliser | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |

नोटः—रिक्तयों की संख्या में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है।

- उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्ते, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट **http://latehar.nic.in** पर देखा जा सकता है।
- ईच्छुक उम्मिदवारों को सूचित किया जाता है कि दिनांक—18.09.2025को अधोहस्ताक्षरी/अध्यक्ष चयनसमिति के कार्यालय वेश्ममें निर्धारित अर्हता संबंधी शैक्षणिक, तकनीकी एवं कार्यानुभव से संबंधित प्रमाण पत्रों एवं व्यक्तिगत पहचान हेतु आधार कार्ड की की स्व—अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ **Competency based interview** में शामिल होना सुनिश्चित करेंगें।

सिविल सर्जन, लातेहार

PR 360676 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार।**

**अति—अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना सं0— DWSD/LTR/Dist-Untied-20/2025-26 (1st Call) दिनांक 29.08.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :— | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :— | 06.09.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 04 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :— | 08.09.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 05 | निविदा जमा करने का स्थान | :— | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :— | 08.09.2025 अपराहन 04.00 बजे । |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :— | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :— | 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const of RWSS in Different Place of Latehar District under DW & S Div Latehar for 2025-26 | Gr-01 | 1002378.00 | 21000 | 2500 | 45 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department Participate in said Tender.
4. उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लातेहार का पत्रांक— 906 दि0— 29.08.2024 के आलोक में लातेहार जिले में निबंधित सम्वेदक को प्राथमिकता देते हुए कार्य आवंटित किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार।

PR 360752 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)



**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
ई— संख्या— DOPR/DE/ZP/Palamu 08/2025-26

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :— | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :— | दिनांक 06.09.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई—निविदा प्राप्त करने की तिथि | :— | दिनांक 06.09.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 13.09.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा शुल्क (जो लौटाया नहीं जायेगा), अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति आदि दस्तावेज मूल रूप में जमा करने की तिथि/स्थान। | :— | दिनांक 15.09.2025 (अपराह्न 3:00 बजे तक) कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :— | दिनांक 16.09.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| निविदा खोलने का स्थान | :— | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी | :— | |

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | चैनपुर | कटुवल | कटुवल पंचायत के कटुवल खूर्द में कुशयारा पंचायत के तेलना ग्राम के बीच में गुर सुतिया नाला पर पुल निर्माण (दो पंचायत को जोड़ता है।) | 4132400.00 | 82648.00 | 5000.00 | 06 माह | NIT-08/ 2025-26/ Gr-01 |

नोट—
1. केवल ई—निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (District Engineer, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/— जिला अभियंता
जिला परिषद, पलामू

PR 360764 District (25-26)_D



**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या— 09/2025—26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | :— | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :— | दिनांक 06.09.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :— | दिनांक 09.09.2025 (अपराह्न 02:00 बजे तक) |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि | :— | दिनांक 09.09.2025 (अपराह्न 03:00 बजे से) |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :— | जिला परिषद कार्यालय, पलामू। |
| 6 | निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान | :— | जिला परिषद कार्यालय, पलामू। |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | :— | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 8 | कार्य की विस्तृत विवरणी :— | | |

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | छतरपुर | मुरूमदाग | चिल्होकला | उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिल्होकला स्कूल के पास चापाकल निर्माण। | 398727.00 | 8000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| | पाटन | पचकेड़िया | पचकेड़िया | स्वास्थ्य केन्द्र के पास चापाकल निर्माण। | | | | |
| | नौडीहा बाजार | ललगाड़ा | कुहकुह | आंगनबाड़ी के पास चापाकल निर्माण। | | | | |

नोट—
1. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. राशि की उपलब्धता के आलोक में ही योजनाओं पर भुगतान किया जा सकेगा।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/—
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 360765 District(25-26)#D

### पीएम मोदी का एक्शन प्लान

# सेमीकंडक्टर-एआई सहयोग से भारत जापान बनाएंगे मजबूत तकनीकी भविष्य

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर टोक्यो पहुंचे, जो लगभग सात वर्षों में उनकी पहली जापान यात्रा है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाना, द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करना और क्षेत्रीय एवं वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ शिखर वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जापान के तोक्यो पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री भारत-जापान साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ शाम को व्यापक चर्चा करेंगे।'' अपने प्रस्थान वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी जापान यात्रा दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संबंधों और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का एक अवसर प्रदान करेगी। मोदी 29-30 अगस्त को जापान यात्रा के दौरान जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ वार्षिक शिखर वार्ता करेंगे।

प्रधानमंत्री ने जापान यात्रा पर कहा, ''हम अपनी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के अगले चरण को आकार देने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। दोनों देशों के बीच साझेदारी ने पिछले 11 वर्षों में लगातार और महत्वपूर्ण प्रगति की है।'' उन्होंने कहा, ''हम अपने सहयोग को नयी उड़ान देने, आर्थिक व निवेश संबंधों के दायरे एवं महत्वाकांक्षाओं का विस्तार करने, कृत्रिम मेधा (एआई) व सेमीकंडक्टर सहित नयी



और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, जापान में भारतीय दूत सिबी जॉर्ज ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच चर्चा समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर से आगे बढ़ेगी। दोनों नेताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चल रहे व्यापार युद्ध के बीच मौजूदा भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य पर विचार-विमर्श करने की उम्मीद है। जॉर्ज ने कहा, "इसलिए, जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण नेता, भारत और जापान, मिलेंगे, खासकर इस भू-राजनीतिक स्थिति में, तो वे भू-राजनीतिक मुद्दों के संपूर्ण आयाम पर चर्चा करेंगे।

### सात वर्षों बाद जापान यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर टोक्यो पहुंचे। यह लगभग सात वर्षों में उनकी पहली जापान यात्रा है।

1. **भारत-जापान शिखर वार्ता :** पीएम मोदी जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ वार्ता करेंगे। बैठक में रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक साझेदारी पर चर्चा होगी।
2. **विशेष रणनीतिक साझेदारी पर फोकस :** मोदी ने कहा, दोनों देशों के बीच "विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी" के अगले चरण को आकार देने पर ध्यान दिया जाएगा।
3. **एआई और सेमीकंडक्टर सहयोग :** दोनों नेता कृत्रिम मेधा , सेमीकंडक्टर और उभरती प्रौद्योगिकियों में साझेदारी को नई उड़ान देंगे।
4. **आर्थिक और निवेश संबंधों पर जोर :** नई दिल्ली और टोक्यो व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग के नए रास्ते तलाशेंगे।
5. **एमओयू पर हस्ताक्षर से आगे चर्चा :** भारतीय दूत सिबी जॉर्ज ने कहा, बातचीत समझौता ज्ञापनों (से आगे बढ़कर व्यापक रणनीतिक सहयोग पर केंद्रित होगी।
6. **भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध और मौजूदा तनावों के बीच भारत-जापान क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विमर्श करेंगे।

### मोदी चीन में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

अपनी जापान यात्रा के बाद, मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक शंघाई सहयोग संगठन के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन के तियानजिन की यात्रा करेंगे। शिखर सम्मेलन से इतर, उनके चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "भारत एससीओ का एक सक्रिय और रचनात्मक सदस्य है। अपनी अध्यक्षता के दौरान, हमने नवाचार, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में नए विचार प्रस्तुत किए हैं और सहयोग की पहल की है।" उन्होंने आगे कहा, "मैं शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग, राष्ट्रपति पुतिन और अन्य नेताओं से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं। उन्होंने चुनौतियों का समाधान करने और क्षेत्रीय सहयोग को गहरा करने के लिए एससीओ सदस्यों के साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, "मुझे विश्वास है कि जापान और चीन की मेरी यात्राएँ हमारे राष्ट्रीय हितों और प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएंगी।

### प्रसिद्ध अर्थशास्त्री क्रिस वुड ने कहा-

# ट्रंप के टैरिफ से चीन के करीब जा रहा भारत, यह अमेरिका के भी हित में नहीं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिका भारत का दूसरा बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है और इस टैरिफ़ के पहले ट्रेड भारत के पक्ष में रहा है। अमेरिका के साथ ट्रेड में भारत सरप्लस की स्थिति में है। लेकिन नरेन्द्र मोदी के अति प्रिय रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामान पर 50% टैरिफ लगाया है, जिसमें रूस से तेल खरीदने पर लगने वाला 25% जुर्माना भी शामिल है। जेफरीज के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री क्रिस वुड का कहना है कि इससे इंडियन अर्थव्यवस्था को लगभग 55-60 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। वुड जेफरीज में इक्विटी स्ट्रेटेजी के ग्लोबल हेड हैं। उन्होंने अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट "ग्रीड एंड फीयर" में यह दावा किया है। । उनका कहना है कि सबसे ज्यादा असर टेक्सटाइल, जूते, गहने व जेम्स एंड जूलरी जैसे क्षेत्रों पर पड़ेगा। ये ऐसे सेक्टर हैं जिनमें बहुत सारे लोगों को रोजगार मिलता है। वुड का मानना है कि ट्रंप ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि वह भारत व पाकिस्तानी के बीच मई में हुए चार दिनों के सैन्य संघर्ष को सुलझाने में भूमिका नहीं



निभा पाए। भारत पर यह भारी टैक्स ऐसे समय में लगाया गया है जब दोनों देश एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब थे।उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी भारतीय सरकार कृषि को आयात के लिए नहीं खोलेगी।

इसकी वजह यह है कि भारत में किसान परिवार आबादी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। लगभग 25 करोड़ किसान और उनसे जुड़े मजदूर खेती से अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं, और भारत के लोगों के लिए भी अन्न पैदा करते हैं।यही नहीं यह सेक्टर भारत की लगभग 40% आबादी को रोजगार देता है।ऐसे में यदि भारत सरकार ने किसानों के हित विरोधी कुछ भी कड़ा कदम उठाया तो वे सब ठप्प करने वाला आंदोलन कर सकते हैं। मोदी सरकार ने एक बार कृषि को बाजार के हवाले वाली नीति बनाई तो किसान विरोध में एक साल तक दिल्ली में धरने पर बैठे रहे। कहा जाता है कि उसमें लगभग 700 किसान मरे थे। साल भर अड़े रहने के बाद पीएम को अंत में माफी मांग कर उस कानून को वापस लेना पड़ा था। ट्रंप ने अब तक भारत के सर्विस सेक्टर पर ध्यान नहीं दिया है। और जहां तक आर्थिक स्थिति का सवाल है तो इस सेक्टर से भारत को सालाना 150 अरब डॉलर की कमाई होती है। इसमें आईटी सेवाओं का बड़ा योगदान है।इसके अलावा अमेरिका की कई कंपनियों ने भारत में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर बनाए हैं, जिनसे 60 अरब डॉलर की कमाई होती है। वुड ने कहा कि जब ट्रंप बिजनेस की बात करते हैं, तो वह लगभग पूरी तरह से गुड्स के बिजनेस पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इस टैरिफ विवाद से भारत चीन के करीब भी जा सकता है। वुड ने कहा कि भारत को चीन के सस्ते सामान की जरूरत है। इसलिए यह अमेरिका के हित में नहीं है क्योंकि इससे भारत चीन के करीब जा रहा है।



### आरबीआई के गवर्नर पद से इस्तीफा देकर चले गए थे पटेल

# ट्रंप के टैरिफ टेरर के चलते उर्जित बनाए गए आईएमएफ में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर!

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केन्या में पैदा हुए ,पहले ब्रिटेन में यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से इकोनॉमिक्स में बीएससी फिर अमेरिका में हार्वर्ड, येल जैसे विश्वविद्यालयों से उच्च शिक्षा पाकर वहीं बड़े संस्थानों में अर्थशास्त्री बने , आगे बढ़े उर्जित पटेल को मोदी सरकार ने आर.बी. आई का गवर्नर बनाया था। लेकिन कुछ नीतिगत मतभेद के कारण सरकार के दबाव में नहीं आकर आर.बी.आई के गवर्नर पद से इस्तीफा देकर चले गये , अब उसी, हार्वर्ड में पढ़े गुजराती पटेल मूल के अर्थशास्त्री उर्जित पटेल को मोदी सरकार ने भारत की तरफ से इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बनाया है। संभवतया ट्रंप के टैरिफ टेरर के चलते बदले हालात में संभवतया अमेरिकी सरकार में व वहाँ के अर्थशास्त्रियों में उनके अच्छी पहुँच होने के चलते। वैसे तो उर्जित पटेल ने इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड में अपने कैरियर के शुरूआत में नौकरी की थी। अभी उनको तीन साल के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। मालूम हो कि पटेल ने 5 सितंबर, 2016 को भारत के रिजर्व बैंक के 24वें गवर्नर का पद संभाला था। उन्होंने रघुराम राजन के पद छोड़ने के बाद जगह ली थी। कहा जाता है कि इन्होंने भी बैंकों को कई हज़ार करोड़ रूपये लोन दिये को राइट ऑफ करने और आर.बी. आई से और रक़म बैंकों को देने जैसे संवेदनशील मुद्दे का विरोध किया । जब इनकी नहीं सुनी गई तो दिसंबर, 2018 में व्यक्तिगत कारण का संकेत देते हुए से आर.बी.आई के गवर्नर पद से इस्तीफा दे दिया था। मालूम हो कि उर्जित पटेल को जनवरी 2022 में उन्हें एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक का वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया था। पटेल अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ भी काम कर चुके हैं। गुजराती मूल के उर्जित पटेल का जन्म 28 अक्टूबर 1963 को केन्या में हुआ था। स्कूली शिक्षा भी केन्या में ही हुई। उनका पैतृक गांव गुजरात के खेड़ा जिले में है। पटेल ने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से इकोनॉमिक्स में बीएससी करने के बाद ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से एम फिल व येल यूनिवर्सिटी से पीएचडी की। 1990 से 1992 के दौरान उन्होंने आईएमएफ में अर्थशास्त्री के रूप में अमेरिका, म्यांमार, भारत व बहामास के डेस्क के लिए काम किया था। उनकी अमेरिकी अर्थशास्त्री लाबी में अच्छी पैठ है।इनको भी अमेरिका के टाप 100 अर्थशास्त्रियों में से एक माना जाता है।

## इजरायली हमले में हूती प्रधानमंत्री अहमद अल-रहवी की मौत : रिपोर्ट

**सना।** यमन में ईरान समर्थित हूती समूह के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहवी की इजरायली हवाई हमले में मौत हो गई। यमनी मीडिया आउटलेट्स अल-जुम्हूरिया और अदन अल-घद ने दावा किया है कि अहमद अल-रहवी शुक्रवार को सना में एक अपार्टमेंट पर हुए इजरायली हमले में मारे गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह भी बताया गया है कि अहमद अल-रहवी के कई सहयोगी भी इस हमले में मारे गए। हालांकि, इजरायल ने इन खबरों की अभी तक पुष्टि नहीं की है। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को पुष्टि की है कि उनकी वायु सेना ने सना, यमन के पास एक हूती सैन्य लक्ष्य पर सटीक हमला किया। इससे पहले दिन में दो ड्रोन को रोका गया था। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज के कार्यालय के अनुसार, यह मिशन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर और अन्य शीर्ष कमांडरों के साथ रेड लाइन संचार प्रणाली के माध्यम से समन्वय में स्वीकृत किया गया था।

# विकलांग हुए कैडेट्स को भी रक्षा मंत्रालय देगा ईसीएचएस की मेडिकल सुविधाएं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मिलिट्री ट्रेनिंग के दौरान विकलांगता वाले कैडेट्स के दर्दनाक हालात के बारे में द इंडियन एक्सप्रेस ने विस्तृत खबर छापी थी। जिसको सर्वोच्च न्यायालय ने संज्ञान लिया था और केंद्र सरकार व सशस्त्र बलों को नोटिस देकर जवाब देने के लिए कहा था। ।इसके बाद अब रक्षा मंत्रालय ने आदेश दिया है कि सेना के ऐसे ऑफिसर कैडेट्स जिन्हें मिलिट्री ट्रेनिंग के दौरान विकलांगता की वजह से बाहर कर दिया जाता है, उन्हें भी अब एक्स सर्विसमेन कान्ट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम(ईसीएचएस) के तहत मेडिकल सुविधाएं मिलेंगी। अभी तक उन्हें यह सुविधा नहीं मिलती थी क्योंकि उनके पास एक्स सर्विसमैन का दर्जा नहीं था। रक्षा मंत्रालय के इस आदेश के बाद ऐसे सभी ऑफिसर कैडेट्स सेना के अस्पतालों, ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक और इसके पैनल में शामिल अस्पतालों में मुफ्त इलाज करा सकेंगे। इस बारे में 'द इंडियन एक्सप्रेस' ने विस्तृत खबर प्रकाशित



सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद मंत्रालय ने लिया निर्णय

मिलिट्री ट्रेनिंग के दौरान विकलांगता का मामला

की थी और ऐसे ऑफिसर कैडेट्स की परेशानी को सामने रखा था जिन्हें देश के शीर्ष मिलिट्री ट्रेनिंग संस्थाओं से मेडिकल ग्राउंड के आधार पर बाहर कर दिया गया था। ऐसे सभी कैडेट्स विकलांगता से जूझ रहे हैं और उन्हें पूरी सुविधाएं भी नहीं मिलतीं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस मामले में नोटिस देकर जब केन्द्र केंद्र सरकार व सशस्त्र बलों से निर्धारित समय में इस पर जवाब देने के लिए कहा , इसके बाद रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले एक्स सर्विसमेन वेलफेयर विभाग ने आदेश में कहा है कि मेडिकल वजह से जिन ऑफिसर कैडेट्स को ट्रेनिंग से बाहर कर दिया जाता है उन्हें अब ईसीएचएस के तहत मेडिकल सुविधाएं दी जाएंगी। आदेश में यह भी कहा गया है कि ईसीएचएस की सुविधा उनके लिए पूरी तरह मुफ्त होगी। मतलब यह कि सेना के पूर्व जवानों यानी एक्स सर्विसमैन को इस सेवा के लिए जो 1.20 लाख रुपये की फीस देनी पड़ती थी, वह इन ऑफिसर कैडेट्स को नहीं देना होगा। यह आदेश तीनों सेनाओं के प्रमुखों व चीफ ऑफ डिफ़ेंस स्टाफ को भेजा गया है।अभी सभी एक्स सर्विसमैन को ईसीएचएस योजना के तहत फायदे मिलते हैं लेकिन ऐसे कैडेट्स जो ट्रेनिंग के दौरान विकलांग हुए थे, उन्हें एक्स सर्विसमैन का दर्जा नहीं मिला था, इसलिए उन्हें ईसीएचएस योजना का फायदा नहीं मिलता था।ऑफिसर कैडेट्स लंबे समय से केंद्र सरकार से विकलांगता पेंशन और एक्स सर्विसमैन का दर्जा देने की मांग कर रहे थे क्योंकि इसके बिना उन्हें ईसीएचएस से होने वाले फायदा नहीं मिल सकता था।

## अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी राजदूत तलब हमलों पर आपत्ति जताई

**काबुल ।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी सेना द्वारा नंगरहार और खोस्त प्रांतों में किए गए कथित हवाई हमलों को लेकर काबुल स्थित पाकिस्तान के राजदूत को तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराया है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान अधिकारियों ने इन हमलों की कड़ी निंदा की है, जिनमें तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। गुरुवार को भेजे गए विरोध पत्र में अफगान विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान की कार्रवाई को अफगान हवाई क्षेत्र का उल्लंघन और ड्यूरंड रेखा के पास नागरिक इलाकों में बमबारी को "अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता का खुला उल्लंघन और उकसाने वाला कदम" करार दिया।

### भारत-कनाडा में भी हो गई दोस्ती

# कार्नी ने छोड़ी ट्रूडो की राह, रिश्तों में नई शुरुआत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत ने कनाडा के लिए एक नए राजदूत की नियुक्ति की। यह नियुक्ति राजनयिक तनाव के बीच ओटावा में तैनात अपने उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा और अन्य वरिष्ठ राजनयिकों को वापस बुलाने के लगभग नौ महीने बाद की गई है। विदेश मंत्रालय ने दिनेश के पटनायक को कनाडा में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया है। स्पेन में भारतीय एंबेसेडर दिनेश के. पटनायक को ओटावा भेजा गया है। दोनों देशों के संबंधों में बीते दिनों असहजता के बाद इसे संबंधों में बेहतरी की एक नई शुरुआत माना जा



रहा है। इससे पहले बीते साल अक्टूबर महीने में उच्चायुक्त संजय वर्मा समेत पांच राजनयिकों को भारत वापस बुलाया था। वहीं भारत ने कनाडा के भी छह डिप्लोमैट को निष्कासित किया था।

### कार्नी के आने के बाद सुधरे रिश्ते

दोनों देशों के बीच बर्फ पिघलने का काम इस साल 25 मई से शुरू हुआ, जब भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की नवनियुक्त विदेश मंत्री अनीता आनंद से फोन पर बात की थी। उस दौरान आनंद ने कहा था कि मार्क कार्नी की सरकार भारत के साथ साझेदारी कायम करने को लेकर इच्छुक है।

विवाद साल 2023 में अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद शुरू हुआ, जिसे लेकर दोनों देशों के बीच एक साल तक डिप्लोमैटिक तनातनी और असहजता दिखी।

# "चलऽ धान रोपे" से होगी असली सुर-ताल की वापसी

*शाहदेव पहले भी लोहरदगा, फुलमनिया, नाच बैजू नाच, मेरे नैना तेरे नैना और कोरव जैसी चर्चित फिल्में बना चुके हैं*

आज के यूट्यूब युग में जहां कोई भी नौसिखिया खुद को म्यूज़िक डायरेक्टर बताकर सुर-ताल से अनजान गायकों के साथ केवल अश्लीलता परोसकर चैनल चला रहा है, वहीं भोजपुरी और नागपुरी संगीत की असली पहचान खतरे में पड़ती जा रही है। कमजोर दर्शकों की वजह से कई बार ऐसे चैनल चल भी जाते हैं, पर इसका सीधा नुकसान हमारी सांस्कृतिक धरोहर और संगीत की गरिमा को होता है। भोजपुरी और नागपुरी संगीत वास्तव में हमारी परंपरा, संस्कृति और परिवेश की झलक पेश करता है और इसे बचाना उन कलाकारों की जिम्मेदारी है जो संगीत को समझते और जीते हैं।

इसी सोच के साथ फिल्म निर्माता लाल विजय शाहदेव ने एक नई पहल की है। मुंबई में सक्रिय शाहदेव पहले भी "लोहरदगा" (हिंदी), "फुलमनिया" (हिंदी-नागपुरी), तथा भोजपुरी




फिल्मों "नाच बैजू नाच", "मेरे नैना तेरे नैना" और "कोख" जैसी चर्चित फिल्में बना चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने कई सामाजिक मुद्दों पर टीवी सीरियल्स का भी निर्माण किया है जिन्हें दर्शकों ने सराहा है। उनकी शॉर्ट फिल्म "द साइलेंट स्टैच्यू" आज भी कान्स फिल्म फेस्टिवल में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्मों में शामिल है और अपनी गहरी छाप के लिए जानी जाती है। अब भोजपुरी और नागपुरी संगीत के गिरते स्तर को लेकर चिंतित शाहदेव ने अपने यूट्यूब चैनल "आकृति सिनेमास" पर एक नई मुहिम शुरू की है। इस पहल के तहत वे नियमित रूप से उच्चस्तरीय म्यूज़िक एलबम्स लेकर आएंगे। इसकी शुरुआत 30 अगस्त (शनिवार) सुबह 6:30 बजे झारखंड की संस्कृति और भोजपुरी-नागपुरी संगीत के संगम गीत "चलऽ धान रोपे" के साथ होगी।

निर्माता लाल विजय शाहदेव का कहना है कि भोजपुरी और नागपुरी संगीत को बचाना हमारी जिम्मेदारी है क्योंकि इसमें हमारी मिट्टी की खुशबू और संस्कृति की पहचान है। मैं इस मुहिम पर गर्व महसूस करता हूं और चाहता हूं कि दर्शक असली संगीत का आनंद जरूर लें।



# पूर्व सैनिकों के लिए नौकरी मेला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा मंत्रालय के भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के तहत आने वाले पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) ने 29 अगस्त को शंकर विहार मिलिट्री स्टेशन, दिल्ली में सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों (ईएसएम) के लिए एक नौकरी मेला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य रोजगार के अवसर तलाश रहे पूर्व सैनिकों/सेवानिवृत्त कर्मियों और कॉर्पोरेट जगत को एक साझा मंच पर लाना था। इस आयोजन को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। सेना, नौसेना और वायु सेना के 1500 से अधिक पूर्व सैनिकों ने रोजगार की तलाश में पंजीकरण कराया और इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस नौकरी मेले में 40 कंपनियों ने भाग लिया, जिन्होंने 750 से अधिक रिक्त पदों की पेशकश की। शॉर्टलिस्ट किए गए पूर्व सैनिकों का साक्षात्कार/स्क्रीनिंग किया जाएगा और बाद में उन्हें सुपरवाइजरी, तकनीकी सहायता, जूनियर से सीनियर मैनेजमेंट और प्रशासन सहित विभिन्न भूमिकाओं में नियुक्त किया जाएगा।

यह आयोजन कंपनियों और पूर्व सैनिकों दोनों के लिए फायदेमंद रहा। जहां पूर्व सैनिकों को सेवा के दौरान हासिल की गई अपनी तकनीकी और प्रशासनिक क्षमता दिखाने का एक मंच मिला, वहीं कंपनियों को अनुभवी, अनुशासित और कुशल पूर्व सैनिकों के समूह की स्क्रीनिंग करने का लाभ मिला। इस नौकरी मेले में राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने डॉ. नितेन चंद्र, आईएएस, सचिव, भूतपूर्व सैनिक कल्याण, लेफ्टिनेंट जनरल भावनीश कुमार, एवीएसएम, वीएसएम जीओसी दिल्ली क्षेत्र और मेजर जनरल एसबीके सिंह, एसएम, महानिदेशक (पुनर्वास) के साथ पूर्व सैनिकों और कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों को संबोधित किया।

## न्यूज बॉक्स

### सूर्या हांसदा मामले की सीबीआई जांच को लेकर राज्यपाल से मिले भाजपाई



**रांची।** सूर्या हांसदा पुलिसिया एनकाउंटर की सीबीआई जांच करवाने एवं नगड़ी में रैयत किसानों की उपजाऊ जमीन पर प्रस्तावित रिम्स टू के निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की जा रही है। इसे लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की। राज्यपाल को राज्य सरकार और यहां पुलिस प्रशासन की तानाशाही और हठधर्मिता से अवगत कराते हुए कई मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, प्रदीप वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विकास प्रीतम, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, गंगोत्री कुजूर, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, सरोज सिंह, सुनीता सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह एवं अशोक बड़ाईक शामिल थे।

### पीएम की स्वर्गवासी मां के प्रति गाली गलौज से पूरा देश मर्माहत : पाठक



**रांची।** राष्ट्र धर्म रक्षा मंच के सदस्यों ने गुरुवार को बिहार के दरभंगा जिले में इंडी गंठबंधन के वोट अधिकार रैली के दौरान भरे मंच से देश के प्रधानमंत्री की स्वर्गवासी माता के प्रति गाली गलौज करने के खिलाफ शुक्रवार को भगवान से क्षमा याचना की। मंच के अध्यक्ष अमृतेश पाठक ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि गंदी राजनीति ने देश के प्रधानमंत्री की स्वर्गवासी मां को भी नहीं बख्शा है। राजनीतिक में लगातार गाली गलौज और अपशब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। पता नहीं क्यों, राजनीतिक दल वाले नकारात्मक प्रतियोगिता के चक्कर में नैतिकता और सिद्धांत को ताख पर रख दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गवासी माता के प्रति गाली गलौज से पूरा देश मर्माहत और शर्मिंदा है, जबकि नेताओं की शर्म-हया खत्म हो गई है। पाठक ने कहा कि हम हाईकोर्ट में इस मामले को लेकर केस दर्ज करेंगे।

### विस्थापन के मुद्दे पर न हो आदिवासी व गैर आदिवासी की राजनीति : राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि विस्थापन जैसे मुद्दे पर भी कुछ नेता आदिवासी और गैर आदिवासी को बांटने का काम कर रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रसाद ने शुक्रवार को एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि झारखंड में मूलवासी सदान और आदिवासी दोनों की जमीन गई है। एचईसी धुर्वा में हजारों एकड़ जमीन मूलवासी सदान और आदिवासीयों की गई है। दोनों समुदाय विस्थापित हुए हैं। रिम्स 2 के लिए जो जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है, उसमें मूलवासी सदानों की भी जमीन है। ऐसे में नेताओं द्वारा सिर्फ एक वर्ग की बात नहीं कर सभी झारखंडी विस्थापितों व रैयतों की बात करना चाहिए, जिससे झारखंडियों को विस्थापित होने से बचाया जा सके और दोनों समुदाय के बीच एकता बनी रहे। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान और आदिवासी एकता प्रभावित होने के कारण झारखंड को बहुत नुकसान हो रहा है, यह राजनीतिक दलों के नेताओं को समझना होगा। राजेंद्र प्रसाद ने पीएम की स्वर्गवासी मां को दरभंगा मुजफ्फरपुर राजनीतिक मंच से अभद्र टिप्पणी की घोर निंदा की है। प्रसाद ने कहा कि ऐसी टिप्पणी राजनीति में गिरते स्तर की पराकाष्ठा है।

### जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य बने मनोज



**रांची।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार को दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच रोड, कोलकाता "जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य बनाया है। ये साउथ ईस्टर्न रेलवे के आद्रा मंडल, चक्रधरपुर मंडल, खड़कपुर मंडल, एवं रांची मंडल का कार्यभार देखेंगे। मौके पर मनोज कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक रेल की सुविधा किस तरह पहुंचे उसका हम पूरा ध्यान रखेंगे। रेलवे के अधिकारी कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित कर सुविधाओं का ख्याल रखने की दिशा में भी कार्य करेंगे। उनके मनोनय पर जनता दल (यु) नेताओं ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी। बधाई देने वालों में जेडीयू के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी, जिला अध्यक्ष धनबाद पिंटू सिंह, प्रदेश महा सचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, भगवान सिंह, उपेंद्र नारायण सिंह, संजय कुमार सिंह, आशीष शीतल मुंडा।

## नेता प्रतिपक्ष ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना, कहा

# एसीबी ने रात के अंधेरे में ढोए उत्पाद विभाग के कागजात

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी मंगलवार की रात एक चौंकाने वाली घटना की जानकारी मिली है। मरांडी ने कहा, ज्ञात हुआ है कि उत्पाद विभाग से एसीबी द्वारा भारी मात्रा में कागजात रात के अंधेरे में ले जाए गए। यह किसी भी प्रकार की सामान्य डे-टू-डे प्रक्रिया का हिस्सा नहीं था, बल्कि पूरी तरह से गुप्त और संदिग्ध परिस्थितियों में अंजाम दिया गया। आश्चर्य की बात यह है कि यह पूरी कार्रवाई राज्य में अवैध रूप से पद पर बैठे डीजीपी के सीधे हस्तक्षेप एवं निगरानी में हुई। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने कहा, अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिरकार एक ट्रक भरकर कागजात आधी रात को ही क्यों हटाए गए? क्या एसीबी और उत्पाद विभाग के भीतर किसी बड़े भ्रष्ट खेल की तैयारी चल रही है? क्या यह कार्रवाई कुछ चुनिंदा अधिकारियों और राजनीतिक सरगनाओं को बचाने के लिए की गई है? भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारी जानकारी के अनुसार, यह कदम सीधे-सीधे महत्वपूर्ण साक्ष्यों को मिटाने और आने वाले समय में ईडी अथवा सीबीआई की एंट्री से पहले जमीन तैयार करने का प्रयास प्रतीत होता है। यानी, भ्रष्टाचार और घोटालों के सबूतों को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा- माननीय मुख्यमंत्री जी, यह आपकी संवैधानिक जिम्मेदारी है कि राज्य की जनता के हितों की रक्षा करें और सुनिश्चित करें कि एक भी साक्ष्य नष्ट न हो। जनता यह जानने का हक रखती है कि किसे बचाने के लिए यह खेल खेला जा रहा है और किसके इशारे पर सबूत मिटाए जा रहे हैं। क्या किसी भी विभाग के कागजात बिना फोटो स्टेट करवाए एवं विधिवत विस्तार पूर्वक जब्ती सूची बनवाए बिना रात के अंधेरे में गुपचुप तरीके से उठाकर ले जाने का प्रावधान है? क्या यह आपकी जानकारी और सहमति से हुआ है या नहीं? बाबूलाल मरांडी ने कहा, कल अखबारों से यह भी पता चला कि पहले भी एसीबी वाले कुछ ऐसे फाइल उठाकर ले गए हैं, जिसके चलते अभी शराब दुकानों के अगले आवंटन में मुश्किल हो रही है और इस वजह से राजस्व की हानि संभावित है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, चतरा

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

चतरा जिला अन्तर्गत पिपरवार थाना कांड सं0–16/2020, दिनांक–17.04.2020, धारा–302 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के फिरार अभियुक्त मनोज मुण्डा पे0–अजूर्न मुण्डा सा0–होसिर, टोला–नगडुआ, थाना–पिपरवार, जिला–चतरा के विरूद्ध निर्गत इस्तेहार का तामिला कराने के उपरान्त भी ये माननीय न्यायालय के आदेश का अवहेलना करते हुए फिरार है। यदि इस संबंध में किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी पिपरवार/पुलिस निरीक्षक टण्डवा अंचल/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, टण्डवा/पुलिस अधीक्षक, चतरा के कार्यालय के फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक चतरा–9431706359
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टण्डवा–9771815777
पुलिस निरीक्षक टण्डवा अंचल–8340584346
थाना प्रभारी पिपरवार–7979987689

पुलिस अधीक्षक,
चतरा

PR 360730 Police (25-26)_D

## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी आम जनता को सूचित किया जाता है कि आप अपने शौचालय टंकी का निश्तारण कार्यालय के सेप्टिक टैंकर से अन्यथा कार्यालय द्वारा निबंधित सेप्टिक टैंकर से सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे जिसका दर निम्नवत् सुनिश्चित हैं :–

1. नगर परिषद, गढ़वा अंतर्गत प्रति ट्रिप –3,000/–
2. नगर परिषद, गढ़वा से बाहर प्रति ट्रिप –4,000/–

सूचना के अवहेलना के आलोक में आपके विरुद्ध झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत विधि सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 360706 Urban Development(25-26)#D

## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी आम जनता एवं प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि किसी भी तरह का भवन निर्माण के सामग्रियों का संग्रहण अपने निवास स्थान के आस पास न फैलाये एवं ना ही रखे, साथ ही प्रतिष्ठानों को भी सूचित किया जा रहा है कि संबंधित भवन निर्माण के सामग्रियों का सही ढंग से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। किसी भी तरह का भवन निर्माण के सामग्रियों का निस्तारण हेतु नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय को अनिवार्य रुप से सूचित करें।

भवन निर्माण साग्रियों के निष्तारण की दर निम्नवत् सुनिश्चित हैं :–

1. बड़ा ट्रैक्टर द्वारा प्रति ट्रिप –500/–
2. छोटा ट्रैक्टर द्वारा प्रति ट्रिप –400/–

सूचना के अवहेलना के आलोक में आपके विरुद्ध झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत विधि सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 360699 Urban Development (25-26)_D

## कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

**आम सूचना**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड रांची के पत्रांक 74 (AMD) दिनांक 07.02.2023 के आलोक में गढ़वा जिले के शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत संचालित किये जाने वाले शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर गढ़वा के संचालन हेतु Staff Nurse की सेवा प्राप्त किया जाना है। Staff Nurse के चयन हेतु दिनांक 10.09.2025 को नगर परिषद गढ़वा में अपराह्न 05:00 बजे तक अपना शैक्षणिक योग्यता के साथ आवेदन प्राप्त किया जाना है तथा साक्षात्कार के माध्यम से Staff Nurse का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:–

| क्रमांक | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | Staff Nurse |
| | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से न्यूनतम G.N.M. की डिग्री। |
| | उम्र सीमा | अधिकतम 60 वर्ष |
| | मानदेय | रु0 16564.00/प्रति माह (सोलह हजार पांच सौ चौसठ मात्र) |
| | कुल रिक्तियां | 02 (दो पद), गढ़वा। |
| 02. | चयनित Staff Nurse द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता दे नहीं होगा। | |
| | नोटः– 1. यदि 02 से अधिक अभ्यर्थी चयनित हो तो वैसे स्थिति में कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा। | |

इच्छुक अभ्यर्थी को 15.09.2025 को अपराह्न 12.00 बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छाया प्रति के साथ कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा में उपस्थित होना होगा। साथ ही दिनांक 10.09.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक तक अपना दस्तावेज बायोडाटा eo.gharhwa.np@gmail.com पर ईमेल करेंगे/कार्यालय में जमा करेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 360698 Urban Development(25-26)#D

## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा

**जिला पशुपालन कार्यालय गढ़वा अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में दो द्विवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर की सूची। फेज–1 (माहः–सितंबर 2025)**

**–: आम सूचना :–**

सरकार के सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड, रॉची राज्यादेश सं0 01 रा0 (विभाग) दिनांक 14.05.2025 के द्वारा गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के पंचायतों में पंचायतवार दो द्विवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी, संक्रामक रोगो से बचाव हेतु जानकारी, बीमार पशुओं की चिकित्सा, मलमूत्र एवं रक्त आदि की जॉच की जाएगी। पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि पंचायत स्तर के पशु चिकित्सा शिविरों में अपनी उपस्थिति आवश्यक रूप से दर्ज कराऐं। विशेष पशुचिकित्सा शिविरों का आयोजन प्रातः 09:00 बजे से संध्या 03:00 बजे तक किया जायेगा। पंचायतवार कार्यक्रम विवरणी निम्नवत है।

(नोटः– स्थान एवं दिनांक आवश्कतानुसार परिवर्तनीय है।)

| कमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रखंड :– गढ़वा | | |
| 1 | कल्याणपुर | प्रखंड परिसर, गढवा | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 निरज कान्त, प्र0प0पदा0, गढ़वा |
| 2 | फरहटिया | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | प्रतापपुर | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | पिपरा | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| 5 | महुलिया | पंचायत भवन | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | |
| 6 | चिरौजियां | पंचायत भवन | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | |
| 7 | नवादा | पंचायत भवन | 16/09/2025 एवं 18/09/2025 | |
| 8 | संग्रहे | पंचायत भवन | 19/09/2025 एवं 20/09/2025 | |
| | | प्रखंड :– डंडा | | |
| 1 | डंडा | प्रखंड परिसर, डंडा | 21/09/2025 एवं 23/09/2025 | डॉ0 निरज कान्त, प्र0प0पदा0, गढ़वा |
| 2 | भिखही | पंचायत भवन | 24/09/2025 एवं 25/09/2025 | |
| 3 | छपरदागा | पंचायत भवन | 26/09/2025 एवं 27/09/2025 | |
| | | प्रखंड :–गढ़वा | | |
| 1 | रंका | पंचायत भवन | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 रंजन कुमार झा, पशु शल्य चिकित्सक, गढ़वा |
| 2 | तिलदाग | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | कोरवाडीह | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | बेलचम्पा | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| 5 | छतरपुर | पंचायत भवन | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | |
| 6 | ओबरा | पंचायत भवन | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | |
| 7 | अंचला | पंचायत भवन | 16/09/2025 एवं 18/09/2025 | |
| 8 | बिरबंधा | पंचायत भवन | 19/09/2025 एवं 20/09/2025 | |
| | | प्रखंड :– बड़गड़ | | |
| 1 | बड़गड़ | प्रखंड परिसर, बड़गड़ | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 रंजित कुमार डे, भ्र0प0चि0पदा0, रमकण्डा, गढ़वा |
| 2 | परसवार | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | मदगड़ी (च) | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | टेहड़ी | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| | | प्रखंड :–बरडीहा | | |
| 1 | बरडीहा | प्रखंड परिसर, बरडीहा | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 अमित कुमार अमित, भ्र0प0चि0पदा0, हरिहरपुर, गढ़वा |
| 2 | सलगा | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | ओबरा | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | सुखनदी | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| 5 | जतरो बंजारी | पंचायत भवन | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | |
| 6 | आदर | पंचायत भवन | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | |
| कमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम/पदनाम |
| | | प्रखंड :–कांडी | | |
| 1 | कांडी | प्रखंड परिसर, कांडी | 16/09/2025 एवं 18/09/2025 | डॉ0 अमित कुमार अमित, भ्र0प0चि0पदा0, हरिहरपुर, गढ़वा |
| 2 | पतरीया | पंचायत भवन | 19/09/2025 एवं 20/09/2025 | |
| 3 | खरौन्धा | पंचायत भवन | 21/09/2025 एवं 23/09/2025 | |
| 4 | गाढ़ा | पंचायत भवन | 24/09/2025 एवं 25/09/2025 | |
| 5 | घटौवा | पंचायत भवन | 26/09/2025 एवं 27/09/2025 | |
| | | प्रखंड :– मेराल | | |
| 1 | मेराल (पू0) | प्रखंड परिसर, मेराल | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 कृष्ण कुमार सिंह, भ्र0प0चि0पदा0, मेराल, गढ़वा |
| 2 | मेराल (प0) | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | बिकताम | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | बाना | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| 5 | चामा | पंचायत भवन | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | |
| 6 | संगबरिया | पंचायत भवन | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | |
| 7 | ओखरगाड़ा(प0) | पंचायत भवन | 16/09/2025 एवं 18/09/2025 | |
| 8 | पड़ुआ | पंचायत भवन | 19/09/2025 एवं 20/09/2025 | |
| 9 | तेनार | पंचायत भवन | 21/09/2025 एवं 23/09/2025 | |
| 10 | तिसरटेटुका | पंचायत भवन | 24/09/2025 एवं 25/09/2025 | |
| 11 | करकोमा | पंचायत भवन | 26/09/2025 एवं 27/09/2025 | |
| | | प्रखंड :–नगर उँटारी (श्री बंशीधर नगर) | | |
| 1 | भोजपुर | पंचायत भवन | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 शमशाद अली, भ्र0प0चि0पदा0, नगर उटॉरी, गढ़वा |
| 2 | कुम्बा खुर्द | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | कुशडर | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | गरबाँध | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| 5 | चितविश्राम | पंचायत भवन | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | |
| 6 | नरही | पंचायत भवन | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | |
| 7 | हुलहुला खुर्द | पंचायत भवन | 16/09/2025 एवं 18/09/2025 | |
| 8 | पिपरडिह | पंचायत भवन | 19/09/2025 एवं 20/09/2025 | |
| | | प्रखंड :– धुरकी | | |
| 1 | धुरकी | प्रखंड परिसर, धुरकी | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 रोहित कुमार, प्र0प0पदा0, धुरकी, गढ़वा |
| 2 | अम्बा खोरिया | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | खाला | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | टाटीदिरी | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| 5 | हुलहुला खुर्द | पंचायत भवन | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | |
| | | प्रखंड :– सगमा | | |
| 1 | सगमा | प्रखंड परिसर, सगमा | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | डॉ0 रोहित कुमार, प्र0प0पदा0, धुरकी, गढ़वा |
| 2 | बिरबल | पंचायत भवन | 16/09/2025 एवं 18/09/2025 | |
| 3 | सोनडीहा | पंचायत भवन | 19/09/2025 एवं 20/09/2025 | |
| | | प्रखंड :– मझिआँव | | |
| 1 | सोनपुरवा | प्रखंड परिसर, मझिआँव | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 दिनेश कुमार यादव भ्र0प0चि0पदा0, मझिआँव, गढ़वा |
| 2 | रामपुर | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | टढ़हे | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | पुरहे | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| 5 | बोदरा | पंचायत भवन | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | |
| | | प्रखंड :– विशुनपुरा | | |
| 1 | विशुनपुरा | प्रखंड परिसर, विशुनपुरा | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | डॉ0 दिनेश कुमार यादव भ्र0प0चि0पदा0, मझिआँव, गढ़वा |
| 2 | अमहर खास | पंचायत भवन | 16/09/2025 एवं 18/09/2025 | |
| 3 | सरांग | पंचायत भवन | 19/09/2025 एवं 20/09/2025 | |
| कमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम/पदनाम |
| | | प्रखंड :– भवनाथपुर | | |
| 1 | भवनाथपुर | प्रखंड परिसर, भवनाथपुर | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 सत्येन्द्र नारायण भ्र0प0चि0पदा0, भवनाथपुर, गढ़वा |
| 2 | मकरी | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | चपरी | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | पंडरिया | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| | | प्रखंड :– खरौंधी | | |
| 1 | खरौंधी | प्रखंड परिसर, खरौंधी | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | डॉ0 सत्येन्द्र नारायण भ्र0प0चि0पदा0, भवनाथपुर, गढ़वा |
| 2 | मझीगाँवा | पंचायत भवन | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | |
| 3 | करीवाडीह | पंचायत भवन | 16/09/2025 एवं 18/09/2025 | |
| 4 | राजी | पंचायत भवन | 19/09/2025 एवं 20/09/2025 | |
| | | प्रखंड :–केतार | | |
| 1 | केतार | प्रखंड परिसर, केतार | 21/09/2025 एवं 23/09/2025 | डॉ0 सत्येन्द्र नारायण भ्र0प0चि0पदा0, भवनाथपुर, गढ़वा |
| 2 | पाचाडुमर | पंचायत भवन | 24/09/2025 एवं 25/09/2025 | |
| 3 | परती कुसवानी | पंचायत भवन | 26/09/2025 एवं 27/09/2025 | |
| | | प्रखंड :– रमना | | |
| 1 | रमना | प्रखंड परिसर, रमना | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 चन्दन कुमार चौधरी भ्र0प0चि0पदा0, रमना, गढ़वा |
| 2 | भागोडीह | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | कर्णपुरा | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | बुल्का | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| 5 | टंडवा | पंचायत भवन | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | |
| | | प्रखंड :– डंडई | | |
| 1 | डंडई | प्रखंड परिसर, डंडई | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | डॉ0 चन्दन कुमार चौधरी भ्र0प0चि0पदा0, रमना, गढ़वा |
| 2 | लवाही | पंचायत भवन | 16/09/2025 एवं 18/09/2025 | |
| 3 | रारो | पंचायत भवन | 19/09/2025 एवं 20/09/2025 | |
| 4 | पचौर | पंचायत भवन | 21/09/2025 एवं 23/09/2025 | |
| 5 | जरही | पंचायत भवन | 24/09/2025 एवं 25/09/2025 | |
| | | प्रखंड :–चिनियॉं | | |
| 1 | चिनियॉं | प्रखंड परिसर, चिनियॉं | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 रंजित कुमार डे, भ्र0प0चि0पदा0, रमकण्डा, गढ़वा |
| 2 | डोल | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | बरवाडीह | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | हेताड़ कला | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| 5 | खर्री | पंचायत भवन | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | |
| 6 | बिलैतीखैर | पंचायत भवन | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | |
| 7 | बेता | पंचायत भवन | 16/09/2025 एवं 18/09/2025 | |
| | | प्रखंड :–रमकण्डा | | |
| 1 | रमकण्डा | प्रखंड परिसर, रमकण्डा | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 रंजित कुमार डे, भ्र0प0चि0पदा0, रमकण्डा, गढ़वा |
| 2 | विराजपुर | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | बलिगढ़ | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | हरहे | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| 5 | उदयपुर | पंचायत भवन | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | |
| 6 | रक्सी | पंचायत भवन | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | |
| 7 | चेटे | पंचायत भवन | 16/09/2025 एवं 18/09/2025 | |
| | | प्रखंड :– भण्डरिया | | |
| 1 | भण्डरिया | प्रखंड परिसर, भण्डरिया | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 रंजित कुमार डे, भ्र0प0चि0पदा0, रमकण्डा, गढ़वा |
| 2 | करचाली | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | जनेवा | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | मदगड़ी | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| 5 | फकीराडीह | पंचायत भवन | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | |
| 6 | बिजका | पंचायत भवन | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | |
| कमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम/पदनाम |
| | | प्रखंड :– रंका | | |
| 1 | रंका कला | प्रखंड परिसर, रंका | 01/09/2025 एवं 02/09/2025 | डॉ0 रंजित कुमार डे, भ्र0प0चि0पदा0, रमकण्डा, गढ़वा |
| 2 | दुधवल | पंचायत भवन | 06/09/2025 एवं 07/09/2025 | |
| 3 | चुतरू | पंचायत भवन | 08/09/2025 एवं 09/09/2025 | |
| 4 | चुटिया | पंचायत भवन | 10/09/2025 एवं 11/09/2025 | |
| 5 | विश्रामपुर | पंचायत भवन | 12/09/2025 एवं 13/09/2025 | |
| 6 | सोनदाग | पंचायत भवन | 14/09/2025 एवं 15/09/2025 | |
| 7 | कटरा | पंचायत भवन | 16/09/2025 एवं 18/09/2025 | |
| 8 | कंचनपुर | पंचायत भवन | 19/09/2025 एवं 20/09/2025 | |
| 9 | खरडीहा | पंचायत भवन | 21/09/2025 एवं 23/09/2025 | |
| 10 | खपरो | पंचायत भवन | 24/09/2025 एवं 25/09/2025 | |
| 11 | मानपुर | पंचायत भवन | 26/09/2025 एवं 27/09/2025 | |

नोट :– 1. शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक होगा।
2. संबंधित मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधि को सूचित करते हुए उनसे अनुरोध करेगें की कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेगें।
3. शिविर में पशु औषधि का वितरण आवश्यकता एवं उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा तथा अनउपलब्ध औषधि के बारे में परामर्श दिया जाएगा।
4. शिविर में उपलब्धता के अनुसार टीकाकरण कार्य किया जायेगा।
5. पशुपालकों को केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का पशुपालन विभाग द्वारा दिया जायेगा।
6. रक्त, गोबर, मूत्र आदि का नमूना एकत्र कर पशु स्वास्थ्य उत्पादन संस्थान, रॉची को भेजने हेतु कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
7. शिविर का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उत्तरदायी पशु चिकित्सक प्रतिदिन फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध करायेगें।
8. विभागीय राज्यादेश सं0 01 रा0 (विभाग) दिनांक 14.05.2025 का नियमानुसार पालन किया जाय।
9. संबंधित MVU Camp में आवश्यकता अनुसार कार्य करेगें।
10. संबंधित प्रखण्ड एवं पशु चिकित्सालय कर्मी शिविर में उपस्थित होकर अपना आवश्यक सहयोग करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.360717 Animal Husbandry(25-26):D

# पीएम मोदी ने मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर किया नमन, 'राष्ट्रीय खेल दिवस' की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। मेजर ध्यानचंद की उत्कृष्टता को याद करते हुए, पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, "राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं। इस विशेष अवसर पर, हम मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी उत्कृष्टता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। पिछले दशक में, भारत के खेल परिदृश्य में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। युवा प्रतिभाओं को पोषित करने वाले जमीनी स्तर के कार्यक्रमों से लेकर विश्व स्तरीय सुविधाओं के निर्माण तक, हम अपने देश में एक जीवंत खेल पारिस्थितिकी तंत्र देख रहे हैं। हमारी सरकार एथलीटों का समर्थन करने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और भारत को खेल उत्कृष्टता का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मेजर ध्यानचंद के अटूट लगन को याद करते हुए लिखा, "हॉकी में भारत की प्रतिभा का पूरी दुनिया में परचम लहराने वाले हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को उनकी जयंती पर नमन और सभी को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं। गुलामी के दौर में सीमित संसाधनों के बीच मेजर ध्यानचंद जी ने जिस अटूट लगन और मेहनत से हॉकी की दुनिया में अपना लोहा मनवाया, वह अद्वितीय है।



# असम में आयोजित सब-जूनियर नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड की जीत

**नवीन मेल संवाददात**

**रांची ।** असम में चल रहे सब-जूनियर नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में निर्णायक गोल झारखंड के लिए स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब, कांके की खिलाड़ी नैंसी मुंडा ने किया। टीम में क्लब की एक और खिलाड़ी राखी कुमारी भी शामिल हैं। दोनों खिलाड़ी बहुत ही गरीब परिवार से आती हैं और उलातू पंचायत के चरदी गांव की रहने वाली हैं। कड़ी मेहनत और लगन से उन्होंने सब-जूनियर नेशनल टीम में अपनी जगह बनाई है। दोनों वर्तमान में रेनफोर्स कॉन्वेंट स्कूल, होचर में कक्षा 8 में पढ़ाई कर रही हैं।



टीम की सफलता पर स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब के संस्थापक एवं कोच अनवरुल हक (बबलू), समाजसेवी जगदीश सिंह, ब्रजेश गुप्ता,डॉक्टर शाहनवाज कुरैशी, रामेंद्र कुमार, नितेश राणा, कराटे टीचर शकील अंसारी, समेंदर लाल, और सदमा पंचायत समिति सदस्य रेशमी तिर्की ने खुशी व्यक्त की और खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।




**डायमंड लीग फाइनल** | नीरज चोपड़ा को जूलियन वेबर ने पछाड़ा

# 91.51 मीटर थ्रो के साथ जीता खिताब

**2022 में ज्यूरिख में 88.44 मीटर का थ्रो फेंककर नीरज ने खिताब जीता था**

**ज्यूरिख (आईएएनएस)**

ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल करने से चूक गए। नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर 91.51 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे। नीरज चोपड़ा से डायमंड लीग फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद थी।

लेकिन, अपने आखिरी प्रयास में 85.01 मीटर भाला फेंककर वह दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा के छह में से शुरुआती पांच प्रयासों में दो थ्रो वैध रहे जबकि तीन फाउल रहे। अपने आखिरी प्रयास में उन्होंने 85.01 भाला फेंक केशोर्न वॉलकॉट को पछाड़ दूसरा स्थान हासिल किया। वॉलकॉट तीसरे स्थान पर रहे। पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 82.06 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। चोपड़ा का यह प्रदर्शन उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 90.23 मीटर से कम है। विजेता जूलियन वेबर ने पहले ही प्रयास में 91.37 मीटर का थ्रो फेंका। इसके बाद 91.51 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने अपना स्थान पक्का कर लिया।

ये वेबर का नया रिकॉर्ड है। चोपड़ा ने जून में पेरिस में 88.16 मीटर के प्रयास के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करके डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। 2022 में ज्यूरिख में 88.44 मीटर का थ्रो फेंककर नीरज ने खिताब जीता था, जबकि 2023 और 2024 में भी वे फाइनल में पहुंचे लेकिन खिताब हासिल करने से चूक गए थे। डायमंड लीग 2024 में खिताब जीतने से सिर्फ 1 सेंटीमीटर से पीछे रह गए थे। उन्हें ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से मात मिली थी, जिन्होंने 87.87 मीटर का थ्रो किया था। जैवलिन के विश्व चैंपियन रह चुके नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीता था। जैवलिन में देश के लिए पदक जीतने वाले वह पहले एथलीट रहे थे। पेरिस ओलंपिक में भी उनसे स्वर्ण की उम्मीद थी। लेकिन, वह चूक गए थे। इसके बाद डायमंड लीग में उनसे शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद जताई जा रही थी। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना कोच बदलने वाले नीरज के खेल में तकनीकी कमी नजर आई और वह ज्यूरिख में भी शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सके।



**लियोनेल मेसी ने दिया संकेत**

# अगले विश्व कप के बाद ले सकते हैं संन्यास

**ब्यूनस आयर्स (आईएएनएस)**

दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का संकेत दिया है। मेसी अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के बाद फुटबॉल को अलविदा कह सकते हैं। 38 साल के मेसी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "वेनेजुएला के खिलाफ मैच मेरे लिए बेहद खास है। यह मेरा आखिरी क्वालीफाइंग मैच है। अर्जेंटीना 4 सितंबर को ब्यूनस आयर्स के मोनुमेंटल स्टेडियम में वेनेजुएला की मेजबानी करेगा और फिर 9 सितंबर को इक्वाडोर के खिलाफ क्वालीफाइंग मैच पूरा करेगा। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मेसी ने कहा कि उनका परिवार वेनेजुएला के खिलाफ मैच देखने के लिए मौजूद रहेगा। उन्होंने माना कि यह घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का उनका आखिरी मौका हो सकता है।

# फिटनेस और खेल से युवाओं में अनुशासन व आत्मविश्वास बढ़ा

**'हर गली, हर मैदान-खेले सारा हिन्दुस्तान' में विविध खेल एवं फिटनेस कार्यक्रम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर झारखंड जिम्नास्टिक संघ के तत्वावधान में पूरे राज्यभर में खेल और फिटनेस से जुड़े विविध कार्यक्रमों का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा फिट इंडिया मिशन के आह्वान पर, भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ (GFI) के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। इस वर्ष का विशेष अभियान था – "हर गली, हर मैदान – खेले सारा हिन्दुस्तान"। राज्यभर में आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।




फिटनेस ड्रिल, जिम्नास्टिक प्रदर्शन और जागरूकता अभियानों के माध्यम से युवाओं को खेल के जरिए अनुशासन, स्वास्थ्य और टीम भावना अपनाने का संदेश दिया गया। संघ की उपाध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि मेजर ध्यानचंद जी के जीवन से यह प्रेरणा मिलती है कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान का जीवन मूल्य है। हर खिलाड़ी को इन आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। झारखंड जिम्नास्टिक संघ के प्रशासनिक सचिव डॉ. दीपक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम केवल खेल तक सीमित नहीं रहते, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का संचार करते हैं। ये आयोजन प्रतियोगिता और फिटनेस दोनों को बढ़ावा देते हैं तथा समाज को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के खिलाड़ी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और आने वाले समय में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत करेंगे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला ओलम्पिक संघ का तीन दिवसीय खेल कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रथम दिन दून पब्लिक स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता**

**रांची ।** युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार पुरे देश में राष्ट्रीय खेल दिवस को जनभागीदारी के साथ उल्लाश पूर्वक मनाने का आह्वान किया गया है. इसी क्रम में झारखण्ड ओलम्पिक संघ के तत्वाधान में धनबाद जिला ओलम्पिक संघ तीन दिवसीय खेल कार्यक्रम का प्रारम्भ आज दून पब्लिक स्कूल में आयोजित बालिकाओं की एक दिवसीय कबड्ड़ी प्रतियोगिता के साथ हो गया. हॉकी के जादूगर के रूप में प्रसिद्द मेजर ध्यान चंद की जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले इस राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता से पूर्व उपस्थित खिलाडियों तथा स्कूल के छात्रों के समक्ष जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी ने उनकी संछिप्त जीवनी पर प्रकाश डाला. कबड्डी स्पर्धा के दौरान रोमांचक मुकाबले में दून योद्धा और झारखंड ग्रीन की टीमें आमने-सामने हुईं। खिलाड़ियों के दमखम और फुर्ती ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। तालियों और नारों से गूंजते माहौल में अंततः दून योद्धा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17-12 से झारखंड ग्रीन को पराजित कर विजय प्राप्त की। मौके पर दून पब्लिक स्कूल के उप निदेशक सुनील कुमार, जिला ओलम्पिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष रेज़ा इस्तियाक़, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, स्कूल के उप प्राचार्य प्रिय रंजन कुमार, एडमिनिस्ट्रेटर दिव्यांश सिंह, कोऑर्डिनेटर जया चक्रवर्ती आदि उपस्थित थी. स्पर्धा का तकनिकी सञ्चालन मृदुल बोस द्वारा किया गया जबकि स्कोरर की भूमिका में देबाशीष डे तथा अतनु सरकार थे। समापन में विजेता तथा उप विजेता टीम को उपस्थित अतिथियों द्वारा मैडल तथा ट्रॉफी प्रदान किया गया. इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन कल क्रेडो वर्ल्ड स्कूल में आयोजित होगा।





## व्यापार/लाइफ व साइंस

# अमेरिकी दबावों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अमेरिकी टैरिफ के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून अवधि) में 7.8 प्रतिशत रही है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 6.5 प्रतिशत थी। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के तहत आने वाले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से शुक्रवार को दी गई। एनएसओ के द्वारा जारी किए गए डेटा के मुताबिक, अप्रैल-जून अवधि में देश की रियल जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रुपए रही है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 44.42 लाख करोड़ रुपए थी। समीक्षा अवधि में नॉमिनल जीडीपी करंट प्राइस में 86.05 लाख करोड़ रुपए रही है, जो कि वित्त वर्ष 25 की समान अवधि के आंकड़े




79.08 लाख करोड़ रुपए से 8.8 प्रतिशत ज्यादा है। सरकार ने बताया कि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में सर्विसेज सेक्टर की मजबूत वृद्धि दर से रियल ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) ग्रोथ 7.6 प्रतिशत पर रही है। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में कृषि और उससे जुड़े हुए क्षेत्रों की रियल जीवीए ग्रोथ 3.7 प्रतिशत रही है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1.5 प्रतिशत थी। द्वितीय क्षेत्र की विकास दर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 7.5 प्रतिशत रही है। इसमें मैन्युफैक्चरिंग की विकास दर 7.7 प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन की विकास दर 7.6 प्रतिशत रही है। तृतीय क्षेत्र, जिसमें सर्विसेज को शामिल किया जाता है, की विकास दर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 9.3 प्रतिशत रही है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में सरकारी अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई) वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में नॉमिनल टर्म में 9.7 प्रतिशत बढ़ा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 4 प्रतिशत था।

# सेंसेक्स 270 अंक गिरा निवेशकों को झटका

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार के ज्यादातर सूचकांक लाल निशान में थे। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 270.92 अंक या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,809.65 और निफ्टी 74.05 अंक या 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,426.85 पर था। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 320.10 अंक या 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,727.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 67.35 अंक या 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,227.00 पर था। बाजार के ज्यादातर इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, आईटी, रियल्टी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स में सबसे अधिक गिरावट थी। दूसरी तरफ एफएमसीजी, मीडिया, डिफेंस और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए।



# 2025 में भारत का निर्यात पिछले साल से अधिक रहेगा : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि इस वर्ष भारत का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रहेगा, जो घरेलू उद्योग की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता और मजबूती को दर्शाता है। साथ ही सरकार नए अवसरों को खोलने के लिए दुनिया भर के साझेदार देशों से संपर्क कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी में 'भारत बिल्डकॉन 2026' कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) होने से भारत का नेटवर्क बढ़ रहा है। भारत ने अभी तक ऑस्ट्रेलिया, यूएई, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, लिकटेंस्टीन, आइसलैंड और यूके के साथ एफटीए किया है और यूरोपीय यूनियन (ईयू) के साथ इस पर चर्चा चल रही है। इन एग्रीमेंट्स से भारतीय कंपनियों के लिए निर्माण, स्टील और उससे जुड़े सेक्टर में मौके खुल रहे हैं। गोयल ने आगे कहा कि कई विकसित देश भारत के साथ व्यापार संबंधों का विस्तार करने के इच्छुक हैं।

केंद्रीय मंत्री का बयान ऐसे समय पर आया है, जब रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिए हैं। गोयल ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उद्योग जगत को कुछ देशों की एकतरफा कार्रवाइयों से उत्पन्न अनावश्यक तनाव या कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।



# भारत और अफ्रिका एक-दूसरे की क्षमताओं पर करें विश्वास : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा को कृषि-प्रधान राज्य बताते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना ही नहीं, बल्कि कृषि को लोगों के लिए एक स्थायी और लाभदायक व्यवसाय बनाना है। नई दिल्ली में 20वें सीआईआई इंडिया-अफ्रीका बिजनेस कॉन्क्लेव में 'खेत से भविष्य तकः भारत का अनुभव साझा करना - हरियाणा की कहानी' विषय पर आयोजित एक सत्र में सैनी ने कहा कि राज्य सरकार खेती से लेकर बाजार में उपज बेचने तक, हर कदम पर किसानों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# अहमदाबाद : अदाणी स्किल्स एंड एजुकेशन ने लॉन्च किया वर्क-स्टडी डिप्लोमा प्रोग्राम

**अहमदाबाद (आईएएनएस)।** अदाणी ग्रुप की कौशल विकास इकाई अदाणी स्किल्स एंड एजुकेशन ने शुक्रवार को वर्क-स्टडी डिप्लोमा प्रोग्राम "कर्म शिक्षा" शुरू किया। इस प्रोग्राम को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) के तहत चलाया जाएगा। कर्म शिक्षा को कक्षा 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण छात्रों (सभी स्ट्रीम) के साथ-साथ पूरे भारत के आईटीआई स्नातकों को उद्योग-एकीकृत और नौकरी के लिए तैयार शिक्षा प्रदान करके सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।



# राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस 2025: अर्थव्यवस्था में 'एमएसएमई' का अहम योगदान है देश में

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** आर्थिक सशक्तीकरण में लघु उद्योगों के योगदान को ध्यान में रखते हुए देश में हर वर्ष 30 अगस्त को राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस मनाया जाता है। यह एक वार्षिक अवसर है, जिसे 30 अगस्त, 2001 से मनाया जा रहा है। भारत की पहचान एक कृषि प्रधान देश के रूप में होती है और देश की अर्थव्यवस्था में लघु स्तरीय उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस 2025 का मुख्य उद्देश्य लघु उद्योगों को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना, आर्थिक-कौशल विकास और इनोवेशन को बढ़ावा देना है।